अजमेर, जोधपुर एवं जयपुर से प्रकाशित राज्य स्तरीय दैनिक

हुक्मनामा समाचार

अजमेर, रविवार, 16 फरवरी, 2025 :: मूल्य 2 रु. :: पृष्ठ संख्या 8 :: आर.एन.आई.नं. RAJHIN/2004/14674 :: वर्ष 21 :: अंक 86

www.hukmnamasamachar.com

संक्षिप्त खबरें

पूर्व सीएम केजरीवाल के बंगले में रेनोवेशन की जांच होगी, केंद्र ने आदेश दिया

नई दिल्ली। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के 6 फ्लैग स्टाफ रोड स्थित बंगले में रेनोवेशन की जांच होगी। सेंट्रल विजिलेंस कमीशन ने 13 फरवरी को जांच के आदेश जारी किए हैं। आदेश सेंट्रल पब्लिक वर्क्स डिपार्टमेंट की रिपोर्ट सामने आने के बाद दिया। रिपोर्ट में कहा गया कि 40 हजार वर्ग गज (8 एकड़) में बने बंगले के निर्माण में कई नियमों को तोड़ा गया। दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा ने आरोप लगाया था कि बंगले के रेनोवेशन में 45 करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च किए गए हैं। भाजपा ने बंगले को केजरीवाल का शीशमहल नाम दिया है। केजरीवाल यहां 2015 से 2024 तक रहे। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने उप-राज्यपाल वीके सक्सेना से शिकायत की थी कि केजरीवाल का बंगला 4 सरकारी संपत्तियों को गलत तरीके से मिलाकर बनाया गया है। इस प्रोसेस को रद्द कर दिया जाना चाहिए। भाजपा का मुख्यमंत्री शपथ के बाद इस बंगले में नहीं रहेगा।

केंद्र और किसानों की मीटिंग बेनतीजा

चंडीगढ़। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) और केएमएम के 28 किसान नेताओं की केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी के साथ शुक्रवार को चंडीगढ़ में एमएसपी समेत 11 मुद्दों पर बैठक हुई। शाम 5:11 बजे से रात 8:30 बजे तक चली बैठक बेनतीजा रही। किसानों ने चेताया कि केंद्र एमएसपी गारंटी की मांग को हल्के में न ले। अब 22 फरवरी को अगली बैठक केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ होगी। किसान हरियाणा-पंजाब के शंभू और खनौरी बॉर्डर पर 13 फरवरी 2024 से फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी के कानून समेत अन्य मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं।

महाराष्ट्र लव जिहाद के खिलाफ कानून लाने की तैयारी में

मुंबई। महाराष्ट्र की भाजपा सरकार ने लव जिहाद और जबरन धर्मांतरण जैसे मामलों के खिलाफ कानून बनाने के लिए 7 सदस्यीय कमेटी बनाई है। कमेटी महाराष्ट्र के डीजीपी संजय वर्मा की अध्यक्षता में बनाई गई है। पैनल में महिला एवं बाल कल्याण, अल्पसंख्यक मामले, कानून एवं न्यायपालिका, सामाजिक न्याय, विशेष सहायता और गृह जैसे प्रमुख विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल किए गए हैं। कमेटी जबरन धर्मांतरण और लव जिहाद की मामले में शिकायतों को कैसे निपटाया जाए, यह सुझाव देगी। इसके अलावा यह दूसरे राज्यों में लागू कानूनों की स्टडी करेगी और इस आधार पर कानूनी सलाह देगी।महाराष्ट्र की रहने वाली श्रद्धा वाकर की उसके बॉयफ्रेंड आफताब पूनावाला ने 2022 में दिल्ली में हत्या कर शव के टुकड़े कर दिए थे। भाजपा ने इस मामले के बाद राज्य में लव जिहाद का मुद्दा उठाया था। सुप्रिया सुले बोलीं- शादी या प्रेम निजी इच्छा महाराष्ट्र में विपक्षी पार्टी एनसीपी शरद पवार की लीडर सुप्रिया सुले ने कहा- शादी या प्रेम निजी इच्छा है। मैं सरकार से निवेदन करती हूं कि यह असल मुद्दों पर ध्यान दें। मोदी जी अभी अमेरिका से वापस लौटे हैं।

राहुल गांधी ने कांग्रेस को आगे बढ़ाने के लिए बनाई नई रणनीति

नई दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कांग्रेस पार्टी को निराशा से उबारने की नई रणनीति बनाई है और उसे आगे बढ़ाने के लिए अपने करीबियों को पार्टी में महत्वपूर्ण पद दिलवाये हैं। कांग्रेस की ओर से संगठन में जो फेरबदल किया गया है वह साफ दर्शा रहा है कि भले पार्टी अध्यक्ष पद पर मल्लिकार्जुन खरगे हों लेकिन चलती सिर्फ राहुल गांधी की ही है। हम आपको बता दें कि कांग्रेस ने एक के बाद एक कई विधानसभा चुनावों में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद अपने राष्ट्रीय संगठन में बड़ा बदलाव करते हुए दो नए महासचिव और नौ प्रदेश प्रभारी नियुक्त किए हैं।

दैनिक हुक्मनामा समाचार से जुड़ने के लिए संपर्क करे-
मो. 9828011251, 8824399949

Scan to Subscribe

पटेला री पोल

फिर अपमानित हो अप्रवासी आए, रोजाना का अब यह खेल
अब ट्रंप की हद्दार्मिता है, पर नहीं हो सकी इससे दोस्ती फेल
अपमान हो रहा है जनता का, तो जनता जवाब देगी अब कब
घमंड तोड़ दो घमंडी का, जीवन में ऐसा मौका आएगा कब

..मुखिया जी

महाकुंभ में फिर लगी भीषण आग

प्रयागराज। प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेले के सेक्टर 18 और 19 के बीच शनिवार शाम 6 बजे श्रीराम चरित मानस सेवा प्रवचन मंडल के शिविर के पंडालों में आग लग गई।

पंडाल जले

सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया गया। फिलहाल इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। आग लगने की वजह का भी अभी तक पता नहीं चल सका है। मेले में जबरदस्त भीड़ की वजह से दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचने में देरी हुई।

महाकुंभ में चौथी बार लगी आग... 19 जनवरी: सेक्टर 19 में गीता प्रेस के कैंप में आग लगी थी, हादसे में 180 कॉटेज जल गए। 30 जनवरी : सेक्टर 22 में आग लगी थी, जिसमें 15 टेंट जले थे। 7 फरवरी: सेक्टर-18 में आग लगी थी। हादसा शंकराचार्य मार्ग पर हुआ था, जिसमें 22 पंडाल जल गए। 15 फरवरी: सेक्टर 18-19 में आग लगी। इसे बुझा लिया गया है।

नोटों के बैग भी जले चश्मदीद ने बताया कि श्रीराम चरित मानस सेवा प्रवचन मंडल के शिविर में भी आग लगी। यहां से सभी लोग जा चुके थे।

कुर्सी, टेंट, खाने का सामान जल गया। शिविर में नोटों के 3 बैग रखे थे, बताया जा रहा है कि एक बैग सुरक्षित रख लिया गया है। दो बैग के जलने की आशंका है।

महाकुंभ में जाने के लिए अब जारी हुए नए दिशा निर्देश

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश में प्रयागराज के महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है। महाकुंभ में स्टार्स, नेताओं, गणमान्य व्यक्तियों के अलावा आम जनता भी भारी संख्या में संगम में डुबकी लगाने पहुंच रही है। महाकुंभ में जाने वाले भक्तों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है।

महाकुंभ में लगातार भक्तों की संख्या बढ़ती जा रही है। महाकुंभ में भक्तों की बढ़ती संख्या को देखते हुए अब संबंधित विभाग ने नए यातायात और स्नान दिशानिर्देश जारी किए है। नए निर्देशों के मुताबिक भक्त या परेड मेला क्षेत्र से संगम की ओर एक डुबकी लेने के लिए आने वाले लोग संगम और परेड क्षेत्र की ओर निर्मित अन्य घाटों पर स्नान करने में सक्षम होंगे। झुनसी मेले क्षेत्र से एक डुबकी लेने वाले भक्त या लोग झुनसी की ओर निर्मित स्नान घाट पर एक डुबकी लगा सकेंगे। आरली की ओर से आने वाले भक्तों के लिए भी यही बात लागू होती है -भक्त स्नान घाट पर एक डुबकी लगा सकेंगे।

पूरे महाकुम्ब क्षेत्र में एक नो वाहन क्षेत्र भी लागू किया गया था। जारी किए गए रिलीज के अनुसार, भक्तों के लिए मेला पुलिस द्वारा जारी किए गए वाहन केवल महा कुंभ मेला क्षेत्र में आने में सक्षम होंगे।

दिल्ली में आप के 3 पार्षद भाजपा में शामिल हुए

एमसीडी में अब दोनों पार्टियों के 115-115 मेंबर

नई दिल्ली। विधानसभा चुनाव में जीत के बाद अब दिल्ली म्यूनिसिपल कॉर्पोरेशन में भी भाजपा की सरकार बन सकती है। आम आदमी पार्टी के 3 पार्षद शनिवार को भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा में शामिल होने वालों में एंड्रयूज गंज से पार्षद अनीता बसोया, आरके पुरम से पार्षद धर्मवीर और चपराना से पार्षद निखिल शामिल हैं।

भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने उन्हें पार्टी में शामिल करवाया। इनके अलावा आप के 4 नेताओं ने भी भाजपा जॉइन की। संदीप बसोया अपने समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हुए। वे आप से नई दिल्ली के जिला अध्यक्ष रह चुके हैं। दिल्ली नगर निगम में कुल 250 पार्षद की सीटें हैं। इनमें आप के 121 पार्षदों में से 3 ने विधानसभा चुनाव जीता, यानी 118 पार्षद बचे। भाजपा के 120 पार्षदों में से 8 विधानसभा चुनाव जीते, यानी 112 बचे। अब 3 पार्षद के दलबदल के बाद आप का आंकड़ा 115 और भाजपा का आंकड़ा 115 यानी बराबर हो गया है।

अप्रैल में एमसीडी के चुनाव होंगे दिल्ली म्यूनिसिपल कॉर्पोरेशन के मेयर का चुनाव इसी साल अप्रैल में होने वाला है। मेयर का पिछला चुनाव नवंबर 2024 में हुआ था, लेकिन कार्यकाल केवल 5 महीने का है क्योंकि एमसीडी में हर साल अप्रैल में ही मेयर का चुनाव होता है। तब आप के महेश खिंची ने भाजपा के किशन लाल को 3 वोट से हराया था। तब 263 वोट डाले गए थे। खिंची को 133, लाल को 130 वोट मिले थे। 2 वोट अवैध हो गए थे।

न्यू इनकम टैक्स बिल, 31 सदस्यीय कमेटी गठित

भाजपा सांसद बैजयंत पांडा अध्यक्ष, महुआ मोइत्रा भी शामिल

नई दिल्ली। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने शुक्रवार को नए इनकम टैक्स बिल के लिए 31 सदस्यीय सिलेक्ट कमेटी गठित कर दी। भाजपा सांसद और ओडिशा के केंद्रपाड़ा से सांसद बैजयंत पांडा को चेयरमैन बनाया गया है। कमेटी को अगले सत्र के पहले दिन रिपोर्ट सौंपनी है। मौजूदा बजट सत्र 4 अप्रैल को समाप्त होगा। मानसून सत्र जुलाई के तीसरे या चौथे हफ्ते में शुरू हो सकता है। कमेटी के सदस्यों में निशिकांत दुबे, जगदीश शेट्टार, पीपी चौधरी, सुधीर गुप्ता, नवीन जिंदल, अनिल बलूनी, दीपेंद्र हुड्डा, महुआ मोइत्रा, सुप्रिया सुले आदि शामिल हैं।

नए इनकम टैक्स बिल ये समिति अपनी सिफारिशें देगी, फिर सरकार कैबिनेट के माध्यम से इस पर निर्णय लेगी कि क्या इन संशोधनों को शामिल करने की जरूरत है। इसके बाद विधेयक संसद में वापस आएगा और फिर सरकार इसके रोलआउट की तारीख पर फैसला करेगी।

सरकार पिछले कई सालों से इनकम टैक्स कानून को आसान बनाने की कोशिश कर रही थी। इसके लिए 2018 में एक टास्क फोर्स बनाई गई थी, जिसने 2019 में अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 13 फरवरी को लोकसभा में नया आयकर इनकम टैक्स बिल पेश किया था। 622 पन्नों वाला बिल 6 दशक पुराने इनकम टैक्स एक्ट 1961 को रिप्लेस करेगा। प्रस्तावित कानून को आयकर अधिनियम 2025 कहा जाएगा और अप्रैल 2026 में प्रभावी होने की उम्मीद है। मौजूदा इनकम टैक्स एक्ट 1961 में पारित किया गया था। जो 1 अप्रैल 1962 से प्रभावी था। इसमें वित्त अधिनियम के तहत 65 बार में 4 हजार से ज्यादा संशोधन हुए। न्यू टैक्स रिजीम में 12 लाख रुपए तक की कमाई पर टैक्स नहीं इससे पहले बजट में इनकम टैक्स को लेकर बड़ी राहत दी गई थी। न्यू टैक्स रिजीम के तहत अब 12 लाख रुपए तक की कमाई पर कोई टैक्स नहीं देना होगा। नौकरीपेशा लोगों के लिए 75 हजार के स्टैंडर्ड डिडक्शन के साथ यह छूट 12.75 लाख रुपए हो जाएगी।

गृह मंत्री अमित शाह कल जयपुर आएंगे

राजभाषा सम्मेलन में शामिल होंगे

जयपुर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोमवार 17 फरवरी को जयपुर दौरे पर आएंगे। अमित शाह 17 को सुबह 10 बजे जेईसीसी में केंद्रीय गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग के सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। सम्मलेन को संबोधित करने के बाद शाह वापस दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे। इस सम्मेलन में राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी शामिल होंगे। अमित शाह का अभी सम्मेलन के अलावा पार्टी का कोई बैठक या दूसरा कार्यक्रम नहीं है। एयरपोर्ट पर सीएम और बीजेपी के चुनिंदा वरिष्ठ नेता शाह का स्वागत करने जाएंगे। बताया जाता है कि अमित शाह सीएम भजनलाल शर्मा से सरकार और संगठन को लेकर फीडबैक ले सकते हैं। अमित शाह का दौरा सरकारी है, लेकिन इसे लेकर सियासी हलकों में भी चर्चाएं हैं। अमित शाह का दौरा ऐसे वक्त हो रहा है। जब कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा के फोन टैपिंग के आरोपों के बाद पार्टी डैमेज कंट्रोल में जुटी हुई है। अमित शाह का भले ही बीजेपी की बैठक लेने का कोई कार्यक्रम नहीं है। वे कुछ बड़े नेताओं से मुलाकात कर सकते हैं। अमित शाह पार्टी नेताओं को मिलने का वक्त देते हैं या नहीं इस पर भी काफी कुछ निर्भर रहेगा।

छत्तीसगढ़ के सभी 10 निगमों में बीजेपी के महापौर

रायपुर नगर निगम में 15 साल बाद खिला कमल

छत्तीसगढ। छत्तीसगढ़ के 33 जिलों के 173 निकायों में निकाय चुनाव की मतगणना शनिवार शाम लगभग अंतिम चरण में पहुंच गई है। कहा जा रहा है कि छत्तीसगढ़ के 10 नगर निगमों में बीजेपी मजबूत बढ़त बनाए हुए है। 15 साल बाद रायपुर में भगवा पार्टी की वापसी को चिह्नित करते हुए, भाजपा की मीनल चौबे ने कांग्रेस की दीप्ति दुबे को 1.5 लाख से अधिक वोटों से हराया। दुर्ग में बीजेपी की अलका बाघमार ने कांग्रेस प्रत्याशी प्रेमलता पोषण साहू को 67 हजार वोटों से हराया। बिलासपुर में बीजेपी की पूजा विधानी ने कांग्रेस के प्रमोद नायक पर 66179 वोटों से बड़ी जीत हासिल की। इसी तरह कोरबा में बीजेपी प्रत्याशी संजू देवी राजपूत ने कांग्रेस की उषा तिवारी को 52 हजार वोटों से

हराया। रायगढ़ में भी बीजेपी की जोरदार जीत हुई, जहां जीवनवर्धन चौहान ने कांग्रेस की जानकी काटजू को 34,365 वोटों से हराया। राजनांदगांव में बीजेपी के मधुसूदन यादव ने निखिल द्विवेदी को 43,500 वोटों से हराया। इस जीत पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने एक्स पर लिखा कि छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड विजय पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय प्रदेश अध्यक्ष और भाजपा छत्तीसगढ़ के सभी कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई देता हूँ।

सीबीआई डायरेक्टर के चयन में सीजेआई क्यों-धनखड़

भोपाल। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि सीबीआई डायरेक्टर या अन्य बड़े अधिकारियों (चीफ इलेक्शन कमिश्नर) के सिलेक्शन पैनल में चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया कैसे हिस्सा ले सकते हैं। न्यायिक सक्रियता और अतिक्रमण के बीच की रेखा पतली है, लेकिन लोकतंत्र पर इसका प्रभाव मोटा है। धनखड़ ने आगे कहा- यह बात हैरान करती है कि

हमारे जैसे देश या किसी भी लोकतंत्र में, भारत के मुख्य न्यायाधीश सीबीआई डायरेक्टर के चयन में कैसे भाग ले सकते हैं। क्या इसके लिए कोई कानूनी तर्क हो सकता है? उपराष्ट्रपति ने शुक्रवार को भोपाल में नेशनल ज्यूडिशियल एकेडमी में एक सभा को संबोधित करते हुए ये बातें कहीं।

5वीं और 8वीं बोर्ड परीक्षा का टाइम टेबल जारी

पांचवीं के 10 दिन और आठवीं के 13 दिन चलेंगे एग्जाम

बीकानेर। शिक्षा विभाग ने प्रदेश के सरकारी और प्राइवेट स्कूल में पढ़ रहे 5वीं और 8वीं बोर्ड की परीक्षा का टाइम टेबल जारी कर दिया है। 5वीं के एग्जाम 7 अप्रैल से शुरू होंगे, जबकि 8वीं बोर्ड के एग्जाम 20 मार्च से शुरू हो रहे हैं। प्रदेश के सभी डाइट्स को इसकी जिम्मेदारी पहले ही सौंपी जा चुकी है। इन दोनों क्लास की परीक्षाओं में प्रदेशभर में 25 लाख स्टूडेंट्स बैठेंगे। गणित के एग्जाम से पहले 5 दिन की छुट्टियां शिक्षा विभागीय परीक्षा कार्यालय के पंजीयक नरेंद्र सोनी ने बताया- प्राथमिक शिक्षा अधिगम स्तर मूल्यांकन यानी पांचवीं बोर्ड परीक्षा 7 अप्रैल से शुरू होगी। टाइम टेबल के अनुसार पहले दिन 7 अप्रैल को अंग्रेजी की परीक्षा होगी। इसके बाद 8 अप्रैल को हिंदी, 9 अप्रैल को पर्यावरण अध्ययन की परीक्षा होगी। इसके बाद 5 दिन की छुट्टियां रहेंगी। 10 अप्रैल को महावीर जयंती, 11 अप्रैल को महात्मा ज्योतिबा फूले जयंती, 12 अप्रैल को अंतराल, 13 अप्रैल को रविवार, 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती का अवकाश रहेगा। 15 अप्रैल को गणित की परीक्षा होगी। वहीं 16 अप्रैल को तृतीय भाषा (संस्कृत, उर्दू, सिंधी) का एग्जाम होगा। आठवीं बोर्ड एग्जाम 20 मार्च से प्रारंभिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण पत्र परीक्षा यानी आठवीं बोर्ड परीक्षा 20 मार्च से शुरू होगी। टाइम टेबल के अनुसार 20 मार्च को अंग्रेजी की परीक्षा होगी। इसके बाद 22 मार्च को हिन्दी, 24 मार्च को विज्ञान, 26 मार्च को सामाजिक विज्ञान, 29 मार्च को गणित की परीक्षा होगी। 30 मार्च को रविवार और 31 मार्च को ईद की छुट्टी रहेगी।

पानी की मांग को लेकर नेशनल-हाईवे जाम, किसानों का महापड़ाव शुरू

अनूपगढ़ (श्रीगंगानगर)। सिंचाई के पानी की मांग को लेकर किसानों ने शनिवार सुबह बीकानेर-श्रीगंगानगर हाईवे को जाम कर दिया। 13-एमडी टोल नाके समेत पांच जगह किसान धरने पर बैठे हैं। किसानों का कहना है कि अनूपगढ़ शाखा नहर में किसानों के हक का पूरा पानी छोड़ा जाए। मांगें नहीं माने जाने तक धरना जारी रहेगा। या तो यहां से पानी लेकर जाएंगे या फिर जेल जाएंगे। इस दौरान रावला के किसान श्रवण सिंगाठिया ने गाना गाकर किसानों का हौसला बढ़ाया।

दरअसल, किसान इंदिरा गांधी नहर परियोजना के प्रथम चरण के किसान सिंचाई के लिए पानी की मांग कर रहे है। इसे लेकर शनिवार सुबह

करीब 11 बजे नेशनल हाईवे 911 पर अनिश्चितकालीन जाम शुरू कर दिया है। संयुक्त किसान मोर्चा के नेतृत्व में किसानों ने रावला, घड़साना और जैतसर सहित विभिन्न स्थानों पर नाके लगाकर रास्ता बंद कर दिया है। चक्का जाम के दौरान रोडवेज के अनूपगढ़, हनुमानगढ़ और श्रीगंगानगर डिपो के 25 रूट प्रभावित हुए।

किसान बोले- जान बूझकर पानी कम छोड़ा किसान नेता सत्यप्रकाश सियाग का कहना है- अनूपगढ़ शाखा में 2400 क्यूसेक पानी छोड़ा जाता है, लेकिन चीफ इंजीनियर ने जानबूझकर पानी कम छोड़ा है।

यदि सभी नहरों से पानी को दो भागों में बांटकर पांच दिन के हिसाब से हर किसान तक उसकी पूरी क्षमता के अनुसार पहुंचाया जाए तो कोई समस्या नहीं होगी। लेकिन यदि पीएचईडी की डिग्गियां भरने के नाम पर गड़बड़ी की गई, तो आंदोलन जारी रहेगा।

500 पुलिस जवान तैनात

प्रशासन ने किसान आंदोलन को देखते हुए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की है। स्थिति को नियंत्रित रखने के लिए 4 एडिशनल एसपी, 10 डीएसपी के साथ लगभग 500 पुलिस जवानों को तैनात किया गया है।

छात्रों के नवाचार ही विकसित भारत का आधार : डॉ. यादव

उद्यमिता और स्टार्टअप प्रोत्साहन हेतु एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन

भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)। संगम विश्वविद्यालय के उद्यमिता और कौशल केंद्र द्वारा उद्यमिता और स्टार्टअप प्रोत्साहन हेतु एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संगम विश्वविद्यालय को विज्ञान और तकनीकी विभाग, भारत सरकार द्वारा प्रदत आई टी बी आई सेंटर के गवर्निंग बोर्ड की दूसरी बैठक से हुई। बैठक में संगम यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो करुणेश सक्सेना, प्रौद्योगिकी विभाग नई दिल्ली के पर्यवेक्षक डॉ सी एस यादव, संगम समूह से पलक मोदानी, उपकुलपति प्रो मानस रंजन पाणिग्रही, रजिस्ट्रार प्रो राजीव मेहता, वनस्थली विद्यापीठ से डॉ अभिषेक पारीक, आईआईएम उदयपुर से श्री अभ्युदय गोयल, केंद्रीय विश्वविद्यालय राजस्थान से डॉ शैलेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ शैलेश पाटीदार और कमल कोडवानी उपस्थित रहे। बोर्ड के सदस्य सचिव और मुख्य अन्वेषक डॉ मनोज कुमावत ने बताया की कुलपति प्रोफेसर करुणेश सक्सेना ने संगम आई-टीबीआई के बारे में बोर्ड के सदस्यों को प्रस्तुति के माध्यम से परिचित कराया।संगम ग्रुप से पलक मोदानी ने क्षेत्र के युवाओं के लिए कल्याणकारी उपायों को बनाए रखने में संगम समूह की प्रतिबद्धता के बारे में बताया। पर्यवेक्षक डॉ सी एस यादव सहित सभी बोर्ड सदस्यों ने इस परियोजना के सफल सञ्चालन हेतु महत्वपूर्ण सुझाव दिए। बैठक के अंत में विश्वविद्यालय द्वारा स्थापित मेकर स्पेस, थ्री डी प्रिंटिंग, और स्टार्टअप्स प्रोत्साहन सेंटर का निरीक्षण किया गया।

विद्यार्थियों हेतु उद्यमिता प्रोत्साहन सत्र और युवा उद्यमियों द्वारा चर्चा का कार्यक्रम रखा गया। उद्यमिता प्रोत्साहन सत्र डॉ कल्पना नेभनानी और डॉ तनूजा सिंह द्वारा लिया गया। युवा उद्यमियों द्वारा एक्सपर्ट चर्चा में पीसी एजुकेशन के प्रशांत परमार, सौलस ग्लोबल के संजय सोनी, एबिलिटी एडवोकेसी से ऋत्विक जोशी,जिक्कु से डॉ प्रियंका मेहता, केडिएस एंटरप्राइज के कमल कोडवानी और टेक्नो लाइन मशीन्स से सीए विशाल जैन ने अपना योगदान दिया। चर्चा में सभी उद्यमियों ने स्टार्टअप को शुरू करने और चलाने में आने वाले अलग अलग पड़ावों की चर्चा की और साथ ही इस अनुभव को अत्यंत रोमांचकारी बताया। कार्यक्रम के अंत में डिएसटी, नई दिल्ली से आये वैज्ञानिक डॉ चंद्र शेखर यादव ने भारत सरकार द्वारा नवाचार को प्रोत्साहित कने के लिए चलाई जा रही योजनाओ के बारे में बताया तथा विद्यर्थियों को विश्वविद्यालय में संचालित आईटीबीआई केंद्र का उपयोग करने की सलाह दी। कार्यक्रम के सफल संचालन में छात्रों की टीम निकिता, दिशा, पियूष मिहिका, सेजल का सहयोग रहा।

मृतक के आश्रितों को सहयोग राशि का चैक प्रदान किया

जायल (हुक्मनामा समाचार)। प्रदेश की सार्वजनिक निर्माण, महिला बाल विकास व बाल अधिकारिता विभाग राज्य मंत्री डॉ.मंजू बाघमार ने शनिवार को ग्राम जालनियासर में गत दिनों बिजली के करंट से मृतक के आश्रितों को सहयोग राशि का चैक प्रदान किया। जानकारी के अनुसार गत दिनों जालनियासर के लादू सिंह राजपूत को पानी की मोटर लगाते समय बिजली का करंट लग गया था। अस्पताल में उपचार के दौरान लादूसिंह की मौत हो गई थी। राज्य मंत्री बाघमार के निर्देश पर डिस्कॉम की ओर से आर्थिक सहायता के लिए प्रस्ताव भिजवाया। राज्यमंत्री ने मृतक की माता भंवर कंवर को 5 लाख की सहायता राशि का चैक परिजनों की मौजूदगी में प्रदान किया। इस अवसर पर डिस्कॉम के सहायक अभियंता नाथूराम सिंवर,पूर्व सरपंच शिवनारायण बासट, समाजसेवी बालकिशन काकड़ा,धीरेन्द्रसिंह व गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

केबिनेट मंत्री गहलोत को दिया सामूहिक विवाह सम्मेलन का निमंत्रण

भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)। राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा के प्रदेश महामंत्री गोपाल लाल माली व जिलाध्यक्ष भैरूलाल माली ने राजस्थान सरकार के केबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत से शिष्टाचार मुलाकात कर 1 मार्च 2025 को पुर स्थित घाटी के हनुमानजी परिसर में आयोजित माली समाज के तृतीय सामूहिक विवाह सम्मेलन के लिए निमंत्रण दिया।

माली सैनी महासभा के मीडिया प्रभारी रोशन गढ़वाल ने बताया कि माली समाज विकास सेवा संस्थान पुर के तत्वावधान में 1 मार्च को आयोजित होने वाले माली समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियां जोरो-शोरों से की जा रही है, वहीं समाज में इस सम्मेलन को लेकर जबरदस्त उत्साह बना हुआ है और कई जनप्रतिनिधियों व गणमान्य लोगों को सम्मेलन में आने का न्यौता दिया जा रहा है। इसी कड़ी में आज राजस्थान सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के केबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत से जैतारण स्थित उनके आवास पर महासभा के प्रतिनिधि मण्डल ने मुलाकात कर सम्मेलन में मुख्यअतिथि के लिए उन्हें आमंत्रित किया है। वहीं मंत्री महोदय ने भी प्रतिनिधिमण्डल को आश्वस्त किया कि वे 1 मार्च को सामूहिक विवाह सम्मेलन में अवश्य शिरकत कर वर-वधुओं को आशीर्वाद प्रदान करेंगे।

आचार्य विद्यासागर महाराज के चरणों की स्थापना 18 को

मदनगंज-किशनगढ़ (हुक्मनामा समाचार)। संत शिरोमणि आचार्य विद्यासमार महाराज का प्रथम समाधि स्मृति समारोह तारीख के अनुसार 18 फरवरी को मनाया जाएगा। पंचायत के उपमंत्री इंदर चंद पाटनी के बताया कि मंगलवार को सिटी रोड स्थित श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में सुबह 7 बजे भगवान आदिनाथ के अभिषेक और शांतिधारा के पश्चात आचार्यश्री के चरण कमल की प्रतिष्ठा होगी। चरणकमल प्रदान करने का एवं विधान पूजन मे सौधर्म इंद्र बनने का पुणयार्जन बिमला देवी, नरेश, मुकेश, संजय, अंतिमा जांझरी परिवार ने प्राप्त किया है। मंत्री विनोद चौधरी ने बताया कि मंदिर में सुबह 8 बजे पं रोहित शास्त्री के निर्देशन मे गुरु विद्या विधान पूजन होगी। पंचायत अध्यक्ष प्रकाश चंद गंगवाल ने बताया कि शाम को 7.30 बजे रिद्धि सिद्धि मंत्रो से रजतमयी 48 दीपको से भक्तामर पाठ होंगे। 7.30 बजे चेलना जागृति महिला मंडल के तत्वावधान में 78 दीपको से गुरूदेव की महाआरती की जाएगी। मंगलाचरण सुज्ञान महिला मंडल प्रस्तुत करेगी।

8 बजे से महिला महासमिति के तत्वावधान में आचार्यश्री के जीवन पर आधारित जैन हाऊजी का आयोजन किया जाएगा। धर्मानुरागी संजय जैन ने बताया कि आचार्यश्री के प्रथम समाधि दिवस पर देशभर में 185 चरण कमलों की स्थापना की जाएगी। 108 किलो के 108 धातुओं से निर्मित एक चरण कमल की स्थापना आदिनाथ मंदिर मे भी हो रही है। आचार्य विद्या सागर महाराज की 17 फरवरी 2024 को रात 2.35 बजे छतीसगढ़ के डोंगरगढ़ में स्थित चंद्रगिरी में समाधि हुई थी। आचार्यश्री का किशनगढ़ से गहरा जुड़ाव रहा। आचार्यश्री ने गृहस्थ अवस्था में अपने गुरु ज्ञान सागर महाराज के प्रथम दर्शन किशनगढ़ में किए थे तथा आचार्यश्री को संस्कृत पं. महेंद्र कुमार पाटनी, अंग्रेजी का शिक्षण ओम प्रकाश जैन ने करवाया।

केकड़ी पुलिस ने चुस्ती दिखाते हुए चोरों को चोरी करते मौके से दबोचा

केकड़ी (हुक्मनामा समाचार)। केकड़ी सिटी पुलिस ने सूचना मिलते ही त्वरित कार्यवाही करते हुए रात्री मे सुने मकान का ताला तोडकर नकबजनी की वारदात को अंजाम देते दो शातिर नकबजनो को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक अजमेर वंदिता राणा (ढ्ढक्क) द्वारा जारी निर्देशों की अनुपलना मे अतिरिक्त श्योराजमल मीणा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक केकडी तथा हर्षित शर्मा वृताधिकारी वृत केकडी के निकटतम सुपरविजन में आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है अभियान के तहत थानाधिकारी कुसुमलता मीणा थाना केकडी शहर के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा केकडी शहर में भट्टा कॉलोनी बघेरा रोड केकड़ी मे नकबजनी की वारदात को अंजाम देते नकबजन मोबिन उर्फ चवन्नी व राहुल उर्फ जुम्मन को मौके पर ही गिरफ्तार किया गया। नरेन्द्र कुमार बजाज ने बताया की दिनांक 11.02.2025 को मेरी पुत्री वर्षा की शादी का कार्यक्रम मैं अपने परिवार सहीत अपने मकान के ताला लगाकर उलासनगर मुम्बई चला गया। मेरे मकान पर सीसीटीवी कैमरे लगे है, जिसे मैं अपने मोबाइल पर देखता रहता हू। शादी का कार्यक्रम समाप्त होने के बाद 13.02.2025 को दिन मे हम लोग मुम्बई से रवाना होकर बस से वापस आ रहे थे।

दिनांक 14.02.25 को रात्री करीब 02.20 ए.एम के लगभग हम सुरत के आस पास पहुंचे, तब मैने अपने मोबाइल मे सीसीटीवी केमरे देखे तो मेरे मकान में लगे कैमरे का डायरेक्शन मुडा हुआ था. मुझे शंका होने पर हमारे साथ में आ रहे दीपक मूलचन्दानी को बताने पर उसने पुलिस को फोन कर उक्त सम्बन्ध में सूचना दी ओर मेरे मकान पर जाकर देखने के लिये बताया। तो उसने मकान के ताले टूटने की सूचना दी इस पर पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए हमारे मकान पर पहुंचे और मेरे मकान मे देखा तो तीन व्यक्ति चोरी कर रहे थे, जो पुलिस को देखकर भागने लगे, जिनमे से दो व्यक्तियो को को पुलिस वालो ने पकड लिया व एक व्यक्ति मोके से भाग गया। उक्त लोगो को पकडने व मकान के ताले टुटे होने के सम्बन्ध मे मोहल्ले के लोगो ने मुझे सूचना दी थी, मैं अपने परिवार सहीत 14 फरवरी को शाम 6. बजे के लगभग घर पर पहुंचा, तब मैने मकान मे जाकर चेक किया तो मेरे मकान के मैनगेट का कुन्दा टुटा हुआ था।

स्वच्छता हल्ला बोल और स्वच्छता शपथ का आयोजन

मदनगंज-किशनगढ़ (हुक्मनामा समाचार)। आयुक्त सीता वर्मा के निर्देशानुसार नगर परिषद के मदनगंज थाने में विशेष साफ सफाई की गई तथा विद्यालयों में स्वच्छता हल्ला बोल और स्वच्छता शपथ का आयोजन परिषद कि टीम द्वारा किया गया। जिसमें बच्चों को शपथ दिलाई गई कि किशनगढ़ को साफ सुथरा रखने में हम सभी सहयोग करेंगे। सभी बच्चों वह स्कूल स्टाफ को स्वच्छता के बारे में जागरूक किया गया। इसमें परिषद की टीम द्वारा राजकिय गर्ल्स, राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल, विश्वकर्मा स्कूल, शार्दुल विद्यालय, जगदंबा स्कूल, एमएस स्कूल राजा रेड्डी, और अन्य विद्यालय में सभी बच्चों व स्कूल स्टाफ के साथ स्वच्छ भारत मिशन के तहत साफ सफाई पर विस्तृत चर्चा की गई तथा स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के बारे में अवगत कराया सभी बच्चों व स्कूल स्टाफ को बताया हमें हमारे घर के आसपास व पड़ोस व मोहल्ले में साफ सफाई रखनी चाहिए तथा किसी भी प्रकार का कोई कचरा ना फैलाएं ना किसी को फैलाने दे तथा पॉलिथीन की थैलियां का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए तथा ऐसे ही सड़क पर पॉलिथीन की थैलियां नहीं फेंकने चाहिए ज्यादातर लोग पॉलिथीन की थैलियां का उपयोग करके रोड पर फेंक देते हैं जिससे नालियों में और सड़कों पर बिखरी पड़ी तथा निराश्रित घूमने वाले पशु इनको खाने से पशुओं में बीमारियां होती है सभी अपने घर का कचरा परिषद द्वारा टेंपो आते हैं उसी में ही डालें सड़क पर कोई कचरा ना फैलाएं साथ ही परिषद द्वारा बनाए आर आर सेंटर के बारे में भी बताया कि अपने अनुपयोग की वस्तु को आर आर सेंटर में जमा कराए ताकि जरूरतमंद बच्चों व जरूरतमंद लोगों को दिया जा सके साथ ही स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के तहत मदनगंज थाने के पूरे परिसर अंदर और बाहर विशेष रूप से साफ सफाई जमादार महेंद्र व दिनेश के द्वारा करवाई गई परिषद के स्वास्थ्य निरीक्षक मनोज रांणवा व मुकेश लखन द्वारा सभी विद्यालय मे बच्चों का स्कूल स्टाफ के साथ चर्चा कर साफ सफाई के बारे में समझाया गया व उक्त कार्यक्रम में परिषद की टीम से जमादार राहुल लखन चांदमल, गोपाल, चरणदास, दिनैश, सूरज व मनीष, राकेश लखन, आशीष आदि उपस्थित रहे।

ग्राम पंचायत कड़ोदिया को सुनेल तहसील में जोड़ने का ज्ञापन पूर्व सीएम राजे को दिया

झालावाड़ (हुक्मनामा समाचार)। ग्राम पंचायत कड़ोदिया के गावों को रायपुर तहसील से हटा कर सुनेल तहसील में जोड़ने के लिए ग्राम पंचायत कड़ोदिया के पूर्व सरपंच सुरेश कुमार मेघवाल ने पूर्व सीएम वंसुधरा राजे को ज्ञापन प्रेषित किया। आपको बता दे ग्राम पंचायत कड़ोदिया में रोशन बॉडी ,कड़ोदिया, पगारिया गांव आते है. रोशन बाड़ी गांव की राजस्व सीमा सुनेल गांव की राजस्व सीमा के पास हैं. रोशन बाड़ी गांव सुनेल से लगभग 3 किमी दूर है. जबकि रायपुर तहसील लगभग 30 किमी दुर हैं. ऐसे ही पगारिया कड़ोदिया भी लगभग 25 किमी दूर है जबकि सुनेल तहसील लगभग 12-15 किमी दुर हैं।

यह कि मांग- ग्राम पंचायत कड़ोदिया पूर्व सरपंच सुरेश कुमार मेघवाल ने पूर्व सीएम वंसुधरा राजे को ज्ञापन प्रेषित कर मांग की है।

मम्मियों के बीच रस्सा-कशी देख रोमांचित हुए विद्यार्थी

अभिभावकों के बीच हुई रोमांचक प्रतियोगिताएं, कम्युनिटी कनेक्ट प्रोग्राम आयोजित

डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)। जिले के मिठड़ी में स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय मीठडी में केंद्र सरकार की ईसीसीई योजनान्तार्गत कम्युनिटी कनेक्ट प्रोग्राम का आयोजन किया गया। प्राचार्य रूडमल महरिया ने बताया कि विद्यालय विकास में अभिभावकों की सहभागिता बढ़ाने तथा अभिभावकों का विद्यालय से जुड़ाव बढ़ाने के उद्देश्य से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय में अध्ययनरत बाल-वाटिका की मातृ अभिभावकों के मध्य रस्सा-कशी, गुब्बारा फोड़ो, चम्मच दौड़, म्यूजिकल चेयर, सुई-धागा जैसी कई रोचक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंचायत शिक्षा अधिकारी सतीश नारवाल एवं प्राचार्य रूडमल महरिया ने प्रतियोगिताओं में विजेता रही महिलाओं को पुरस्कृत किया जबकि पर्यावरण प्रेमी वरिष्ठ अध्यापक डॉ शंकरलाल आलड़िया की ओर से सभी अभिभावकों को प्रतीक-चिह्न के रूप में पौधे प्रदान किये गये। इस मौके पर व्याख्याता मनोज शर्मा, वरिष्ठ अध्यापक विक्रम सिंह, ममता चौधरी, महेंद्र वर्मा, प्रवीण नारनोलिया, राजेश कुमार, श्रवण यादव, देवीलाल मांजु, मुकेश राठी, रामचंद्र मीणा, सहीराम मेघवाल, पूर्व प्राथमिक शिक्षकद्यद्यद्य सज्जन कंवर, सुमन बाजिया, जगदीश प्रसाद, सुनीता कुमारी, जसोदा आदि उपस्थित थे।

ये रहे विजेता- इस दौरान आयोजित गुब्बारा फोड़ो प्रतियोगिता में गुलशन बानो, द्रोपदी शर्मा व संतोष, म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में सदफ, सोहनी, सुई धागा प्रतियोगिता में सुमित्रा व वंशिका, चम्मच दौड़ में सदफ, विनीता व नसीम विजेता रही।प्रतियोगिताओं में भागीदारी के दौरान विद्यार्थियों ने तालियां बजाकर व हूटिंग कर अपनी मम्मियों का उत्साह बढ़ाया।

मातृ-पितृ पूजन दिवस भी मनाया- इस दौरान राज्य सरकार एवं शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार मातृ-पितृ पूजन दिवस भी आयोजित किया गया। विद्यार्थियों ने अपने अभिभावकों के चरण-स्पर्श कर उनके स्नेह के प्रति अपना सम्मान व्यक्त किया। वक्ताओं ने जीवन में माता-पिता के महत्व के बारे में बताते हुए विद्यार्थियों से सदैव उनका सम्मान करने का आह्वान किया।

पंचायत राज उपचुनाव मे जिला परिषद वार्ड 22 से भाजपा प्रत्याशी दो हजार 23 वोटो से विजय

चित्तौड़गढ़ (हुक्मनामा समाचार)। पंचायत राज उप चुनाव 2025 के जिला परिषद वार्ड 22 के लिए हुए उपचुनाव मे भारतीय जनता पार्टी के प्रभुलाल धाकड़ विजय रहे। प्रभुलाल धाकड़ ने कांग्रेस के मनोज कुमार धाकड़ को 02 हजार 23 वोटो हराया। जिला निर्वाचन अधिकारी आलोक रंजन ने निर्वाचित प्रत्याशी प्रभु लाल धाकड़ को प्रमाण पत्र दिया एवं शपथ दिलाई। मतगणना प्रात: 9 बजे शहीद मेजर नटवर सिंह शक्तावत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रारंभ हुई। मतगणना के लिए 9 टेबल लगाई गई थी जिसमे 6 राउंड मे मतगणना पूर्ण हुई। कुल गणना किए गए 11387 मतों में से भाजपा के प्रभुलाल धाकड़ को 6604 वोट, कांग्रेस के मनोज कुमार धाकड़ को 4581 तथा नोटों को 202 वोट मिले।

जिला प्रमुख का चुनाव 16 को- चित्तौड़गढ़, 15 फरवरी। जिले में पंचायतीराज संस्थाओं के उपचुनाव- 2025 के क्रम में जिला परिषद, चित्तौड़गढ़ के प्रमुख हेतु 16 फरवरी 2025 को जिला परिषद के ग्रामीण विकास अभिकरण सभागार में निर्वाचन कार्य एवं बैठक होगी। निर्वाचन कार्य एवं बैठक के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने की दृष्टि से जिला मजिस्ट्रेट आलोक रंजन ने एक आदेश जारी कर ड्युटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किये है।

संतोकपुरा और मांडल सहित 100 गांवों में हार्टफुलनेस एकात्म अभियान

भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)। जिले के गांवों में भारत सरकार, संस्कृति मंत्रालय और श्री रामचंद्र मिशन के सहयोग से हार्टफुलनेस एकात्म अभियान जोर शोर से चल रहा है। आज संतोकपुरा और मांडल में अभियान का सफलतापूर्वक संचालन हुआ जिसमें 150 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। मिशन के जिला समन्वयक योगेश लढ़ा ने बताया कि अबतक भीलवाड़ा जिले के लगभग 100 गांवों में एकात्म अभियान पहुंच चुका है। हार्टफुलनेस की सहज ध्यान पद्धति, सफ़ाई, प्रार्थना और अन्य गतिविधियों तथा इनके महत्व में प्रतिभागी पुरुष और महिलाएं बहुत रुचि ले रहे हैं। ग्रामीणों ने तनाव मुक्ति, एकाग्रता और क्रोध पर नियंत्रण के लिए और आपसी सामंजस्य के लिए इसे सटीक करार दिया है। संस्था के प्रशिक्षक, अभ्यासी, गांव गांव, घर घर जाकर एकात्म अभियान की जागरूकता फैला रहे हैं। ललिता बुकन, ललिता सिंघल, डॉ अनु कपूर, डॉ आशू कपूर एवं हार्टफुलनेस के कई स्वयंसेवक इसमें दिन रात लगे हुए हैं।

मीठड़ी मेन बाजार में एक व्यक्ति पर हुआ जानलेवा हमला

10 से 15 बदमाशों ने किया हमला, हमले में घायल हुआ व्यक्ति पहुंचाया अस्पताल, जसवंतगढ़ थाने का है मामला

डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)। जिला मुख्यालय के रिंगण निवासी भगवानसिंह पुत्र बनेसिंह उम्र 38 वर्ष के ऊपर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है।भगवान सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि वह रात्रि के समय मीठड़ी में बाजार में किसी कार्य से आया था।इसी दौरान 10 से 15 बदमाशों ने उसके ऊपर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में भगवानसिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को लोगों ने तुरंत डीडवाना शहर के राजकीय बागड़ जिला अस्पताल पहुंचाया एवं प्राथमिक उपचार जारी कराया।वही घायल व्यक्ति के द्वारा थाने में भी लिखित शिकायत दी गई है।जिसमें पुलिस भी मौके पर पहुंची है एव पुलिस ने मौका मुआयना कर अपनी आगे के कार्रवाई शुरू कर दी है। भगवानसिंह रिंगण का निवासी है।जो मीठड़ी अपने किसी कार्य से आया था।इसी दौरान उस पर कुछ लोगों के द्वारा हमला किया गया है।लाठी डंडों से हमला किया गया है।जिसमें भगवान सिंह गंभीर रूप से घायल हुआ है।जिसका राजकीय बांगड़ जिला अस्पताल में उपचार जारी है।

गाढ़ेपन सीएफसीएल कंपनी से गैस रिसाव के कारण स्थानीय सरकारी स्कूल में बेहोश हुए 16 बच्चों

- तत्काल चिकित्सकीय उपचार उपलब्ध कराया गया
- 5 बच्चों को प्राथमिक उपचार के बाद दी छुट्टी
- 5 अभी सीएफसीएल कंपनी के अस्पताल में भर्ती
- शेष 6 को कोटा के जे के लोन अस्पताल में कराया भर्ती

झालावाड़ (हुक्मनामा समाचार)। सीएफसीएल कंपनी से गैस रिसाव के कारण स्थानीय सरकारी स्कूल में 16 बच्चों बेहोश हो गए. जिनमे से 5 बच्चों को प्राथमिक उपचार के छुट्टी एवं 5 बच्चों सीएफसीएल कंपनी के अस्पताल में भर्ती शेष 6 को कोटा के जे के लोन अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पर इनका इलाज जारी है।

इस घटना को गम्भीरता से लेते हुए शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री राजस्थान सरकार मदन दिलावर ने जिला शिक्षा अधिकारी को मौके पर तत्काल भेजा गया था। जिन्होंने पूरे मामले को मॉनिटर किया है। स्कूल के 200 अन्य बच्चों के अभिभावकों से भी बात कर बच्चों की तबियत की जानकारी ली गई है। तीन शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। वो आगामी तीन दिन तक बच्चों के स्वास्थ्य का अपडेट लेते रहेंगे।

कोटा के जे के लोन अस्पताल में भी दो अध्यापक तैनात किए गए है। जो भर्ती बच्चों की सारसंभाल करेंगे। जिला प्रशासन के माध्यम से यथा संभव मदद की जा रही है। पूरे मामले पर बराबर नजर रखी जा रही है। मामले में पूरी जांच की जाएगी। कंपनी की लापरवाही हुई तो कठोर कार्यवाही की जाएगी।

तुम्हारे चरणों की धूल है हम मातृ पितृ चरण वंदन कार्यक्रम

अजमेर (हुक्मनामा समाचार)। लॉयन्स क्लब इन्टरनेशनल प्रान्त 3233 ई 2 के प्रांतपाल लायन श्याम सुंदर मंत्री द्वारा 14 फ़रवरी को मात - पिता चरण वन्दना दिवस के रूप में मनाने के निर्देश पर विभिन्न क्लब्स ने कार्यक्रम आयोजित किए । महिला सशक्तिकरण की प्रांतीय सभापति लायन आभा गांधी ने बताया कि लायंस क्लब अजमेर शौर्य ने भजनगंज स्थित ड्रीम इंडिया स्कूल में भव्य मातृ - पितृ चरण वन्दन कार्यक्रम आयोजित किया गया । स्कूल के 85 छात्रों के माता - पिता इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे और अपने माता-पिता के चरण धोकर , तिलक माला से अभिनन्दन कर पूजन करने के साथ मिठाई खिलाकर माता - पिता का आशीर्वाद प्राप्त किया । तत्पश्चात मात पिता की परिक्रमा करते हुए माता पिता की जय हो एवं माता पिता ही साक्षात भगवान है के नारे लगाकर परिसर को गुंजायमान कर दिया।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रदीप लोढा द्वारा एफ बी 3, करतारपुरा इंडस्ट्रियल एरिया रोड नंबर 4, जयपुर से मुद्रित एवं पीली कोठी, जयपुर गोल्डन, जयपुर रोड, अजमेर से प्रकाशित। फोन 2623396, संपादक - प्रदीप लोढा, प्रबंध संपादक - वैभव लोढ़ा, जयपुर कार्यालय- जी 1, एफ ब्लॉक, गणपति एनक्लेव, अजमेर रोड जयपुर। जोधपुर कार्यालय -902, तीसरी ई रोड, सरदारपुरा, जोधपुर। फोन 2433621, ई मेल hukmnama.ajmer@gmail.com

एक नजर

रावल बाबा पहुंचे किशनगंज, आज से शुरू होगा विशाल निःशुल्क निवारण शिविर

किशनगंज (हुक्मनामा समाचार)। के फूटे कुए के पास शाहबाद रोड किशनगंज में रविवार 16 फरवरी से4 मार्च तक आयोजित होने जा रहे विशाल शिविर के शुभारंभ के लिए शनिवार को रावल बाबा शाम को किशनगंज पहुंचने पर आतिशबाजी फूलमालाओं के साथ बहुएं स्वागत किया। रावल बाबा को कार में सवार होकर जुलूस के रूप में किशनगंज कस्बे के बस स्टैंड से होते हुए कस्बे के मुख्य मार्गों से जुलूस के रूप में लोगों द्वारा उनका फूल मालाओं और पुष्प वर्षा का जगह-जगह पर भव्य स्वागत किया। कस्बे में आयोजितनि:शुल्क निवारण शिविर परम पूज्य वेद संत रावल बाबा के सानिध्य में होने जा रहा 158 वां विशाल निशुल्क निवारण शिविर रविवार कोसुबह 10ः00 बजे शुभारंभ होगा।

इस विशाल निशुल्क निवारण शिविर- में सभी प्रकार के रोग जैसे लकवा ,पोलिया ,दमा, स्वांस ,सायटिका जोड़ों का दर्द ,पेट रोग ,ब्लड शुगर ,पाइल्स ,मस्सा ,आंख रोग ,चर्म रोग ,सफेद दाग, सोरायसिस, मानसिक रोग, महिलाओं पुरुषों के गुप्त रोग ,एवं बांझपन का आयुर्वेदिक एवं देसी जड़ी बूटियां द्वारा नि:शुल्क निवारण किया जाएगा। शिविर का आयोजन 16 फरवरी 2025 से 4 मार्च 2025 तक आयोजित होगा जिसमें समय प्रात: 9ः00 बजे से 5ः बजे तक रहेगा। जुलूस में विधायक ललित मीणा पूर्व प्रधान मनोज चौधरी पूर्व सरपंच सत्येंद्र सत्तू नागर, मदन शाक्यवाल, राकेश गुप्ता, नेमीचंद नागर ,कैलाश सनोठिया ,दूरदर्शी जैन संजय राठौर ,रामनिवास सुमन, , योगेश सोनी ,नेमीचंद गुरदिया प्रियरंजन ,मुकेश गुरदिया आदि कार्यकर्ताओं ने रावल बाबा का स्वागत किया। रावल बाबा ने शिविर में पहुंचकर शिविर के बारे में चर्चा की।

हुकुमचंद पब्लिक स्कूल में खेल प्रतियोगिता का आयोजन

नसीराबाद (हुक्मनामा समाचार)। अजमेर हुकुमचंद पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नसीराबाद विधायक रामस्वरूप लांबा एवं विशिष्ट अतिथि राजकीय प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाचार्या एवं स्काउट गाइड नसीराबाद की सचिव श्रीमती उषा विजयवर्गीय रही। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय उपनिदेशक डॉ मृत्युंजय शर्मा एवं प्रधानाचार्य श्रीमती हेमलता पाठक के उद्बोषणा व विद्यालय की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी कुमकुम तंवर द्वारा मशाल दौड़ से किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न खेलकूद गतिविधियों को आयोजन किया गया जिनमें मुख्य शॉट पुट ,डिस्कस थ्रो, 100 मीटर, 200 मीटर रेस व रिले रेस ,प्राइमरी विद्यार्थियों की जलेबी रेस ,बनाना रेस ,रेडी टू वियर रेस,अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया ।100 मी छात्रा वर्ग में कक्षा 8 की ज्योति रावत व कक्षा 7 की कृष्णा चौधरी प्रथम रही। छात्र वर्ग में कक्षा 9 के छात्र ईश्वर कुमार एवं सलमान खान प्रथम रहे। छात्र वर्ग रिले रेस में रमन हाउस विजेता रहा एवं छात्र वर्ग रिले रेस में अशोका हाउस विजेता रहा। शॉट पुट में कक्षा ग्यारहवीं के विजेंद्र सिंह रावत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। डिस्कस थ्रो में कक्षा 9 के छात्र यश फुलवारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया । लॉन्ग जंप में कक्षा 9 की नेहा छात्रा वर्ग में प्रथम रही। प्राइमरी वर्ग की प्रतियोगिता जलेबी रेस में कक्षा नर्सरी के सारांश प्रथम रहे ,बनाना रेस में कक्षा एलकेजी के प्रदीप चौधरी एवं तसलीमा बानो प्रथम रही।कलेक्ट द आर्टिकल में कक्षा वन की मानसी प्रथम रही ।रेडी टू वियर रेस में कक्षा 2 की छात्रा सापवार प्रथम रही। 100 मीटर रेस में कक्षा 2 के छात्र राजवीर प्रथम रहे। सर्वश्रेष्ठ एथलीट प्राइमरी वर्ग में कक्षा 2 के धनंजय एवं सेकेंडरी वर्ग में ज्योति रावत कक्षा 8 व सीनियर सेकेंडरी वर्क में कक्षा 11 की छात्रा कुमकुम।

डोमिनेशन के तहत पुलिस ने 145 अपराधियों को गिरफ्तार किया

ब्यावर (हुक्मनामा समाचार)। ब्यावर में पुलिस ने एरिया डोमिनेशन के तहत अभियान चलाकर पुलिस ने 145 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक श्यामसिंह के निर्देश पर चलाए गए, इस अभियान में 179 पुलिस कर्मियों की 48 टीमों ने जिले के करीब 240 स्थानों पर छापेमारी की। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार किए गए अपराधियों में 74 स्थाई वारंटी, टॉप-10 और गिरफ्तारी वारंट वाले अपराधी शामिल हैं। इसके अलावा 12 प्रकरणों में वांछित और 4 अन्य प्रकरणों में वांछित अपराधियों को पकड़ा गया। विभिन्न अन्य कार्रवाइयों में 55 लोगों को गिरफ्तार किया गया। अभियान के दौरान पुलिस ने विशेष रूप से उन अपराधियों को निशाना बनाया, जो धारा 299 और धारा 173(8) के तहत फरार चल रहे थे। साथ ही घोषित अपराधियों और थाना व जिला स्तर के टॉप-10 अपराधियों की धरपकड़ के लिए विशेष टीमें गठित की गईं।

शिक्षा आगे चलकर कौशल विकास में मदद करती है

साउथ एशियन टाइम्स यू.एस.ए. के चेयरमेन कमलेश मेहता का अभिनंदन

ब्यावर (हुक्मनामा समाचार)। श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री वर्द्धमान कन्या पी.जी. महाविद्यालय में साउथ एशियन टाइम्स, यू.एस.ए. के चेयरमेन कमलेश मेहता का स्वागत महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आर. सी. लोढ़ा, श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ. नरेन्द्र पारख ने पुष्पगुच्छ, माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया । श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ. नरेन्द्र पारख ने स्वागत भाषण में मेहता के बारे बताया कि ब्यावर से लेकर अंतरराष्ट्रीय पटल पर अपनी एवं ब्यावर की अमूल्य पहचान बनाते हुए ब्यावर का नाम गौरवान्वित किया है । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि शिक्षा का महत्व जिज्ञासा जगाने और मूल्यों एवं हितों को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है तथा आगे चलकर कौशल विकास में मदद करती है । उन्होंने वर्द्धमान शिक्षण समिति को उच्च स्तरीय सुविधाएं महाविद्यालय में उपलब्ध करवाने की प्रशंसा की। कमलेश मेहता द्वारा महाविद्यालय में संचालित फैशन डिजाइनिंग, मेकअप आर्टिस्ट, बी सी.ए., साइंस, योगा, म्यूजिक आदि लैब्स तथा संचालित पाठ्यक्रमों की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर अवलोकन किया गया।

विधानसभा अध्यक्ष ने किया विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन

अजमेर (हुक्मनामा समाचार)। विधानसभा अध्यक्ष ने शनिवार को शहर में विभिन्न सड़क विकास कार्यों का उद्घाटन किया। इस अवसर पर स्थानीय नागरिकों ने उनका भव्य स्वागत किया और उन्हें फूल मालाओं व शॉल भेंट कर सम्मानित किया। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने टीटी कॉलेज लोहाखान टेम्पों स्टेण्ड से होते हुऐ शास्त्री नगर चुंगी चौकी तक रूपए 90 लाख की लागत राशि के सड़क निर्माण कार्य एवं विधायक कोष 2024-25 से वार्ड 6 में स्थित प्रिंस हिल्स कॉलोनी में पानी की टंकी से नरेन्द्र जी पोस्टमेन के मकान तक लागत राशि 07.25 लाख के सडक निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए देवनानी ने कहा किये सड़क विकास परियोजनाएँ शहर की यातायात सुविधा को बेहतर बनाएंगी।

विधायक भदेल ने किया एक सौ पांच लाख रुपए के विकास कार्यों का किया शिलान्यास

अजमेर (हुक्मनामा समाचार)। अजमेर दक्षिण विधायक श्रीमती अनिता भदेल ने क्षेत्र के विकास को नई गति देते हुए शनिवार को विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास किया।

इनमें वार्ड 31 जवाहर नाड़ी भगत सिंह मार्ग पर सड़क निर्माण कार्य सहित अन्य बुनियादी ढांचे के विकास कार्य शामिल हैं। सड़क निर्माण से क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी साथ ही सोमलपुर, चंद्रवरदाई को सीधे ब्यावर रोड से जुड़ने पर क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी । विधायक भदेल ने बताया कि वार्ड 31 में 63.50 लाख रुपए की लागत से शहीद भगत सिंह मार्ग-चन्द्रवरदायी नगर सी ब्लॉक से सोमलपुर रोड साथ ही 22 लाख रुपए की लागत से ब्यावर रोड एचएमटी से जवाहर नाड़ी तक सड़क निर्माण कार्य पर कुल 85.50 लाख की लागत आएगी। इससे इस मार्ग पर यातायात सुगम होगा और नागरिकों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा। इसके साथ ही क्षेत्र में जल आपूर्ति की सुविधा को और अधिक सशक्त करने के लिए एक नई पानी की टंकी का निर्माण किया जाएगा। इससे स्थानीय निवासियों को स्वच्छ एवं निर्बाध जल आपूर्ति सुनिश्चित होगी।

उन्होंने बताया कि अमृत 2 योजना के अंतर्गत बजट स्वीकृति मिलते ही पानी की पाइपलाइन और टंकी निर्माण का कार्य करवाया जाएगा। इससे क्षेत्र के नागरिकों को स्वच्छ और नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित होगी।

चन्द्रवरदायी नगर में जीएनएम नर्सिंग कॉलेज का निर्माण शीघ्र : भदेल

जनता से संवाद के दौरान उन्होने कहा कि चंद्रवरदाई नगर डिस्पेंसरी में जल्द ही एक स्त्री रोग विशेषज्ञ और फिजिशियन डॉक्टर की नियुक्ति की जाएगी। इससे क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त होंगी। इससे महिलाओं, गर्भवती माताओं और अन्य रोगियों को विशेष लाभ मिलेगा और उन्हें इलाज के लिए दूर-दराज जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। साथ ही चंद्रवरदाई नगर में जीएनएम नर्सिंग कॉलेज के लिए भूमि अवाप्ति की गई है। भवन निर्माण कार्य शीघ्र किया जाएगा । इससे बालिकाओं को नर्सिंग एवं अन्य कोर्स की सुविधा उपलब्ध होगी। चंद्रवरदाई नगर में स्थित खेल ग्राउंड में भी सुविधाओं का उन्नयन किया जाएगा।

60 लाख रुपए की लागत से बनने वाले नाला निर्माण का शिलान्यास जल्द : भदेल

उन्होंने बताया कि ब्यावर रोड पर पानी भरने की समस्या से नागरिकों को होने वाली असुविधा को ध्यान में रखते हुए समस्या के समाधान के लिए 60 लाख रुपए की लागत से नाले का निर्माण कार्य का शिलान्यास शीघ्र ही करवाया जाएगा। नाला बनने से बारिश के दिनों में सड़क पर जलभराव की समस्या खत्म होगी और आमजन को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

कार्यक्रम में उपस्थित विधायक भदेल ने मातृशक्ति से आग्रह किया कि डोर टू डोर कचरा संग्रहण के दौरान प्लास्टिक की थैली को कूड़े में नहीं डालें। प्लास्टिक जानवरों द्वारा निगले जाने पर उनकी जान के लिए खतरा साबित हो सकता है ।

विधायक भदेल ने कहा कि उनकी प्राथमिकता सदैव जनता की सेवा और क्षेर्त के सर्वांगीण विकास की रही है। शिक्षा, चिकित्सा, सड़क, जल आपूर्ति सहित हर बुनियादी क्षेत्र में विकास कार्य किए जा रहे हैं और आगे भी जारी रहेंगे। केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ हर नागरिक तक पहुंचाना उनका लक्ष्य है।

क्षेत्रवासियों ने विधायक भदेल द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की सराहना की और उनके प्रयासों के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर आदर्श मण्डल अध्यक्ष हितेश ढाबरिया, पूर्व मण्डल अध्यक्ष रविन्द्र सिंह जादोन, सोहन शर्मा, पार्षद सुनीता चौहान, ओबीसी मोर्चा पूर्व जिलाध्यक्ष अंकित गुर्जर, चिराग चौधरी, बूथ अध्यक्ष राजू सिंह, गणेश मुंडन, चंद्राराम गुर्जर, निंबाराम गुर्जर, भानु प्रताप, दिलावर चौहान, एचएव वर्मा, महेश्वर झा, राजन नायर, सत्यनारायण साहू, अनिल खींची, अशोक सामरिया, आकाश वैष्णव, रुपा राजपूत,बलवीर सिंह, मदन मोहन शर्मा, आर्य मण्डल अध्यक्ष भवानी सिंह जैदिया, मधु भारद्वाज, संतोष माहेश्वरी, सुनीता चौहान सहित स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

विधायक कोष से बनाये सामुदायिक भवन का किया लोकापर्ण : भदेल

वार्ड 53 रेगर मौहल्ला कल्याणीपुरा में विधायक निधि कोष से 20 लाख रुपए की राशि जारी कर बनाये गये सामुदायिक भवन का लोकापर्ण किया।

विधायक भदेल ने जनता से संवाद करते हुए पूर्व में इस क्षेत्र में विकास के कार्य कराये है ओर आगे भी विकास के कार्य होते रहेंगे। उन्होने कहा कि पूर्व में विधायक कोष से कल्याणीपुरा के सरकारी विद्यालय में कक्षा-कक्ष का निर्माण कराया गया था और हाल ही में स्कूल में बढते की छात्र-छात्राओं की संख्या को देखते हुए ट्यूबल खुदवाया गया साथ ही पानी की लाईन सडक निर्माण ऐसे कई विकास कार्य कल्याणीपुरा में कराये गये है।

जल संकट के समाधान के लिए दो करोड की लागत से बनेगा उच्च जलाशय : भदेल

भदेल ने बडी घोषणा करते हुए बताया कि क्षेत्र की जनता को शीघ्र ही एक और नई सौगात मिलने वाली है। कल्याणीपुरा गांव में पानी की आपूर्ति को सुदृढ करने के लिए कालीचाट माता मंदिर के नीचे एक उच्च जलाशय का निर्माण कार्य जल्द ही प्रारंभ किया जाएगा। इस जलाशय की अनुमानित लागत दो करोड़ रुपए होगी। इससे क्षेत्र के नागरिको को स्वच्छ एवं सुचारु जल आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। इस अवसर पर झलकारी बाई मण्डल अध्यक्ष रजनीश चौहान, पूर्व मण्डल अध्यक्ष हेमंत सांखला, संदीप माखीजानी, सीमा गोस्वामी, बीना टांक, शक्ति केन्द्र संयोजक विशाल धरी, सोशल मीडिया संयोजक भोपाल कांत बैरवा, गौरव टांक, हितेश ढाबरिया, सत्यनारायण कोमल, राजकुमार मडोतिया, संतोष, गजेन्द्र, विनोद, सन्नी, राहुल खटूमरा, शंकर रावत, कालू भडाना, बंटी कोमल, कालू बुधवानी सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता व गांववासी उपस्थित रहे।

45 लाख रुपए के विकास कार्य का शिलान्यास आज

अजमेर दक्षिण विधायक अनिता भदेल रविवार को सुबह 11 बजे जीसीए कॉलेज के बाहर 45 लाख रुपए की लागत से बनने वाले ब्यावर रोड का डिवाइडर निर्माण कार्य का शिलान्यास करेगी।

उस्मानिया ख्वाजा उच्च माध्यमिक विद्यालय की मैनेजिंग कमेटी का मोहम्मद नज़ीर क़ादरी को मेम्बर्स (सदस्य) बनाया गया

अज़मेर (हुक्मनामा समाचार)। शोरगान इमाम बाड़ा रोड़ ख़ादिम मोहल्ले अज़मेर में स्थित अन्जुमन मोइनिया फखरिया चिश्तीया खुदाम ख्वाजा साहब द्वारा संचालित (राज. सरकार से मान्यता प्राप्त)उस्मानिया ख्वाजा सीनियर सैकेंडरी विद्यालय की मैनेजिंग कमेटी का ज़नाब मोहम्मद नज़ीर क़ादरी साहब को मेम्बर्स (सदस्य) बनाया गया हैं। इस खास मौके पर उस्मानिया ख्वाजा सीनियर सैकेंडरी स्कूल के सदर ज़नाब सैय्यद मुनव्वर मुनवर

चिश्ती साहब व अंजुमन कमेटी के मेंबर जनाब सैय्यद गफ़्फ़ार हुसैन काज़मी साहब व स्कूल की वॉयस प्रिंसिपल मोहतरमा परवीन चिश्ती साहिबा , व समाज सेवी मेनेजिंग कमेटी मेंबर जनाब खालिद खान साहब व दारुल हुदा इस्लामिक यूनिवर्सिटी केरल से ज़नाब तनवीर चिश्ती साहब व ज़नाब मोहम्मद अनीस अब्बासी साहब ने ज़नाब मोहम्मद नज़ीर क़ादरी को सदस्य बनने पर लेटर सौपा और क़ादरी साहब के उज्जवल भविष्य की कामना की सभी ने कादरी साहब को मुबारकबाद दी।

अन्जुमन मोइनिया फखरिया चिश्तीया खुदाम ख्वाजा साहब द्वारा संचालित (राज. सरकार से मान्यता प्राप्त)उस्मानिया ख्वाजा उच्च माध्यमिक विद्यालय के सदर ज़नाब सैयद मुनव्वर चिश्ती साहब ने बताया कि मैनेजिंग कमेटी द्वार सभी स्कूल के बच्चों के लिए इस स्कूल में फीस माफ़ कर रखी है साथ ही समय समय पर स्कूल में मीटिंग बुलाई जाती है स्कूल के बच्चों के भविष्य को लेकर कई कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं।

इन्टैक के रंगारंग भारत पोस्टर प्रतियोगिता में निखरी अमूर्त संस्कृति की प्रतिभा

17 स्कूलों के 148 बच्चों ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में दिखाया कला कौशल

ब्यावर (हुक्मनामा समाचार)। जैन विद्यापीठ (नाज) में रंगारंग भारत राष्ट्रीय पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें शहर की 17 स्कूलों के 148 बच्चों ने भाग लिया। कक्षा 7 से 9 तक के बच्चों हेतु रखी गई प्रतियोगिता में उन्होंने स्थानीय त्यौंहार, परम्परा, रीति-रिवाज, अनुष्ठान, सामाजिक प्रथा आदि को दर्शाने वाले बेहद खूबसूरत पोस्टर प्रदर्शित किये। कन्वीनर रामप्रसाद कुमावत ने बताया कि 90 मिनट की इस प्रतियोगिता में बच्चों ने जहां ब्यावर का तेजा मेला, बादशाह मेला, गणगौर सवारी, दीपावली की साज सज्जा, ईद-मिलन का दृश्य, दशहरा मेला, लोककला-फड़ शैली, जगन्नाथ यात्रा, लाल किला, ब्यावर रेलवे स्टेशन पर जल सेवा के पोस्टर के साथ करीब 200 शब्दों का आलेख भी संबंधित चित्र के बारे में लिखकर स्थानीय

अमूर्त संस्कृति की जानकारी दी। ब्यावर अध्याय के को-कन्वीनर श्याम शर्मा ने बताया कि रंगारंग भारत पोस्टर प्रतियोगिता में स्थानीय स्तर पर मंगल-न्यूटन, भंवरलाल गोठी उमावि, के.डी. जैन, बाल मंदिर, नृसिंह अग्रेसन जैन विद्यापीठ, आदर्श विद्या मंदिर, सेंटपॉल, गोदावरी, सेन्ट्रल अकादमी, शाहपुरा मौहल्ला, डिग्गी गर्ल्स उमावि, बांगड़ पब्लिक, केन्द्रीय विद्यालय, सरमालिया स्कूल आदि के बच्चों द्वारा पोस्टर बनाये गये। आयोजन समिति के उत्तम भण्डारी ने बताया कि सभी प्रतियोगियों को प्रमाण-पत्र दिये जायेंगे। राज्य स्तरीय श्रेष्ठ 100 विजेताओं तथा राष्ट्रीय स्तर पर श्रेष्ठ 10 विजेताओं को ट्रॉफी व पुरस्कार दिये जायेंगे तथा उन्हें तीन दिवसीय भ्रमण पर भी ले जाया जायेगा जिसका व्यय-भार संस्था वहन करेगी। पोस्टर प्रतियोगिता के बाद सांस्कृतिक सचिव डॉ. नरेन्द्र पारख ने प्रतियोगिता में बच्चों के कला कौशल की प्रशंसा करते हुए ब्यावर की संस्कृति और रीति-रिवाज के बारे में बताया। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी गत वर्ष पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें ब्यावर चेप्टर की प्रतिभा को राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम पुरस्कार मिला था तथा दो प्रतियोगी राज्य स्तर पर पुरस्कृत किये गये थे। प्रतियोगिता में जे.पी. शर्मा, एस.एन. अग्रवाल, एम.एम. मोदी, रमेश यादव, मानसिंह, गोरधनसिंह आदि ब्यावर चेप्टर सदस्यों ने बच्चों का मनोबल बढ़ाने हेतु सांस्कृतिक विषय पर चर्चा की।

नसीराबाद में सिलेंडर चोर सक्रिय

चोरी की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद

नसीराबाद (अजमेर) (हुक्मनामा समाचार)। सिटी थाने में कस्बे के सदर बाजार निवासी सर्वेश राठी पुत्र सुरेश चन्द राठी ने रिपोर्ट दी कि 10 फरवरी को करीब 11 बजे मेरे घर पर मेरी माताजी व मेरी पत्नी मौजूद थी जो की अपने काम में व्यस्थ थे तभी कोई अज्ञात चोर मेरे घर के पोर्च में रखे गैस सिलेण्डर को चोरी कर के ले गया। गत 24 जनवरी को त्रिलोक मित्तल पुत्र दुर्गाप्रसाद मित्तल निवासी चौकडी मौहल्ला के घर से भी कोई अज्ञात व्यक्ति गैस से भरा सिलेण्डर चोरी कर के ले गया। 24 जनवरी से आज तक नसीराबाद शहर के अन्य लोगो के घरो से भी गैस से भरे सिलेण्डर चोरी हुये है। मेरे घर से हुये गैस सिलेण्डर चोरी के बारे में पता करने के लिये आस-पास गली मौहल्ले में लगे सीसीटीवी कैमरे चैक किये तो सीसीटीवी कैमरों में मुझे तीन व्यक्ति गैस सिलेण्डर ले जाते हुये दिखे जिसके बारे में मैने पता किया।

जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक आयोजित, केंद्रीय कृषि मंत्री भागीरथ चौधरी ने की अध्यक्षता

जैविक एवं प्राकृतिक खेती को दें बढ़ावा : केंद्रीय मंत्री चौधरी

अजमेर (हुक्मनामा समाचार)। जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक शनिवार को केंद्रीय कृषि मंत्री भागीरथ चौधरी की अध्यक्षता में जिला परिषद सभागार में आयोजित हुई। चौधरी ने जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर लोक बंधु एवं जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अभिषेक खन्ना ने विभागीय प्रगति से अवगत कराया।

केंद्रीय कृषि मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं की क्रियान्विति का मूल्यांकन करने के लिए जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित की गई है। इसका उद्देश्य इन योजनाओं की पात्र व्यक्ति तक पहुंच सुनिश्चित करना है। अधिक रसायनों के उपयोग से धरती बीमार एवं नशीली हो गई है। इससे बचने के लिए जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। यह कार्य धरती, किसान और प्राणी मात्रा के जीवन को बचाने के लिए करना पड़ेगा। इसके लिए सरकार द्वारा षि विज्ञान केंद्र एवं कृषक उत्पादक संघ (एफपीओ) की श्रृंखला देश भर में स्थापित की गई है। इनके माध्यम से किसानों का प्रशिक्षण भी करवाया जा रहा है। कृषि विज्ञान केंद्र एवं कृषक उत्पादक संघ किसान एवं गांव के मित्र बनकर इनकी आर्थिक उन्नति कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के क्लेम की विभाग द्वारा ब्लॉकवार समीक्षा की जानी चाहिए। इससे फसल खराबे की वास्तविक जानकारी सामने आएगी। इसके अनुसार किसानों को मुआवजा जारी करने के निर्देश दिए गए। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से जुड़ी हुई बीमा कंपनियों को सरकार द्वारा पाबंद किया गया है। अब किसान भी अपनी फसल के खराबे की सूचना एप के माध्यम से दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि सांसद एवं विधायक स्थानीय विकास कोष के माध्यम से स्वीकृत कार्यों को पूर्ण करने के लिए अधिकारी लगातार मॉनिटरिंग करें। पूर्ण विकास कार्यों के उपयोगिता एवं पूर्णता प्रमाण पत्र भी समय पर जारी होने चाहिए। अजमेर जिला नरेगा में सर्वाधिक श्रमिकों को रोजगार देने वाली श्रेणी में है। इसके लिए जिला प्रशासन एवं जिला परिषद बधाई के पात्र हैं। जिले में अवैध खनन रोकने के लिए भी अधिकारियों को निर्देशित किया गया।उन्होंने कहा कि जिले में सार्वजनिक निर्माण विभाग की गारंटी पीरियड की सड़कों की मरम्मत समय पर होनी सुनिश्चित की जाए।

जेठाना ग्राम सेवा सहकारी समिति की वार्षिक आमसभा सोमवार को

मांगलियावास (हुक्मनामा समाचार)। जेठाना ग्राम सेवा सहकारी समिति की वार्षिक आमसभा सोमवार को समिति परिसर में आयोजित की जाएगी। ग्राम सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष नरेंद्र गंगवाल ने बताया कि आमसभा में गत वर्ष की बैठक करवाई का अनुमोदन करते हुए कई नए प्रस्ताव पारित किए जाएंगे। बैठक में नसीराबाद विधायक रामस्वरूप लांबा, सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक अजमेर अध्यक्ष मदन गोपाल चौधरी ,सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक एमडी हरीश सुवासीया भी मौजूद रहेंगे। वार्षिक आम सभा को सफल बनाने के लिए सभी सदस्यों को आमंत्रित किया गया है। बैठक में ग्राम सेवा सहकारी समिति कार्यकारिणी सदस्य सहित ग्रामीण मौजूद रहेंगे।

किशोरियों का मनोबल बढ़ाने शिविर में पहुंच तहसीलदार भागीरथ चौधरी

मांगलियावास (हुक्मनामा समाचार)। दूसरा दशक एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में संचालित चार माही आवासीय किशोरी सशक्तीकरण शिविर की दूसरी अभिभावक बैठक संपन्न हुई। यह अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के वित्तीय सहयोग से आयोजित छठा किशोरी सशक्तीकरण शिविर है। इस बैठक में किशोरियों ने क्या क्या सीखा, समझा उन से जुड़े अनुभव साझा किये। जिसमें मुख्यत: भारतीय संविधान, मिल-जुलकर भेद-भाव रहित सम्मान जनक जीवन जीना क्यों जरूरी है,यौन प्रजनन स्वास्थ्य अधिकार के साथ बाल एवं महिला सुरक्षा कानून , गुड व बेड टच,पोक्सो एक्ट,किशोरावास्था में बदलाव,माहवारी डायरी तथा व्याप्त भ्रांतियों पर बनी समझ को बेझिझक बताया। किशोरियों ने रोल प्ले के माध्यम से भारत भूमि की स्वच्छता के बारे में बताया जिसमें उन्होंने बताया कि किस तरह समाज में लोग स्वच्छता को नहीं अपनाते है जिनके कारण लोगों को यौन रोग , टी.बी जैसी बीमारियों का सामना करना पड़ता है वहीं दूसरी और शिक्षा के महत्व को समझाते हुवे बाल विवाह के बारे में जानकारी दी । शिविर में पढ़ाई को लेकर किशोरियों ने डाटा एंट्री, गृहविज्ञान, हिन्दी, पेंटिंग, व्यवसाय अध्ययन, इतिहास सामाजिक ज्ञान आदि के महत्व को बताया । कुछ किशोरियों ने शिविर की गतिविधियां खेल-कूद, फिल्म देख मनोरंजन, मौज मस्ती, अपना पन का आंनद के पल पर चर्चा की । मुख्य अतिथि तहसीलदार भागीरथ चौधरी जी ने किशोरियों को कहा कि आप बड़े सपने देखो और हकीकत में भी तभी बदलेंगे जब आप ऊंची ऊंचाई हासिल करोगे । उन्होंने कहा कि आप जो भी सीखे सच्चे मन से सीखे तभी आप मंजिल को हासिल कर पाओगे । हमारे लायक़ जो भी जरूरत होगी हम सहयोग करेंगे। मैं शिविर में बराबर आता रहूंगा। अंत में परियोजना निदेशक प्रिंस सलीम ने अभिभावकों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया । इस दौरान कॉर्डिनेटर चेनाराम कुमावत, मास्टर ट्रेनर गुलाम मुस्तफा, शिवजी कुमावत, मीनाजैन, अनीता कुमावत, इख़्वेलो प्रभारी सिंपल कंवर उपस्थित रहे। फोटो कैप्शन- चार माही आवासीय किशोरी सशक्तीकरण शिविर अभिभावक बैठक।

डोडियाना में सड़क निर्माण के दौरान अतिक्रमण को लेकर उखड़े ग्रामीण, ग्राम पंचायत हटवायेगी अतिक्रमण

मांगलियावास (हुक्मनामा समाचार)। डोडियाना में शनिवार ग्रामीणों ने बस स्टैंड मुख्य चौराहे पर सड़क निर्माण कार्य रुकवाने से विवाद खड़ा हो गया। ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत में बस स्टैंड के पास दुकानदारों द्वारा चद्दर लगाकर किया अतिक्रमण को हटाने की मांग की। ग्रामीणों ने कहा कि बस स्टैंड चौराहे पर यदि दुकानदारों द्वारा चद्दर लगाकर किए गए अतिक्रमण नहीं हटाए गए तो मुख्य चौराहे पर दुर्घटना होने की आशंका रहेगी। वही चौराहे का सौंदर्यकरण भी प्रभावित होगा। विवाद के दौरान ग्रामीणों ने बस स्टैंड घुमाव पर दुकानदारों द्वारा चद्दर लगाकर किये गये अतिक्रमण का विरोध करने लगे। सड़क निर्माण ठेकेदार द्वारा कार्य को रोक कर उच्च अधिकारियों को जानकारी दी गई। ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि कल्लु चीता ने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत पर सोमवार को कार्यवाही आरंभ करवा दी जाएगी। चद्दर लगाकर दुकानदारों द्वारा किए अतिक्रमणियों को नोटिस जारी कर अतिक्रमण हटाने के लिए कहा जाएगा। यदि दुकानदार अपनी दुकानों के आगे लगाए चद्दरों को नहीं हटाएंगे तो ग्राम पंचायत द्वारा उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। पूर्व सरपंच रामलाल गुर्जर ने भी पहुंचे ग्रामीणों को समझा इसका प्रयास किया। ग्रामीण सत्यनारायण, शिवजी राम , पुनाराम, जसराज, रामलाल , भंवरलाल सहित ग्रामीणों ने हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन ग्राम पंचायत को देखकर चौराहे पर सड़क किनारे दुकानदारों द्वारा लगाए गए चद्दर और किए गए अतिक्रमण को हटाने की मांग की है।

इन्होंने कर रखा है अतिक्रमण- डोडियाना बस स्टैंड पर एक तरफ भंवर लाल माली कैलाश माली एवं दूसरी तरफ पोलू माली ने अपनी दुकानों के आगे सड़क तक टीन शेड लगाकर अतिक्रमण कर रखा है।

सम्पादकीय

यह कैसी दोस्ती

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2 दिन की अमेरिकी यात्रा को पूरा कर भारत लौट कर आ गए हैं कहा जा रहा है की यात्रा के दौरान अपने शपथ ग्रहण में भी नहीं बुलाने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मोदी से अच्छा व्यवहार किया कहां की आपके बिना अधूरापन था, उन्होंने मोदी को चतुर नेता बताया। मोदी की सफलता और सफल यात्रा के लिए मीडिया में बहुत कसीदे काडे गए। मोदी भारत लौटे और अगले दिन फिर अवैध अप्रवासी भारतीयों को हथकड़ी और बेड़ियों मैं जकड़ कर पंजाब के अमृतसर एयरपोर्ट पर डिपोर्ट कर दिया गया एक पखवाड़े पहले भी 104 भारतीयों को ऐसे ही डीपोर्ट किया गया था। गैस संख्या इस वर्ष के अंत तक 17000 को पार कर जाएगी। सेना के माल वाहक विमान में ऐसे भरकर डीपोर्ट करने के लिए भारतीयों को लाना शर्मनाक स्थिति है अमेरिका को अपने यहां अवैध रूप से पहुंचे बिना कागजात वाले भारतीय प्रवासियों को निकलने का अधिकार है और उन्हें निकाला भी जाना चाहिए ताकि भविष्य में कोई बिना कागज की अवैध रूप से जाने की चेष्टा ना करें। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी अपने मित्र से कहकर यह व्यवस्था तो करवा लेते की इन प्रवासी भारतीयों को भारत अपना विमान भेजकर मंगा ले, ताकि उन्हें बिना हथकड़ी और बेडियो के लाया जा सके। लगता है 4 घंटे की वार्तालाप में प्रधानमंत्री मोदी यह बात ट्रंप को कहने का साहस नहीं जुटा पाए अथवा ट्रंप ने उनके आग्रह को मना कर दिया। आज फिर हमारा देश शर्मसार हो गया है और पता नहीं कितनी बार ऐसा शर्मसार होता रहेगा। क्या प्रधानमंत्री मोदी गौतम अडानी को अमेरिकी कानून से छुड़वाने के लिए ही गए थे क्या उनका अवैध भारतीय अप्रवासी को सम्मान के साथ भारत में लाना नहीं था यदि ऐसी कोई भी स्थिति थी तो वह शर्मनाक है क्योंकि इस मामले पर कोलंबिया जैसे छोटे देश अमेरिका के आदेश को ठुकरा चुके हैं और अमेरिका को झुका चुके हैं। ऐसे में क्या भारतीयों को अपचम के खिलाफ सीधी कार्यवाही शुरू करनी चाहिए क्योंकि भारत सरकार तो इस मामले में कुछ करने से रही नहीं। अमेरिकी दूतावास पर प्रदर्शन ट्रंप का पुतला जलना, भारत आने वाले अमेरिकी नागरिकों का बहिष्कार, अमेरिकी सामान का बहिष्कार ऐसे कई कार्य हैं जिसे जनता अपने दम पर करें तो अमेरिका को अपना निर्णय पलटने पर बाध्य होना पड सकता है।

वैभव लोढ़ा...

क्रॉस फायर

❑प्रधानमंत्री मोदी बोले ट्रंप ने भारत अमेरिका संबंधों को संजोया और जीवंत बनाया।

◆हथकड़ियां और बेड़ीया रंग भर देगी।

❑अमेरिका रविवार को 119 और अवैध अप्रवासियों को भारत भेजेगा।

◆सरप्राइज गिफ्ट मोदी जी के लिए।

❑मणिपुर में मेती समाज राष्ट्रपति शासन के खिलाफ, कुकी समाज का समर्थन।

◆दोनों समाज कभी एक नहीं हो सकते एक बात पर।

❑नए चुनाव आयुक्त के चयन पर 17 फरवरी को बैठक होगी।

◆नाम तो पहले से ही तय है।

❑कांग्रेस ने विभिन्न राज्यों के लिए नियुक्त किये प्रभारी।

◆यह राज्यों में जाकर पार्टी को क्या खुद को मजबूत करेंगे।

❑केंद्रीय मंत्री शेखावत बोले फोन टैपिंग पर गहलोत को चर्चा करने का नैतिक अधिकार नहीं।

◆राजनीति में तो जिसको मतलब नहीं वही पंचायती करता है।

❑गहलोत बोले सरकार ने जयपुर और जोधपुर में दिव्यांग विश्वविद्यालय का काम रोका।

◆सरकार को तो वोट और नोट दोनों चाहिए।

❑जयपुर जोधपुर कोटा में एक-एक नगर निगम कम होगा।

◆पहली बार सुन रहे हैं कम करने से विकास होता है।

.....अंजू लोढ़ा

आज का राशिफल

रविवार 16 फरवरी 2025

मेष राशि: आज विचारों को गतिशीलता से दुविधा का अहसास हो सकता है। कोई एक निर्णय पर नहीं आ सकेंगे। आज का दिन आपके लिए नौकरी और धंधे के क्षेत्र में चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

वृषभ राशि: आज का दिन मध्यम फलदायी होगा। आज आपका दुविधापूर्ण व्यवहार आपको मुश्किल में डाल सकता है।

मिथुन राशि: तन मन की ताजगी के साथ आज की शुरुआत होगी। दोस्तों और परिवार के साथ मनपसंद खाना खाने का अवसर मिल सकता है।

कर्क राशि: आज का दिन मिश्रित फलदायी होगा। आज ज्यादा खर्च का दिन है। परिवार का वातावरण ज्यादा अच्छा नहीं रहेगा।

सिंह राशि: आज का दिन आलस्य तथा थकान में बीत सकता है। क्रोध और वाणी पर संयम रखें, अन्यथा हानि हो सकती है।

कन्या राशि: व्यापारी वर्ग और नौकरीपेशा दोनों के लिए आज का दिन लाभदायी निकलेगा ऐसा गणेशजी कहते हैं।

तुला राशि: आज नौकरी में उच्च वर्ग के अधिकारियों की नाराजगी सहन करनी पड़ सकती है। व्यवसाय में परेशानी हो सकती है। संतान के भविष्य को लेकर चिंता हो सकती है।

वृश्चिक राशि: अनैतिक कार्यों से दूर रहें। नए संबंध बनाने से पहले सोचें। धन खर्च ज्यादा होने से आर्थिक परेशानी का अनुभव कर सकते हैं।

धनु राशि: आज बौद्धिक तार्किक विचार विनिमय के लिए समय बहुत अच्छा है। समाज में सम्मान मिलेगा। मित्रों के साथ मुलाकात होगी।

मकर राशि: आपको व्यापार धंधे में सफलता मिलेगी, परंतु कानून में न फंसें, उसका ध्यान रखें। व्यापार धंधे के लिए भावी योजना सफलतापूर्वक संपन्न होंगी।

कुम्भ राशि: आज आप बौद्धिक शक्ति से लेखनकार्य और सृजन कार्य अच्छी तरह से पूरे कर सकेंगे। आपके विचार किसी एक बात पर स्थिर नहीं रहेंगे और उसमें लगातार परिवर्तन होता रहेगा।

मीन राशि: आज मकान, वाहन, वगैरह के दस्तावेजों को अत्यंत संभालकर रखना होगा। परिवार का माहौल बिगड़े न, इसके लिए वाद-विवाद टालें।

राजेन्द्र गुप्ता
ज्योतिषी और हस्तरेखाविद, मो. 9611312076

नोट- अगर आप अपना भविष्य जानना चाहते हैं तो दिए गए मोबाइल नंबर पर कॉल करके या इसी व्हाट्स एप नम्बर पर मैसेज भेजकर पहले शर्तें जान लेवें, इसी के बाद अपनी बर्थ डिटेल और हैंडप्रिंट्स भेजें।

भारत-अमेरिका मैत्री से विकास के नये रास्ते खुलेंगे

ललित गर्ग

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हाल में सम्पन्न हुई अमेरिका की दो दिवसीय यात्रा अनेक दृष्टियों से ऐतिहासिक, अविस्मरणीय एवं मील का पत्थर बनकर प्रस्तुत हुई है। यह निश्चित है कि मोदी के नेतृत्व में एक नई सभ्यता और एक नई संस्कृति गढ़ी जा रही है। व्हाइट हाउस में संपन्न प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बातचीत कई मायनों में सकारात्मक एवं परिणामकारी रही। उसमें किसी तरह की तल्खी नजर नहीं आई, बल्कि मोदी-ट्रंप की दोस्ती ही नये विश्वास एवं संकल्प के साथ उभर कर सामने आयी है। यह निर्विवाद सत्य है कि अमेरिका हमेशा अपने कारोबारी हितों को ही प्राथमिकता देता है। इस मुलाकात में यही नजर आया कि ट्रंप दोनों देशों के व्यापार संतुलन का पलड़ा अमेरिका के पक्ष में करने को कटिबद्ध है। लेकिन मोदी ट्रंप की चतुराई को भी अपनी सादगी एवं सरलता से मात देते हुए भारत के हित में अनेक समझौते कर लिये हैं। यह तथ्य सर्वविदित है कि अमेरिका की नीतियां 'अमेरिका से शुरू होकर अमेरिका' पर ही समाप्त हो जाती हैं।

दूसरी बार सत्ता में आए ट्रंप ने जिस आक्रामक तरीके से कनाडा, मैक्सिको व चीन आदि पर टैरिफ लगाए हैं, वैसी आक्रामकता उन्होंने भारत के प्रति नहीं दिखायी। यह अमेरिका की भारत के प्रति एक विशेष दृष्टि मोदी के प्रभाव का ही परिणाम है। ट्रंप ने मोदी को अपनी तुलना में बेहतर सख्त वार्ताकार बताया। दोनों नेताओं ने वर्ष 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दुगुना करने तथा लाभप्रद व्यापार समझौते के लिये बातचीत करने का संकल्प भी जताया। भविष्य में व्यापार समझौता अमेरिका के पक्ष में न झुके, इसके लिये प्रधानमंत्री मोदी ने कूटनीतिक कौशल का इस्तेमाल किया। भारत को नया बनने के लिए, स्वर्णिम बनाने के लिए, अनूठा बनाने के लिए और उसे विश्व की एक बड़ी ताकत के रूप में उभारने के लिये मोदी के प्रयास अनूठे भी हैं और विलक्षण भी हैं। यहां उल्लेखनीय है कि मोदी-ट्रंप मुलाकात में रक्षा और सुरक्षा क्षेत्र में बातचीत सकारात्मक रही। दोनों देशों ने एक दस वर्षीय रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए। जिसमें प्रमुख हथियारों और प्लेटफार्मों के सह-उत्पादन को आगे बढ़ाने की महत्वाकांक्षी योजना का मार्ग प्रशस्त किया गया। वहीं दूसरी ओर यदि भारत को अमेरिकी एफ-35 स्टील्थ लड़ाकू विमानों की प्रस्तावित आपूर्ति परवान चढ़ती है तो पड़ोसी देशों की बेचैनी और बढ़ जाएगी और भारत की ओर देखने की उनकी हिम्मत नहीं होगी। मोदीजी का जादू एक बार फिर सिर चढ़कर बोला है। मोदी की इस यात्रा के पीछे इरादा केवल भावनात्मक रिश्तों की बुनियाद को मजबूत करना नहीं रहा है, बल्कि भारत के हक में अमेरिकी नीतियों को प्रभावित करने के लिए उनका सहयोग पाने की मंशा भी रहा है, जो सफल हुआ। संभव है इससे भारत और अमेरिका दोनों ही देशों में विकास के नये रास्तें खुलेंगे।

इस यात्रा के दौरान महत्वपूर्ण घोषणा यह भी रही है कि 26/11 के साजिशकर्ता तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी गई है। यह पाकिस्तान को चेतावनी भी है कि वह अपनी जमीन से आतंकवादियों को सीमापार आतंकी हमलों को अंजाम देने में मदद बंद करे। अब इस्लामाबाद पर मुंबई और पठानकोट के आतंक हमलों के साजिशकर्ताओं को सजा देने का दबाव भी बढ़ जाएगा। निस्संदेह, ट्रंप का 'टैरिफ आतंकवाद' निगलने वाली कड़वी गोली हो सकती है, लेकिन भारत की रक्षा तैयारियों में अमेरिका की बड़ी भूमिका एक आकर्षक प्रस्ताव होगा, जिससे भारत सैन्य मोर्चे पर सशक्त होकर उभरेगा। ट्रंप के साथ मुलाकात में भारत ने अवैध रूप से आए भारतीयों को वापस लेने की बात भी कही। पत्रकार वार्ता में मोदी ने कहा कि इस मुद्दे पर हमारे विचार एक जैसे हैं। यदि अमेरिका में अवैध भारतीय प्रवासियों की पुष्टि होती है तो हम उन्हें वापस लेने के लिये तैयार हैं। उन्होंने इसे मानव तस्करों की करतूत बताया। मोदी की यह यात्रा दो बहुत अच्छे दोस्तों की बहुत ही नाजूक समझौतेवादी भूमिका को देखने का एक दिलचस्प एवं रोमांचक मौका बनी, प्रतिकूल लगते हालात को अनुकूल नतीजों की ओर मोड़ने का कौशल भी इस यात्रा में बेहतरीन अंदाज में नजर आया। दोनों नेता न केवल पहले से एक-दूसरे को अच्छी तरह से जानते रहे हैं बल्कि उनके बीच की व्यक्तिगत मित्रता एवं आत्मीयता भी चर्चित रही है। यह सुखद संयोग है कि दोनों नेता दुनिया के सबसे बड़े पुराने और सबसे विशाल लोकतंत्र के राष्ट्राध्यक्ष हैं। अमेरिका को पहले से ही दुनिया ग्लोबल लीडर मानती रही है। अब भारत नया और उभरता हुआ विश्वनेता बना है। ऐसे में प्रधानमंत्री मोदी और ट्रंप की जोड़ी से दुनिया पर नये तरीके से आधिपत्य बदलता दिख रहा है। दोनों देशों के लगातार बेहतर होते रिश्तों की पृष्ठभूमि इस तथ्य को और महत्वपूर्ण बना रही थी। फिर भी यात्रा से पहले के घटनाक्रम ने इसकी कामयाबी पर भले ही संदेह की परतें चढ़ा रखी थी, लेकिन मोदी की कुशलता एवं कूटनीति से सभी वार्ताएं सौहार्दपूर्ण होकर सकारात्मक बनी। जिससे भारत एक बार फिर दुनिया के सामने सशक्त एवं ताकतवर बनकर ही प्रस्तुत हुआ है।

ट्रंप के कतिपय सख्ती से बने तनाव को मोदी ने हावी नहीं होने दिया। प्रधानमंत्री मोदी पूरी तरह से अपने अजेंडे पर केंद्रित रहे। उन्होंने न केवल ट्रंप की तारीफ की बल्कि राष्ट्रपति ट्रंप के प्रिय नारे 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' (एमएजीए) की तर्ज पर अपना नारा पेश किया- 'मेक इंडिया ग्रेट अगेन' (एमआईजीए), और यह भी कहा कि जब एमएजीए और एमआईजीए साथ आते हैं तो बन जाता है एमईजीए जो दोनों देशों की शानदार साझेदारी की कहानी कहता है। इस तरह दोनों देश ने दुनिया के बॉस होते हुए अपने वर्चस्वी होने को व्यक्त किया। अमेरिका तो इस भूमिका में रहा है, लेकिन अमेरिका भारत को भी इस भूमिका में मानता है तो निश्चित ही यह भारत की दुनिया में मजबूत होती स्थिति को ही बयां कर रहा है। अब दुनिया के हर विवादों को सुलझाने में भारत-अमेरिका की संयुक्त एवं भूमिका महत्वपूर्ण होने से भारत की ताकत को समझा जा सकता है। निश्चित रूप से दोनों देशों के बीच के कई समीकरण आने वाले दिनों में नया आकार लेंगे, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा ने इस उम्मीद को ठोस आधार दे दिया है कि सहयोग के स्वरूप में जो भी बदलाव हो, रिश्ता बेहतर ही होता जाएगा। मोदी की इस अमेरिका यात्रा की अहमियत जाहिर है और इसे संभावनाभरा भी माना जा रहा है। डोनाल्ड ट्रंप के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद यह अमेरिका का उनका पहला सफर है। ट्रंप के साथ वाइट हाउस में मोदी की मुलाकात ने यही जताया कि दोनों नेताओं एवं देशों के संबंधों को और प्रगाढ़ करने की ललक दोनों तरफ है।

भारतीय प्रधानमंत्री की अमेरिकी राष्ट्रपति से मुलाकात पर देश ही नहीं, दुनिया की भी निगाहें थीं। एक तो इसलिए कि मोदी उन चुनिंदा शासनाध्यक्षों में से एक हैं, जिनसे डोनाल्ड ट्रंप ने प्रारंभिक दौर में ही मुलाकात करना बेहतर समझा और दूसरे इसलिए कि भारत अब एक बड़ी ताकत बन चुका है और वैश्विक मामलों में उसका रुख-रवैया एवं नीतियां मायने रखती है। इस मुलाकात को लेकर जिज्ञासा का एक कारण यह भी था कि बाइडन प्रशासन के समय अमेरिका और भारत के संबंधों में एक खिंचाव आ गया था। एक अर्से से यह महसूस किया जा रहा था कि बाइडन प्रशासन भारतीय हितों की वैसी चिंता नहीं कर रहा है, जैसी करनी चाहिए। मोदी और ट्रंप की मुलाकात ने यह तो रेखांकित किया कि दोनों देशों के संबंधों में गर्मजोशी लौट आई है, लेकिन अभी यह नहीं कहा जा सकता कि अमेरिका भारत की समस्त चिंताओं का समाधान करने जा रहा है, लेकिन इसे नकारा भी नहीं जा रहा है। ट्रंप ने बांग्लादेश के मामले में भारत के मन मुताबिक बात कहकर, सीमा पार यानी पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद से मिलकर लड़ने का वादा किया। कुल मिलाकर विकसित भारत के लक्ष्य में सहायक बनने वाले विभिन्न क्षेत्रों में अमेरिका से सहयोग की राह प्रशस्त होना भारत के लिये एक नये सूरज का उदय ही कहा जायेगा।

इस लेख में विचार लेखक के है समाचार पत्र का इससे कोई सरोकार नहीं -सम्पादक

दिल्ली सरकार के शपथ समारोह में एनडीए का जलवा देखने को मिलेगा

बाल मुकुन्द ओझा

दिल्ली में मुख्यमंत्री के पद को लेकर बना सस्पेंस अब ख़त्म होने वाला है। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी अपनी विदेश यात्रा से स्वदेश लौट चुके है। जल्द ही इसपर फैसला लिया जा सकता है। अमित शाह और जेपी नड्डा, मोदी के साथ एक अहम बैठक के बाद दिल्ली में सीएम के चेहरे का ऐलान होगा। भाजपा सूत्रों के मुताबिक, 17 या 18 फरवरी को विधायक दल की मीटिंग हो सकती है और 19 या 20 फरवरी को शपथ ग्रहण संभव है। शपथग्रहण समारोह को शानदार बनाने के लिए एनडीए गठबंधन के सभी मुख्यमंत्रियों और प्रमुख नेताओं को दिल्ली बुलाया जा रहा है। पार्टी शानदार शपथ ग्रहण समारोह की तैयारी कर रही है। इस शानदार समारोह में एनडीए का जलवा देखने को मिलेगा। राजधानी दिल्ली के जवाहर लाल नेहरु स्टेडियम में शपथ ग्रहण समारोह के आयोजन पर मंथन हो रहा है। इसलिए सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए और भव्य आयोजन को देखते हुए बड़े जगह की तलाश की जा रही है। मीडिया में सीएम को लेकर लगातार चर्चाओं का बाजार गर्म है। एक सप्ताह बाद भी सीएम के चेहरे पर फैसला नहीं होने के कारण भाजपा विरोधियों के निशाने पर आ गई है। बताया जाता है जीते हुए 48 विधायकों में पहले लगभग एक दर्ज़न नाम छांट दिए गए और फिर जाति, क्षेत्र और लोकप्रियता के समीकरण के आधार पर नाम तय किए गए है इन्हीं नामों में से मुख्यमंत्री, मंत्री और स्पीकर, डिप्टी स्पीकर और मुख्य सचेतक का नाम तय किया जाएगा। सियासी सूत्रों के मुताबिक चुने हुए विधायकों में से ही कोई एक सीएम बनेगा। मुख्यमंत्री के पद के लिए इस समय केजरीवाल को हराने वाले प्रवेश वर्मा, भाजपा के पूर्व दिल्ली अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता और सतीश उपाध्याय, मनजिंदर सिंह सिरसा, राजकुमार चौहान, रेखा गुप्ता, शिखा रॉय, वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, अशीष सूद और पवन शर्मा के नामों की चर्चा सबसे ज्यादा हो रही है। सीएम की दौड़ में सबसे आगे प्रवेश वर्मा का नाम लिया जा रहा है। प्रवेश पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय साहिब सिंह वर्मा के बेटे हैं, जो इस चुनाव में अरविंद केजरीवाल को नई दिल्ली विधानसभा सीट से हराकर चर्चा में आए हैं।

उन्हें मुख्यमंत्री पद के लिए सबसे मजबूत उम्मीदवार माना जा रहा है। प्रवेश ने न केवल केजरीवाल को हराया, बल्कि पार्टी के भीतर भी उनकी पकड़ मजबूत है। उनकी गिनती तेज तर्रार और जनाधार वाले नेता के रूप में की जाती है। विजेंद्र गुप्ता प्रतिपक्ष के नेता और तीन बार के विधायक है। मनजिंदर सिंह सिरसा को पंजाब को साधने के लिए आगे लाया जा सकता है। भाजपा महिला उम्मीदवार को भी मौका दे सकती है। रेखा गुप्ता और शिखा रॉय दो ऐसे नाम हैं जो इस रेस में शामिल हो सकते हैं। अलग अलग टीका टिप्पणियों के बीच भारतीय जनता पार्टी के कुछ नेताओं नेताओं का कहना है इस शीर्ष पद के लिए चयन पार्टी के नवनिर्वाचित विधायकों में से किया जाना चाहिए। भाजपा 27 साल के बनवास के बाद दिल्ली की सत्ता में लौटी है। पार्टी ने अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आप के 10 साल के राजनीतिक प्रभुत्व को तोड़ दिया। बीजेपी मुख्यमंत्री पद के लिए किसे चुनेगी, इसे लेकर सरगर्मियां तेज हो गई हैं। यह भी कहा जा रहा है बिहार के इस साल होने वाले चुनाव साधने के लिए भाजपा पूर्वांचली विधायकों पर दांव खेल सकती है। भाजपा ने पूर्वांचल बहुत 27 सीटों में से 19 पर जीत हासिल की है। जाति, समुदाय, लिंग और क्षेत्रीय संबद्धता के आधार पर भी कई नाम चर्चा में हैं। नए मंत्रिमंडल में महिलाओं और दलित नेताओं की भागीदारी के साथ जातीय समुदायों को भी साधने की उम्मीद है। यह चुनाव मोदी के फेस और कमल के फूल पर लड़कर जीता गया। भाजपा के पर्यवेक्षक विधायक दल की बैठक में शामिल होंगे और विधायकों के साथ बैठक कर उनकी राय जानेंगे। भाजपा के सभी नव निर्वाचित भाजपा विधायक दल की औपचारिक बैठक शीघ्र बुलाई जाकर नेता पद के लिए सर्वसम्मति से एक औपचारिक प्रस्ताव पारित कर भाजपा आलाकमान को भिजवाया जायेगा। भाजपा पार्लियामेंट्री बोर्ड इस पर अंतिम निर्णय लेगा। कहने का तात्पर्य है मोदी ही नेता का चुनाव करेंगे। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के मन की थाह लेना मुश्किल ही नहीं अपितु असंभव है।

इस लेख में विचार लेखक के है समाचार पत्र का इससे कोई सरोकार नहीं -सम्पादक

जेईई मेन 2025 - क्यों है सवालों के घेरे में नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ?



अशोक भाटिया

जेईई मेन 2025 सत्र एक का रिजल्ट घोषित हो चुका है, जिसमें राजस्थान के आयुष सिंघल) ने टॉप किया है, दूसरे नंबर पर कर्नाटक के कुशाग्र गुप्ता और तीसरे नंबर पर दिल्ली के दक्ष का एनटीए स्कोर 100 रहा है। वहीं जेईई मेन रिजल्ट को लेकर एनटीए यानी नेशनल टेस्टिंग एजेंसी पर एक बार फिर से आरोप लग रहे हैं। दरअसल एनटीए ने त्रुटियों के कारण जेईई मेन 2025 फाइनल आंसर-की से 12 प्रश्नों को हटा लिया है, जो अब तक के इतिहास में सबसे अधिक है। ऐसे में एनटीए की निष्पक्ष और पारदर्शी परीक्षा आयोजित करने की क्षमता पर सवाल उठ रहे हैं। प्रश्नों की कुल संख्या 90 से घटाकर 75 करने के बावजूद, त्रुटि दर बढ़कर 1.6त्न हो गई, जो ऐतिहासिक 0.6 प्रतिशत से लिमिट से कहीं अधिक है। एनटीए की पारदर्शिता की कमी है, हटाए गए प्रश्नों की संख्या के बारे में इसके दावों में असंगतता है, जिससे अंडर-रिपोर्टिंग का संदेह पैदा होता है। एनटीए के महानिदेशक पी एस खारोला ने मीडिया के सवालों का जवाब नहीं दिया। शिक्षा मंत्रालय ने एनटीए से एक जवाब भेजा है जिसमें पाठ्यक्रम विसंगति की चिंताओं को नजरअंदाज किया गया है, जिससे इसकी जवाबदेही के बारे में संदेह गहरा गया है। एनटीए ने दावा किया कि 2023, 2024 और 2025 के सत्र 1 में छह प्रश्न हटाए गए थे, लेकिन 2025 की आंसर-की में 12 हटाए गए प्रश्न सूचीबद्ध हैं। टीओआई के विश्लेषण में पाया गया कि 2023 के सत्र 1 में पांच प्रश्न हटाए गए थे, जबकि 2022 के सत्र 1 और 2 में क्रमशः चार और छह प्रश्न हटाए गए थे। फरवरी और मार्च 2021 की परीक्षाओं में कोई प्रश्न नहीं हटाया गय।। इसके बावजूद, एजेंसी ने अपना बचाव करते हुए कहा, इस साल की रिकॉर्ड-कम चुनौती दर और न्यूनतम त्रुटियां देश भर में इंजीनियरिंग उम्मीदवारों के लिए निष्पक्ष, पारदर्शी और त्रुटि-मुक्त परीक्षा प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए ह्ल की प्रतिबद्धता की पुष्टि करती हैं। देश के प्रतिष्ठित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) में इतनी बड़ी संख्या में प्रश्न छूट जाने से संबंधित छात्रों और शिक्षकों के बीच चर्चा होना स्वाभाविक है। लेकिन अगर राष्ट्रीय प्रणाली, राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) को आईआईटी प्रवेश परीक्षा में दर्जनों प्रश्नों को छोड़ने के लिए मजबूर किया जाता है क्योंकि यह गलत है, तो सवाल केवल उच्च शिक्षा के बारे में उठते हैं। पिछले साल नीट-यूजी पेपर लीक के कारण प्रसिद्ध था। अब, जेईई-मेन के अवसर पर, इस साल के प्रवेश परीक्षा सत्र के विवाद परीक्षा प्रणाली की गलतियों के साथ शुरू हो गए हैं जो प्रश्न पूछ रहे हैं। जेईई-मेन परीक्षा में की गई गलतियां। हालांकि, मुख्य सवाल यह है कि परीक्षा आयोजित करने वाले सिस्टम कुशल क्यों नहीं हैं और इसलिए इस पर टिप्पणी करने की आवश्यकता है। जेईई-मेन आईआईटी में पहला कदम है और देश भर के इंजीनियरिंग कॉलेजों में अखिल भारतीय सीटों को भरने के लिए इसके अंकों पर भी विचार किया जाता है। स्वाभाविक रूप से, देश भर से लगभग 15 लाख छात्र हर साल परीक्षा के लिए बैठते हैं। परीक्षा दो सत्रों में होती है, जिनमें से एक जनवरी में हुई थी, जिसे हाल ही में घोषित किया गया था और दूसरा अप्रैल में। प्रणाली के अनुसार, एक प्रश्न पत्र को देश भर में मुद्रित और वितरित किया जाना है, इसलिए परीक्षा से पहले प्रश्न पत्र के पैर टूटने की संभावना कम है। इस अर्थ में, यह एक अच्छा तरीका है। हालांकि, यह थोड़ा जटिल है कि अलग-अलग सत्रों में अलग-अलग, लेकिन समान रूप से कठिन, प्रश्नों की आवश्यकता होती है। बेशक, पेपर लीक से बचने के लिए वह भी आवश्यक है। संक्षेप में, एक ही प्रवेश परीक्षा के लिए सैकड़ों प्रश्न तैयार करना जिम्मेदारी है। लेकिन, अगर उनमें से केवल बारह गलत हैं, तो यह कहना हास्यास्पद है, क्योंकि, %एनटीए जैसी स्वायत्त संस्था से इस विषय पर बहुत सारे सवाल पूछने की जिम्मेदारी लेने की उम्मीद की जाती है। वास्तव में, यह संस्थान की स्थापना के उद्देश्यों में से एक है, जिसके लिए उनके पास देश भर से विषय विशेषज्ञ भी उपलब्ध हैं। इस वर्ष, जेईई-मेन के पहले सत्र के बाद प्रकाशित उत्तर पुस्तिका पर उठाई गई आपत्तियों को सत्यापित करने के बाद, एनटीए ने अंतिम उत्तर सूची प्रकाशित की और 12 प्रश्नों को छोड़ दिया। इसका मतलब है कि प्रश्न पत्र में 12 प्रश्न गलत थे। भौतिकी, गणित और रसायन विज्ञान के 25 प्रश्नों में से कुछ गलत थे और कुल 12 प्रश्न गलत थे। परीक्षा के लिए उपस्थित होने वाले सभी छात्रों को इन 12 प्रश्नों के पूर्ण अंक मिलेंगे, चाहे छात्र ने प्रश्न हल किया हो या नहीं।

प्रत्येक सही उत्तर के लिए 4 अंकों के अनुसार सभी को 48 अंक मिलेंगे। चूंकि सत्र अलग-अलग हैं, इसलिए पर्सेंटाइल का समग्र परिणाम पर अधिक प्रभाव नहीं पड़ेगा। हालांकि, प्रश्न में गलतियों के कारण कई नए प्रश्न उठाए जा रहे हैं। इनकी तीव्रता कम नहीं होती। जबकि जनवरी में परीक्षा के लिए उपस्थित होने वाले सभी 12.5 लाख छात्रों को 48 अंक मिलेंगे, क्या होगा यदि कुछ छात्रों ने इन 12 प्रश्नों को हल करने के लिए बहुत शोर मचाया और इससे उन्हें अगले कुछ प्रश्नों को हल करने के लिए बहुत कम समय मिला, या अगले प्रश्नों के बारे में सोचने के लिए ज्यादा समय नहीं मिला और शायद वे अपने उत्तर से चूक गए? माना कि ऐसी घटनाओं को मापा नहीं जा सकता, लेकिन हम इस बात से कैसे इनकार कर सकते हैं कि ऐसा हो सकता था और एनटीए द्वारा उठाए गए गलत सवाल इसके लिए जिम्मेदार थे? एनटीए एक स्वायत्त निकाय, यह सुनिश्चित करने के लिए स्थापित किया गया था कि प्रवेश परीक्षा अधिक पारदर्शी और प्रतिस्पर्धी तरीके से आयोजित की जाए। एनटीए ने अपनी वेबसाइट पर विषय विशेषज्ञों, सूचना प्रौद्योगिकी सेवाओं और सुरक्षा पेशेवरों की मदद से परीक्षा प्रणाली में खामियों को दूर करने के अपने इरादे की भी घोषणा की है। ऐसा क्या है यदि ऐसी गलतियाँ लापरवाही का संकेत नहीं हैं, ऐसी गलतियाँ लापरवाही की निशानी नहीं हैं, जिसके लिए अंग्रेजी में प्रश्न पत्र में एक ही उत्तर का विकल्प सही है, जिसके लिए भारतीय भाषाओं में प्रश्न पत्र में सही उत्तर के दो विकल्प उपलब्ध हैं? पिछले साल, उसी ह्ल द्वारा आयोजित नीट परीक्षा में अनियमितताएं थीं। कई छात्रों, विशेष रूप से कुछ केंद्रों के छात्रों को प्राप्त अंकों पर कई संदेह थे। यहां तक कि अगर पूरी परीक्षा फिर से आयोजित नहीं की गई थी, तो संदेह दूर नहीं हुए थे। क्या यह कहा जाना चाहिए कि ईमानदारी से परीक्षा देने वालों को परीक्षा प्रणाली द्वारा माना गया था? यह सिर्फ जेईई-मेन में हुई 12 गलतियों का सवाल नहीं है, यह एनटीए की विश्वसनीयता और पारदर्शिता के बारे में है। एनटीए जेईई-मेन, एनईईटी, यूजीसी-एनईटी, जेएनयू प्रवेश परीक्षा, जीपीएटी, सीमैट, आईसीएआर की अखिल भारतीय प्रवेश परीक्षा, आईआईएफटी की प्रवेश परीक्षा, पीएचडी और इग्नू की ओपनमैट परीक्षा सहित विभिन्न प्रबंधन पाठ्यक्रमों के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा, दिल्ली विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा सहित विभिन्न प्रकार की परीक्षाएं आयोजित करता है। इन सभी प्रवेश परीक्षाओं की विश्वसनीयता हर साल होने वाली गड़बड़ियों के कारण दांव पर है। यह स्नातक प्रवेश परीक्षाओं के लिए एनटीए जैसी स्वायत्त संस्था की स्थापना की समस्या का हिस्सा है।

इस लेख में विचार लेखक के है समाचार पत्र का इससे कोई सरोकार नहीं -सम्पादक

जिला चिकित्सालय की सफाई व्यवस्था पर विधायक कृपलानी ने जताई नाराजगी

निम्बाहेड़ा (हुक्मनामा समाचार)। जिला चिकित्सालय निम्बाहेड़ा में आयोजित एक कार्यक्रम को दौरान चिकित्सालय परिसर में स्थित शौचालयों के आकस्मिक निरीक्षण में सफाई व्यवस्था में बरती जा रही लापरवाही एवं गंदगी को देख कर पूर्व स्वायत्त शासन मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी ने नाराजगी जताते हुए सफाई ठेका निरस्त करने के निर्देश दिए। विधायक कृपलानी ने शुक्रवार को पूर्व विधायक अशोक नवलखा, उपखण्ड अधिकारी विकास पंचौली, भाजपा नगर अध्यक्ष कपिल चौधरी के साथ जिला चिकित्सालय के शौचालयों, उद्यान आदि की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर गायनिक वार्ड एवं लेबोरेट्री के समीप निर्मित शौचालयों में पसरी गंदगी पर नाराजगी जताते हुए सफाई ठेकाकर्मी पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

बांगड़ अस्पताल में इण्डियन ऑयल द्वारा प्रदत उपकरणों का लोकार्पण

डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)। के राजकीय बांगड़ जिला चिकित्सालय में इण्डियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के अन्तर्गत तीन उपयोगी मशीने उपलब्ध करवाई गई है। इन मशीनों में लॉण्ड्री मशीन मय स्थापना, फ्लोर क्लीनिंग मशीन और एक एनेलाइजर शामिल है।जिसमे एक गरिमामय कार्यक्रम में इण्डियन ऑयल के आला अधिकारियों द्वारा ये उपकरण डीडवाना जिला कलेक्टर पुखराज सेन और बांगड़ जिला चिकित्सालय के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ अजीत सिंह शेखावत को सौंपे गये।बांगड़ चिकित्सालय के

तकनीकी अधिकारी अमरीश माथुर ने बताया की पूर्व में भी इण्डियन ऑयल द्वारा बांगड़ चिकित्सालय में ऑटोमैटिक बायोकैमिस्ट्री एनेलाइजर उपलब्ध करवाया गया था, इसके बाद हमनें जिला कलेक्टर के माध्यम से एक बार फिर से इण्डियन ऑयल कॉर्पोरेशन से इन मशीनों को उपलब्ध करवाने का आग्रह किया था, जिसे कम्पनी के उच्च अधिकारियों ने स्वीकार कर लिया और ये मशीनें उपलब्ध करवाई गई है। उपरोक्त सभी उपकरणों की आपूर्ति एवं स्थापना अस्पताल में सफलतापूर्वक कर दी गई है।कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके की गई और समस्त अधिकारियों का माला और साफा पहनाकर स्वागत किया गया। कम्पनी की ओर से इंडियन आयल के महाप्रबंधक भागवत किशोर ने इन उपकरणों के डॉक्यूमेंट्स जिला कलेक्टर और पीएमओ को सौंपे।

उन्होंने अपने उदबोधन में डीडवाना जिले में चल रहे इंडियन आयल के मूंधड़ा-पानीपत क्रूड ऑयल पाइपलाईन प्रोजेक्ट की जानकारी दी और कहा की हमारी कंपनी फ्रनेशन फर्स्टफ्र की भावना को लेकर काम करती है और हम हमारे नियमित कामकाज़ के अलावा देश और समाज की सेवा में सदैव तत्पर रहते हैं।इस कार्यक्रम में इंडियन आयल की तरफ़ से कम्पनी के उप महाप्रबंधक गौरव शुक्ला, उप महाप्रबंधक ए के खिंडर, मुख्य प्रबंधक संजय कुमार , वरिष्ठ प्रबंधक समित रिचर्ड, निर्माण प्रबंधक अंजनी कुमार यादव, सहायक निर्माण प्रबंधक नरेश मीणा, बांगड़ जिला चिकित्सालय के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ एस के बाटन, डॉ महेन्द्र सिंह गढ़वाल, लैब प्रभारी डॉ सरिता नेत्रा, नर्सिंग अधीक्षक राजेन्द्र प्रसाद टाक, कैलाश डोंगीवाल, हरीश गुर्जर आदि मौजूद रहे।

बरड़ क्षेत्र के राजपुरा में चल रही श्रीमद् भागवत कथा

मनुष्य से गलती हो जाना बड़ी बात नहीं लेकिन ऐसा होने पर समय रहते सुधार और प्रायश्चित जरूरी है : पं शिवलहरी गौतम

डाबी (हुक्मनामा समाचार)। राजपुरा में चामुंडा माता मंदिर परिसर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के द्वितीय दिवस पर पं शिवलहरी गौतम ने कहा कि मनुष्य से गलती हो जाना बड़ी बात नहीं। लेकिन ऐसा होने पर समय रहते सुधार और प्रायश्चित जरूरी है। ऐसा नहीं हुआ तो गलती पाप की श्रेणी में आ जाती है। कथा व्यास ने पांडवों के जीवन में होने वाली श्रीकृष्ण की कृपा को बड़े ही सुंदर ढंग से दर्शाया। कहा कि परीक्षित कलियुग के प्रभाव के कारण ऋषि से श्रापित हो जाते हैं। उसी के पश्चाताप में वह शुकदेव जी के पास जाते हैं। भक्ति एक ऐसा उत्तम निवेश है, जो जीवन में परेशानियों का उत्तम समाधान देती है। साथ ही जीवन के बाद मोक्ष भी सुनिश्चि करती है कथा व्यास ने कहा कि द्वापर युग में धर्मराज युधिष्ठिर ने सूर्यदेव की

उपासना कर अक्षयपात्र की प्राप्ति किया। हमारे पूर्वजों ने सदैव पृथ्वी का पूजन व रक्षण किया। इसके बदले प्रकृति ने मानव का रक्षण किया। भागवत के श्रोता के अंदर जिज्ञासा और श्रद्धा होनी चाहिए। परमात्मा दिखाई नहीं देता है वह हर किसी में बसता है। कथा आरती की गई और प्रसाद वितरण किया गया कथा आरती में रामकरण चांदना नेवा लाल किशन लाल प्रहलाद भड़क कुलदीप और आदि अनेक भक्तगण इस दौरान मौजूद रहे।

खुले पड़े बाड़े में मिले गोवंश के अवशेष शहरवासियों गौसेवकों में रोष

डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)। जिला तो बन गया है। लेकिन जिला बनने के बाद में जिला मुख्यालय की व्यवस्थाओं में किसी तरह का कोई सुधार नजर नहीं आ रहा है। नगर परिषद अपनी हठधर्मिताओं पर अड़ी है।लेकिन व्यवस्थाओ को सुधारने में किसी तरह के कोई प्रयास नहीं किए जा रहे हैं। जिस तरह शहर में गंदगी का आलम है।वहीं शहर के कई इलाकों में जगह-जगह सड़कों पर कई जगहों पर अवैध डंपिंग यार्ड भी नगर परिषद ने बना दिए हैं।

जिसकी वजह से उन डंपिंग यार्ड से गंदी बदबू आती है।एव आमजन भारी परेशान होते हैं।इसी तरह शहर के सालासर रोड जाने वाले मार्ग पर एक खुले पड़े बाड़े में गोवश के अवशेष एक बार फिर मिले हैं। जिसकी वजह से शहरवासियों गो सेवकों में भारी रोष व्याप्त है। गौसेवकों का कहना है।कि नगर परिषद मृत गोवंश को हर कहीं पर डाल रही है।नगर परिषद को मृत गोवंश को गड्ढा खोदकर माटी देनी चाहिए।लेकिन ऐसा ना कर खुले में ही डाल रही है।जिसकी वजह से बीमारियां और संक्रमण का खतरा शहर वासियों पर मंडरा रहा है।फिर भी नगर परिषद अपनी लापरवाही से बाज नहीं आ रही है। गो सेवकों ने कहा नगर परिषद ने अपनी व्यवस्था नहीं सुधारी तो आने वाले समय में बड़ा आंदोलन किया जाएगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी नगर परिषद प्रशासन की होगी।जिला बन चुका है।लेकिन जिला बनने के बाद में जिला प्रशासन ने नगर परिषद पर कोई कठोर कार्रवाई कर शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर शहर की अन्य व्यवस्थाओं को लेकर कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है।

अज्ञात कारणों से लगी आग में आशियाना जलकर हुआ खाक

हरसौर (हुक्मनामा समाचार)। कस्बे की मुल्तानियों की ढाणी में अज्ञात कारणों से लगी आग के बाद एक आशियाना जलकर खाक हो गया। गांव के अली मोहम्मद पुत्र अकबर खां देशवाली के घर में अज्ञात कारणों से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। घटना में बकरियों के तीन बच्चे, सामान एवं पशुओं का चारा जल गया। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना में पीड़ित परिवार को लाखों रूपयों का नुकसान हुआ है। सूचना मिलने पर पटवारी केसरलाल गुर्जर मौके पर पहुंचे तथा मौका मुआयना किया।

राजस्थान बजट सत्र में पंचायत समिति बनाने की आस

धरियावद (हुक्मनामा समाचार)। राजस्थान बजट सत्र में जिला के मूंगाणा उप तहसील क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायत क्षेत्र के ग्रामीणों को मूंगाणा को तहसील में क्रमोन्नति एवं पंचायत समिति बनने की आस है। वर्ष 2019 में पंचायत समिति कार्यालय खोलने के लिए राज्य सरकार द्वारा परिसीमन कराया गया था। प्रतापगढ़ जिला के तत्कालीन जिला कलेक्टर श्याम सिंह राजपुरोहित ने मूंगाणा मे पंचायत समिति कार्यालय स्थापना को लेकर प्रस्ताव बनाकर राज्य सरकार को भेज दिया था। जिला कलेक्टर ने प्रस्ताव में बताया कि भौगोलिक दृष्टि एवं आसपास ग्राम पंचायत क्षेत्र को देखते हुए मूंगाणा मे ही पंचायत समिति कार्यालय एवं तहसील कार्यालय की स्थापना होनी चाहिए। नया बोरिया ग्राम पंचायत क्षेत्र के लोग छोटे-मोटे कार्य के लिए 30 किलोमीटर दूरी तय कर धरियावद जाते हैं और समय पर अधिकारी कर्मचारी नहीं मिलने पर आमजन काफी परेशान होते हैं। मूंगाणा 20 ग्राम पंचायत क्षेत्र का मुख्य केंद्र है, इसलिए यहां उप तहसील को तहसील बनाया जाए साथ ही पंचायत समिति का दर्जा दिया जाए। मूंगाणा उप तहसील पर स्थित पुलिस चौकी को थाना में क्रमोन्त के लिए 2 महा पूर्व उदयपुर लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉक्टर मन्नालाल रावत एवं मूंगाणा जन प्रतिनिधि मंडल ने प्रतापगढ़ जिला पुलिस अधीक्षक से वार्तालाप कर मूंगाणा गांव में क्राइम मुकदमे को देखते हुए पुलिस चौकी को थाना में क्रमोन्ति के लिए ज्ञापन दिया गया। मूंगाणा मे पुलिस थाना स्थापित करने की भी मांग की है। क्षेत्रीय विधायक थावरचंद मीणा ने बताया कि धरियावद विधानसभा क्षेत्र में सबसे बड़ा कस्बा मूंगाणा है। यहां पर पंचायत समिति तहसील पुलिस थाना के साथ ही माही नदी पुलिया का जो अधूरा काम है उसको भी पूर्ण कराया जाए इस मांग को लेकर विधानसभा में प्रमुखता से उठाया। पंचायत समिति एवं तहसील कार्यालय स्थापना को लेकर संघर्ष समिति के अध्यक्ष शिवराज सिंह राणावत ने बताया कि यह मांग विगत 10 वर्षों से चल रही है जिला प्रशासन द्वारा परिसीमन के दौरान जो सर्वे की रिपोर्ट दी उसमें बताया कि धरियावद विधानसभा क्षेत्र में सबसे बड़ा कस्बा मूंगाणा आसपास की 20 ग्राम पंचायत क्षेत्र का मुख्य केंद्रहै। प्रशासन के सारे माप तोल पर मूंगाणा ही खरा उतरता है। इसलिए यहां पर पुलिस थाना पंचायत समिति उप तहसील को तहसील में क्रमोंन्त करने की आवश्यकता है।

बैंसला के वक्तव्य से ब्राह्मण समाज में रोष व्याप्त,

ब्राह्मण समाज से माफी मांगे विजय बैंसला

बून्दी (हुक्मनामा समाचार)। विजय बैंसला द्वारा ब्राह्मण आचार्यों, कथा व्यास व पंडित-पुजारियों के विषय में दिए गए बयान की कड़े शब्दों में निन्दा करते हुए विप्र फाउंडेशन ने ब्राह्मण समाज से माफी मांगने की बात कही। विप्र फाउंडेशन प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण मुरारी चतुर्वेदी ने कहा कि जल्द से जल्द ब्राह्मण आचार्यों-व्यास पीठ के विषय में दिये गये वक्तव्य पर विजय बैंसला सम्पूर्ण ब्राह्मण समाज से सार्वजनिक रूप से माफी मांगे, नहीं तो ब्राह्मण समाज को महापंचायत बुलाकर आगामी रूपरेखा पर विचार करना पड़ेगा। विप्र फाउंडेशन कोटा जॉन द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भुवनेश्वर शर्मा 'चच्चू भैया', मुख्य संरक्षक नवल किशोर शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण मुरारी चतुर्वेदी ने बताया कि शुक्रवार से सोशल मिडिया पर गुर्जर नेता विजय बैंसला का करौली क्षेत्र की एक सभा का वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें विजय बैंसला मंच से अपने भाषण में ब्राह्मण आचार्यों, कथा व्यास व पंडित-पुजारियों के विषय में अनर्गल वक्तव्य देते हुए दिख रहे हैं और सम्मानीत पूजनीय व्यास पीठ के विषय में गलत भ्रान्ति आमजन में फैला रहे हैं। इनका यह वक्तव्य जातीय विद्वेष फैलाने का कार्य कर रहे हैं, जो कि सामाजिक ताने-बाने के विरूद्ध है। बैंसला की गलत ब्यानी से ब्राह्मण समाज में भारी रोष व्याप्त है। बैंसला ने सस्ती लोकप्रियता प्राप्त करने के लिए जो कार्य किया है उसकी सम्पूर्ण ब्राह्मण समाज कड़े शब्दों में निन्दा करता है।

गंगापुर में खदेड़ा अतिक्रमियों को

गंगापुर (हुक्मनामा समाचार)। गंगापुर में अतिक्रमण को लेकर पुलिस एक्शन मोड में आ गई है पिछले कई दिनों से अस्थाई अतिकर्मियों से आम जनजीवन खासा प्रभावित हो रहा था जिसको लेकर मीडिया द्वारा खबर प्रसारित करने के बाद में पुलिस विभाग एक्शन मोड में आ गया है। गंगापुर थाना प्रभारी लीलाधर मालवीय की अगवाई में पुलिस ने आज बस स्टैंड, भूत बावजी सर्कल, अग्रसेन बाजार, सहाडा चौपाटी ,सदर बाजार ,मस्जिद चौक पर अस्थाई कर्मियों को खदेड़ने की कार्रवाई को अंजाम दिया । पुलिस की कार्यवाही के बाद अस्थाई अतिकर्मियों में जोरदार हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस विभाग द्वारा 60 पुलिस एक्ट के तहत 10 चालान काटे गए। पुलिस विभाग द्वारा यह अभियान आगामी दिनों में भी जारी रहेगा।

महाशिवरात्रि में अवसर पर झरनेश्वर महादेव मन्दिर इन्द्र कोट में शुक्रवार से होगे अनेक आयोजन

अजमेर (हुक्मनामा समाचार)। पूज्य झरनेश्वर महादेव मन्दिर में आगामी शुक्रवार से बुधवार 26 फरवरी तक 06 दिवसीय कार्यक्रम में अनेक आयोजन किये जायेंगे।पूज्य झरनेश्वर महादेव सिन्धी मण्डल मण्डल के महासचिव रमेश लालवानी वरिष्ठ पत्रकार को झरनेश्वर महादेव सेवा समिति पंजीकृत के द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी प्रदान करते हुए बताया है कि शुक्रवार 21 फरवरी को श्री गणेश जी को निमंत्रण पूजन का आयोजन,शनिवार 22 फरवरी को मेहन्दी-हल्दी और गीत संगीत का आयोजन,रविवार 23 फरवरी को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन,24फरवरी सोमवार को शिव बारात का आयोजन,मंगलवार 25 फरवरी को भजन संध्या का आयोजन,बुधवार 26 फरवरी को भक्तो के द्वारा शिव अभिषेक के कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।पूज्य झरनेश्वर महादेव सिन्धी मण्डल के तत्वावधान में झरनेश्वर महादेव मन्दिर परिसर में सोमवार 24 फरवरी से रोट के प्रसाद बनाने के कार्यक्रम का आयोजन,मंगलवार 25 फरवरी को पूज्य झूलेलाल साहिब के बहिराणे की मण्डली के भगत रवि हरीश कुमार भगत की मण्डली के द्वारा रात्रि जागरण के माध्यम से भक्तिरस के रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जायेगी एवं आम भण्डारे का आयोजन किया जायेगा।रात्रि में 10 बजे से भन संध्या प्रात: काल 04 बजे तक आयोजन होगा।महाआरती एवं पूजन दोपहर एवं रात्रि में महाआरती और पूजन होगा श्रद्धालुओ के लिए रात्रि में और दोपहर में दोनो समय निरन्तर आम भण्डारे की प्रसादी के वितरण का आयोजन किया जायेगा।

राज्यमंत्री ने सीडीपीओ ऑफिस में कार्मिकों से संवाद किया

जायल (हुक्मनामा समाचार)। प्रदेश की सार्वजनिक निर्माण, महिला बाल विकास व बाल अधिकारिता विभाग राज्य मंत्री डॉ.मंजू बाघमार ने शनिवार को छाजोली रोड़ स्थित महिला बाल विकास के सीडीपीओ ऑफिस पहुंच कर कार्मिकों से संवाद किया। राज्यमंत्री ने कहा कि विभागीय योजनाओं को धरातल पर लागू करने में कार्मिकों की अहम भूमिका है। केंद्र व राज्य सरकार से संचालित योजनाओं का हकदार को लाभ दिलाने के लिए फर्ज निभाएं।

सीएफसील फैक्ट्री प्रबंधको के खिलाफ कड़ी कार्यवाही हो : मनोज दुब

कोटा (हुक्मनामा समाचार)।अखिल भारतीय बेरोजगार मजदूर किसान संघर्ष समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज दुबे ने कोटा मे चंबल फ़र्टिलाईजर्स एन्ड केमिकल फैक्ट्री मे हुई अमोनिया गैस रिसाव से स्कूली बच्चों के बेहोश होने की घटना को बेहद गंभीर बताते हुए मामले की उच्च स्तरीय जाँच कराने व दोषी सीएफसीएल फैक्ट्री प्रबंधको के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की है। मनोज दुबे ने कहा की सीएफसीएल फैक्ट्री के पास ही सरकारी हायर सेकेंडरी स्कूल स्थित है। स्कूल मे प्रार्थना के समय सीएफसीएल फैक्ट्री से छोड़ी गई अमोनिया गैस स्कूल तक पहुंच गई जिससे स्कूल के बच्चे बेहोश हो गए। ये घटना सीएफसील फैक्ट्री प्रबंधको की लापरवाही से जुडा बेहद गंभीर

मामला है व स्कूली स्टूडेंट्स के जीवन से खुला खिलवाड़ है। जिसे किसी भी स्थिति मे बर्दास्त नहीं किया जा सकता। मनोज दुबे ने कहा की चंबल फ़र्टिलाइज़र एन्ड केमिकल फैक्ट्री सहित कोटा के उद्योग पूरी तरह से निरंकुश हो गए है।सुरक्षा के मापदंडो की खुलेआम धज्जियाँ उड़ाई जा रही है। जिसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही होना अतिआवश्यक है।

चावंडिया कला में साइकिल वितरण समारोह हुआ आयोजित, खिल उठे चेहरे

रियांबड़ी (हुक्मनामा समाचार)।राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चावंडिया कला में शनिवार को साइकिल वितरण समारोह आयोजित हुआ। शारीरिक शिक्षक सुखाराम कमेड़ीया ने बताया कि स्थानीय विद्यालय में अध्ययन रत 18 बालिकाओं को नि:शुल्क साइकिल वितरण की गई । साईकिल पाकर बालिकाओं सहित अभिभावकों के चेहरे पर खुशी दौड़ गई । समारोह को संबोधित करते हुए शारीरिक शिक्षक कमेड़ीया ने कहा कि साइकिल से फिजिकल व्यायाम होता हैं । बालिकाओं को अब विद्यालय पहुंचने में बहुत आसानी होगी। प्रधानाचार्य सुरेश कुमार चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए यह एक सराहनीय कदम है। समारोह में शिवजी राम डांगा , रामेश्वर लाल भरोला , दिनेश फडोलिया, महावीर प्रसाद , महेंद्र कुमार, मयूरी शर्मा , किरण , रामजीवण डांगा, सुगनाराम, गजराज गहलोत, रुपाराम , ओम प्रकाश जाजपुरा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ

समाज उत्थान के लिए शिक्षा अति आवश्यक : डॉ आशुतोष बिरला

बून्दी (हुक्मनामा समाचार)। शहर के राजकीय कन्या महाविद्यालय में शनिवार को एनएसएस के अंतर्गत सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ प्राचार्य डॉ संदीप यादव ने दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया। अपने संबोधन में कहा कि एनएसएस का मुख्य उद्देश्य समुदाय की आवश्यकताओं और समस्याओं की पहचान करना तथा समस्या समाधान अभ्यास में स्वयं को शामिल करना है। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में योगा व व्यायाम के पश्चात स्लोगन और निशानेबाजी प्रतियोगिता में क्रमश: प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर खुशी गोचर, नेहा शर्मा और मुस्कान मीणा रही। निशानेबाजी में मोनिका बेरवा, गौरी सैनी और लक्ष्मी प्रजापति ने क्रमश: पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। डॉ बीरम देव ने एनएसएस के इतिहास की संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत की। मुख्य वक्ता जिला समन्वयक एनएसएस डॉ आशुतोष बिरला ने फ्रशिक्षा के प्रति जागरूकताफ्र विषय पर व्याख्यान में कहा कि शिक्षा समाज के उत्थान के लिए आवश्यक है।

शिक्षा के अभाव में समाज और देश कभी तरक्की नहीं कर सकता। इसलिए हर व्यक्ति को शिक्षा के प्रति जागरूक होने की जरूरत है। इसके पश्चात छात्राओं ने श्रमदान किया। तीसरे सत्र में स्वयं सेविकाओं ने रामदेव बस्ती में रैली निकालकर स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। मंच संचालन डॉ चंपा अग्रवाल ने किया और निर्णायक के रूप में रवि चोपदार, चम्पा अग्रवाल और मुस्कान गोदिका शामिल रहे। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी मुस्कान गोदिका ने 7 दिवसीय शिविर की संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि इस दौरान एनएसएस स्वयंसेविकाएं शिक्षा के प्रति जागरूकता, कन्या भ्रूण हत्या के विरुद्ध जागरूकता, वृक्षारोपण और पर्यावरण संरक्षण, सोशल मीडिया और डिजिटल साक्षरता, भ्रष्टाचार और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता जैसे महत्वपूर्ण गतिविधियों में भाग लेंगी। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी मुस्कान गोदिका ने सभी का आभार जताया तथा साथ ही एनएसएस की स्वयंसेविकाओं के लिए अल्पाहार की व्यवस्था की गई है।

पुलिस से मांग की गई आगामी त्यौहार को देखते हुवे नाका बन्दी को लेकर वाहन धारियों के विरुद्ध कार्यवाही की जाये

धरियावद (हुक्मनामा समाचार)। राजस्थान जनजाती मंच के अध्यक्ष डी आर मीणा ने पुलिस उप अधीक्षक नाना लाल साल्वी को पत्र लिख कर मांग की गई सी ओ सर्कल थाना धरियावद केशरियावद अधीन थाना अधिनस्त निम्न चोराये पर आगामी त्यौहार को देखते हुवे नाका बन्दी की जाये

जिसे दो पहिये वाहन वाले एक मोटर साईकल पर तीन चार व्यक्ति बैठकर तेजगति से चलाना बिना हेलमेट से वाहन चलाना जिसे दुर्घटना में मोत होना जिस पर इनके विरुद्ध मोटर वाहन एक्ट में कार्यवाही कर पाबन्ध कराया जाये

जिसे दुर्घटना होने से बच सके जिसमे मानागाँव चार रास्ता जड़ोली स्कुल के सामने मेन रोड धरियावद सलूम्बर रोड जवाहर नगर सेमलिया के बिच देवला लोहागढ़ के बिच खूनता मुगाणा के बिच सहित जगह नाका बन्दी करवाई जाये जिसे तेजगति वाहन चलाने वाले के विरुद्ध कार्यवाही होने से दुर्घटना से बचाव हो सके

एक नजर

अभिभाषक संस्था के निर्वाचित पदाधिकारियों को हाई कोर्ट जज ने दिलाई शपथ

नई कोर्ट के लिए जमीन, वकील चैंबर और कॉलोनी की भी की मांग

भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)। जिला अभिभाषक संस्था की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को शनिवार को राजस्थान हाईकोर्ट जज मनोज कुमार गर्ग ने बतौर मुख्य अतिथि शपथ दिलाई। नगर निगम टाउन हॉल में आयोजित समारोह में उन्होंने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के बाल विवाह को लेकर पोस्टर का विमोचन किया। राजस्थान हाईकोर्ट जज मुन्नूरी लक्ष्मण व फरजंद अली, जिला एवं सेशन न्यायाधीश अजय शर्मा भी मंचासीन थे। समारोह को अतिथि बार काउंसिल ऑफ इंडिया के को-चेयरमैन सुरेश चंद्र श्रीमाली ने आग्रह किया कि विधायक अशोक कोठारी नई कोर्ट के लिए राज्य सरकार से जमीन दिलवाएं। बार कौंसिल ऑफ राजस्थान के चेयरमैन भुवनेश शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने हर साल 10 करोड़ रुपये देने का आश्वसन दिया। जिन अधिवक्ता ने एआईवी पास नहीं किया तो वे वकील नहीं है। प्रेक्टिस नहीं कर सकते। रिटायरमेंट की उम्र 50 साल को हटाएंगे। प्रोटेक्क्शन एक्ट जल्द लागू कराने का भरोसा दिलाया। वकीलों को लोन सुविधा भी देंगे। शर्मा ने कोर्ट परिसर में टॉयलेट बनाने की मांग की, जिस पर महापौर राकेश पाठक ने 5 दिन में टेंडर करा टॉयलेट बनाने की घोषणा की। भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी ने कहा कि नए कोर्ट परिसर के लिए 50 बीघा भूमि दिलाने, वकीलों के लिए आवास आदि के लिए प्रयास करने का विश्वास दिलाया। मुख्य अतिथि हाई कोर्ट जज मनोज गर्ग ने जिला अभिभाषक संस्था अध्यक्ष राजेश शर्मा के नेतृत्व में पूरी कार्यकारिणी को शपथ दिलाई। कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष संजय कुमार सेन, महासचिव रामपाल शर्मा, रेवेन्यू महासचिव शंभूदास वैष्णव, कोषाध्यक्ष उदयलाल शर्मा, सह सचिव रिपुदमन सिंह जादौन व पुस्तकालय सचिव राजू कुमावत शामिल हैं। अध्यक्ष राजेश शर्मा का विशाल माला पहना कर स्वागत किया। रेवेन्यू बोर्ड के पूर्व सदस्य रवि डांगी ने उमीद जताई कि राजेश शर्मा के नेत्रत्व में नई कार्यकारिणी वकीलों के हित में बेहतर कार्य करेगी।

राष्ट्रीय कीट निगराणी प्रणाली का प्रशिक्षण

चित्तौड़गढ़ (हुक्मनामा समाचार)। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत-सरकार के टीडी-सह एकिकृत नाशीजीव प्रबंध केन्द्र, जयपुर द्वारा गठित टीम के नेतृत्व मे एक दिवसीय राष्ट्रीय कीट निगराणी प्रणाली का प्रशिक्षण कृषि विभाग परिसर चितौडगढ मे किया गया। गठित टीम के सहायक पौध संरक्षण अधिकारी प्रज्ञा गौतम ने किसानों एवं पेस्टीसाईड डीर्लस को नेशनल पेस्ट सर्विलान्स सिस्टम (एनपीएसएस) मोबाईल एप का उपयोग, कार्यप्रणाली एवं लाभ से परिचित कराया गया। कीटनाशकों के सुरक्षित एवं विवेक पूर्ण उपयोग के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी, जगदीश यादव ने कीटनाशकों का अत्यधिक एवं अनुचित उपयोग से फसलों, भुमि, जलस्त्रोत एवं स्वास्थय पर प्रतिकुल प्रभाव पडता है, इसलिए कीटनाशकों का उपयोग करते समय व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण का उपयोग, सही समय पर छिडकाव एवं उचित मात्रा के प्रयोग की सलाह दी गई। प्रशिक्षण का संचालन कृषि अधिकारी-पौधसंरक्षण चितौडगढ ने राष्ट्रीय कीट निगराणी प्रणाली के एप संचालन एवं उपयोग से कीट एवं रोगों की पहचान तथा उनके नियंत्रण की जानकारी मौके पर ही मिल जाती है, जिससे समय की बचत होती है। रबी फसलों मे रेपिड रोविंग सर्वे एवं कीटनाशकों के सुरक्षित एवं विवेक पूर्ण उपयोग की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण मे चितौडगढ, भदेसर, निम्बाहेडा, बडीसादडी, बेंगू आदि क्षेत्र के कीटनाशकों डीलर एवं प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया।

खोड़वा गांव में विद्यालय स्तर पर मिस मरवण कंटेस्ट का किया आयोजन

खींवसर (हुक्मनामा समाचार)। विधानसभा के खोड़वा गांव के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में शनिवार को मिस मरवण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रधानाध्यापक किशोरराम ताडा ने बताया कि नो बैग डे की गतिविधि राजस्थानी वेशभूषा आधारित थी । अत: इसके तहत इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 2 ग्रुप में प्रथम तीन स्थान पर रही बालिकाओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ बलदेव राम काला गोकुल चन्द मीना, धारुराम कड़ेला , रामकिशोर चौधरी, कैलाश चंद मीना ,महिपाल सिंह, रामपाल माली,गोविन्द राम बन्जारा, उर्मिला बुगारा मौजूद रहे।

प्रदेश में बाल संरक्षण एवं महिला सुरक्षा के क्षेत्र में हो रहे कार्यों की समीक्षा करने के लिए न्यायाधिपति गर्ग ने किया भीलवाड़ा दौरा, दिए आवश्यक निर्देश

भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)। राजस्थान उच्च न्यायालय किशोर न्याय समिति के अध्यक्ष न्यायाधिपति मनोज कुमार गर्ग ने बाल संरक्षण एवं महिला सुरक्षा के क्षेत्र में जमीनी स्तर पर हो रहे कार्यों की समीक्षा के लिए भीलवाड़ा का दौरा किया। राजस्थान उच्च न्यायालय किशोर न्याय समिति के वरिष्ठ सलाहकार राकेश कुमार चौधरी ने बताया कि किशोर न्याय अधिनियम 2015 के आलोक में राजस्थान उच्च न्यायालय किशोर न्याय समिति के अध्यक्ष न्यायाधिपति मनोज कुमार गर्ग द्वारा राजस्थान के सभी जिलों में बाल संरक्षण एवं महिला सुरक्षा की स्थिति की समीक्षा करने की उद्देश्य से नियमित रूप से दौरे किये जा रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को भीलवाड़ा जिले में बाल अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित राजकीय सम्प्रेषण एवं किशोर गृह, सुरक्षित गृह, शिशु गृह, किशोर न्याय बोर्ड, बाल कल्याण समिति, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा अनुदानित सोना दिव्यांग पुनर्वास शोध संस्थान द्वारा संचालित सोना मंदबुद्धि विद्यालय का निरीक्षण किया एवं दिए आवश्यक दिशा निर्देश।

स्विफ्ट कार में कर रहे थे नशे के खेप की एस्कॉर्टिंग

पुलिस ने घेराबंदी कर किया दो आरोपियों को गिरफ्तार

भिनाय (हुक्मनामा समाचार)। स्थानीय पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी में संलिप्त दो फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने इस कार्रवाई के दौरान मादक पदार्थ की एस्कॉर्टिंग में प्रयुक्त स्विफ्ट कार को भी बरामद किया है। यह कार्रवाई राजस्थान पुलिस मुख्यालय, जयपुर के निर्देशानुसार जिले में मादक पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई। घटना 9 जुलाई 2024 की है, जब ग्राम राजपुरा (सरवाड़) में दिनदहाड़े अवैध मादक पदार्थ से भरी बोलेरो पिकअप आर जे 01 जीसी-8698 को तस्करों ने मौके पर छोड़कर फरार हो गए थे। इस घटना के बाद ग्रामीणों और आमजन में भय और पुलिस से अविश्वास का माहौल बन गया था। इसे गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा ने स्थानीय पुलिस पर भरोसा जताकर भिनाय थाना टीम को आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए। स्थानीय पुलिस की टीम भी एसपी के भरोसे पर खरा उतरते हुए त्वरित कार्रवाई करते हुए मादक पदार्थ की एस्कॉर्टिंग में लिप्त दो आरोपी लक्ष्मण चौहान और मुकेश बजाड को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। साथ ही, तस्करी में प्रयुक्त स्विफ्ट कार जी जे-06 के पी - 7212 को भी जब्त कर लिया गया।गौरतलब है कि इस मामले में पहले भी दो आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है, और अब तक कुल चार आरोपियों को पुलिस अपनी गिरफ्त में ले चुकी है।

गिरफ्तार आरोपी- लक्ष्मण चौहान (24 वर्ष) पुत्र रामाराम, निवासी लेसवा, थाना पीसांगन, जिला अजमेर मुकेश बजाड़ (29 वर्ष) पुत्र चंद्रभान, निवासी बजाड़ मोहल्ला, नांद, थाना पुष्कर, जिला अजमेर

इनके निर्देशन में हुई कार्रवाई- अजमेर पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा ने जिले के समस्त थानाधिकारियों को मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (केकड़ी) सोराजमल मीणा और वृत्ताधिकारी (केकड़ी) हर्षित शर्मा के सुपरविजन में यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में भिनाय थाना प्रभारी ओमप्रकाश के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की।

लांपोलाई के सरकारीविद्यालय में विद्यार्थियों को 10 साइकिल वितरित की

पादूकलां (हुक्मनामा समाचार)। राज्य सरकार की योजना के तहत लांपोलाई के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की 10 छात्राओं को निशुल्क साइकिल वितरित की गई। प्रधानाचार्य गोपाल सिंह चारण ने बताया कि साइकिल मिलने से दूरदराज की ढाणियों से आने वाली छात्राओं को स्कूल आने में आसानी होगी। साइकिल पाकर छात्राओं में खुशी दिखी। इस मौके पर वक्ताओं ने छात्राओं को पढ़-लिखकर समाज और परिवार का नाम रोशन करने की सीख दी। प्रधानाचार्य चारण ने सरकारी विद्यालयों में मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दी। अभिभावकों सेअधिक से अधिक बच्चों को सरकारी स्कूलों में प्रवेश दिलाने की अपील की।

छात्राओं को जीवन में आगे बढ़ने और लक्ष्य हासिल करने के लिए मेहनत करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर प्रधानाचार्य गोपाल सिंह चारण, सरोज पूनिया, सीमाकंवर, प्रेमलता चारण, सोहनलाल, अनिल कुमार टाक प्रदीप टेलर, रशिद खां गोरी, लिख्मी चंद, सुमन, दया कुमारी, सचिन पारीक, आलम मोहम्मद सहित शिक्षक गण एवं अभिभावक बालिकाएं अन्य मौजूद रहे।

पुलिस ने निकाला पैदल मार्च, शांति व्यवस्था कायम रखने की अपील

छीपाबडौद-बारां (हुक्मनामा समाचार)। छीपाबड़ौद कस्बे में देर रात दो पक्षों के बीच हुए विवाद के बाद स्थिति तनावपूर्ण हो गई थी। घटना के बाद पुलिस प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए हालात पर काबू पाया और शांति व्यवस्था बनाए रखी। सुबह जिला पुलिस अधीक्षक राजकुमार चौधरी ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। वहीं शाम को कार्यवाहक उपखंड अधिकारी सुरेंद्र सिंह गुर्जर के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन ने कस्बे में पैदल मार्च निकालकर शांति का संदेश दिया । रात करीब 11 बजे दो पक्षों में विवाद हुआ, जो जल्द ही हिंसक झड़प में बदल गया। हमले के दौरान दोनों पक्षों के दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद बारां और फिर कोटा रेफर किया गया। हालात बिगड़ते देख पुलिस को छीपाबड़ौद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाठीचार्ज करना पड़ा। जिससे स्थिति पर काबू पाया जा सका। शाम को पुलिस प्रशासन ने पैदल मार्च निकालकर आमजन को कानून-व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। इस दौरान छीपाबड़ौद थाना अधिकारी अजीत सिंह चौधरी, सारथल थाना अधिकारी गिर्राज सिंह गुर्जर और हरनावदा शाहजी थाना अधिकारी बृजेश सिंह चौधरी सहित पुलिस बल मौजूद रहा। घटना को दो समुदायों के बीच का विवाद बताया जा रहा है, जिससे कस्बे में हलचल तेज हो गई थी । पुलिस प्रशासन द्वारा हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। अधिकारी लगातार शांति बनाए रखने की अपील कर रहे हैं और आमजन से अफवाहों से बचने की सलाह दी जा रही है।

आरयूआईडीपी द्वारा प्रोजेक्ट पर आधारित फोटोज़, रील्स और केस स्टडीज ऑन इनोवेटिव इंजीनियरिंग सोलूशन्स पर प्रतियोगिता का आगाज

वेबसाइट और सोशल मीडिया पर दिए लिंक या क्यूआर कोड द्वारा अपलोड कर सकेंगे फोटोज़, रील्स और केस स्टडीज

निम्बाहेड़ा (हुक्मनामा समाचार)। राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना यानि आरयूआईडीपी अपने 25 वर्ष पूर्ण होने पर आरयूआईडीपी सिल्वर जुबली ''फोटोग्राफी एण्ड रील मेकिंग कॉन्टेस्ट'' और ''केस स्टडीज कॉन्टेस्ट फॉर इनोवेटिव इंजीनियरिंग सोलूशन्स'' का आयोजन कर रहा है जिनका विधिवत आगाज आज परियोजना निदेशक, आरयूआईडीपी पीयूष सामरिया, आई.ए.एस द्वारा किया गया। इस अवसर पर दोनों प्रतियोगिताओं के पोर्स्ट्स का विमोचन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिये परियोजना की वेबसाइट और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स फेसबुक, इन्टाग्राम और एक्स पर दिये लिंक और क्यूआर कोड के जरिये प्रतियोगिता की विस्तृत जानकारी ली जा सकती है और फोटोज़, रील्स और केस स्टडीज को अपलोड किया जा सकता है।

फोटोग्राफी एण्ड रील मेकिंग प्रतियोगिता का थीम ''क्रिएटिंग अर्बन इन्फ्रास्ट्रक्चर, चेंजिग लाइव्स'' रखा गया है। प्रतियोगिता में भेजे जाने वाले फोटोज़ या रील्स, परियोजना द्वारा किये जा रहे पेयजल आपूर्ति और सीवरेज कार्यों और उनसे होने वाले लाभों पर केन्द्रित होने चाहिये। फोटोग्राफ या रील्स आरयूआईडीपी के प्रोजेक्ट शहरों में खींचे या रिकार्ड किये गये हों एवं रील्स की अवधि एक मिनट से अधिक नहीं होनी चाहिये। प्रतियोगिता में फोटोग्राफी के लिये ज्यूरी द्वारा चुने गये विजेताओं के लिये प्रथम पुरस्कार पच्चीस हजार, द्वितीय पुरस्कार पन्द्रह हजार व तृतीय पुरस्कार दस हजार रूपये का रखा गया है। इसके अलावा पाँच हजार रूपये की राशि के 10 सांत्वना पुरस्कार भी दिये जायेंगे। इसी तरह रील्स के लिये ज्यूरी द्वारा चुने विजेताओं को प्रथम पुरस्कार पन्द्रह हजार, द्वितीय पुरस्कार दस हजार व तृतीय पुरस्कार पाँच हजार रूपये रखा गया है। इनके आवेदन की अंतिम तिथि 28 फरवरी 2025 रखी गई है।

केस स्टडीज कॉन्टेस्ट फॉर इनोवेटिव इंजीनियरिंग सोलूशन्स के अंतर्गत शहरी क्षेत्र में जल संरक्षण, ट्रीटेड वेस्टवाटर के पुर्नउपयोग और एन.आर.डब्ल्यू. कम करने से संबंधित इनोवेटिव इंजीनियरिंग सोलूशन्स से संबंधित केस स्टडीज आमंत्रित की गयी हैं।गौरतलब है कि परियोजना द्वारा चतुर्थ चरण के अंतर्गत 41 शहरों में आधारभूत विकास कार्य किये जा रहे हैं जिनमें पेयजल आपूर्ति, सीवरेज, फीकल स्लज एण्ड सेप्टेज मैनेजमेन्ट, ड्रेनेज एवं शहरी सौन्दर्यीकरण कार्य शामिल हैं।

शाहपुरा जिला बचाओ आंदोलन 45वें दिन भी अनवरत जारी

जिला समाप्त करने के विरोध में क्रमिक अनशन धरने पर छिपा मुस्लिम समाज शाहपुरा के सदस्य बैठे

शाहपुरा (हुक्मनामा समाचार)। शाहपुरा जिला बचाओ संघर्ष समिति के द्वारा उपखंड कार्यालय शाहपुरा के बाहर क्रमिक अनशन धरने पर छिपा मुस्लिम समाज के सदस्य सदर हाजी शमसुद्दीन भाटी के नेतृत्व में शांतिपूर्ण रैली निकालते हुए नारेबाजी करते हुए धरना स्थल पर पहुंचकर शाहपुरा जिले को समाप्त करने के विरोध में प्रदर्शन किया और सरकार से शाहपुरा को वापस जिले का दर्जा देने की मांग की । छिपा मुस्लिम समाज के सदर हाजी शमसुद्दीन भाटी नायब सदर हाजी उस्मान मोहम्मद छिपा सेक्रेटरी मोहम्मद सलीम भाटी खजांची हाजी मोहम्मद हनीफ छिपा हाजी मोहम्मद उमर भाटी मोहम्मद हनीफ छिपा असलम छिपा कासिम अली, मोहम्मद उमर , मोहम्मद सलीम, इरफान मोहम्मद छिपा मोहम्मद आमीन छिपा सहित कई समाज जन कर्मिक अनशन धरने पर बैठे और उपखंड अधिकारी को राज्यपाल के नाम शाहपुरा जिला बहाल करने का ज्ञापन दिया।

छिपा मुस्लिम समाज के सदस्यों का जिला बचाओ संघर्ष समिति महासचिव कमलेश मुंडेतिया रामेश्वर सोलंकी प्रवीण कुमार पारीक सत्यनारायण पाठक मिंकु रवि दत्त पॉन्डरिक एवं संस्था उपाध्यक्ष गजेंद्र प्रताप सिंह राणावत सचिव वीरेंद्र पत्रिया वरिष्ठ अधिवक्ता त्रिलोक चन्द नौलखा कल्याणमल धाकड़ रमेशचंद्र मालू पीएलवी अभय गुर्जर राजेंद्र खटीक ने माला पहना कर स्वागत किया और अपने विचार रखें। इस अवसर पर धनराज जीनगर विनीत बुनकर परमेश्वर धोबी जगदीश घूसर पंकज पाराशर सहित कई लोग मौजूद रहे। संघर्ष समिति महासचिव कमलेश मुंडेतिया ने बताया कि आज 16 फरवरी को पेंटर एसोसिएशन शाहपुरा रैली निकालकर क्रमिक अनशन धरने पर बैठेंगे।

अमरपुरा के समीप यात्रियों से भरी मिनी बस अनियंत्रित होकर पलटी, हादसे में 16 जने हुए घायल, विधायक डांगी पहुंचे मौके पर

भींडर (हुक्मनामा समाचार)। उदयपुर जिले के अमरपुरा के समीप यात्रियों से भरी एक मिनी बस अनियंत्रित होकर के पलट गई। इस हादसे के बाद वल्लभनगर विधायक उदयलाल डांगी सहित आला अधिकारी खेरोदा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। जानकारी के अनुसार यात्रियों से भरी मिनी बस आरजे 12 पीए 1151 उदयपुर से खेरोदा होते हुए भींडर जा रही थी। प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया की तेज रफ्तार में होने के कारण मिनी बस अमरपुरा के समीप अनियंत्रित होकर के सड़क के पास पलट गई। हादसे के दौरान मिनी बस में सवार 16 यात्री घायल हो गए। ग्रामीणों ने बताया की तेज रफ्तार में मिनी बस पलटी खाकर करीब 20 फीट खिसक कर पलट गई। इस हादसे के बाद आसपास के गांव से ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों द्वारा निजी वाहन से 9 घायल को भींडर अस्पताल एवं 7 घायलों को खेरोदा अस्पताल उपचार के लिए पहुंचाया गया। इस हादसे में एक महिला के हाथ एवं एक व्यक्ति के पांव में गंभीर चोटे आई है। जिनको उपचार के लिए उदयपुर रेफर किया गया है। हादसे की सूचना पर खेरोदा थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच गई। वही जेसीबी एवं ग्रामीणों की सहायता से घायलों को बस से निकाल कर निजी वाहनो के द्वारा अस्पतालों में उपचार के लिए पहुंचाया। वहीं क्षेत्र के दौरे पर आए विधायक उदयलाल डांगी को भी हादसे की सूचना मिलने पर तत्काल मौके पर पहुंच गए। विधायक डांगी ने अस्पताल पहुंचकर घायलों के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। वहीं चिकित्सा कार्मिकों को तत्काल उपचार के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान खेरोदा चिकित्सालय में चिकित्सा प्रभारी डॉ नेहा वर्मा,डॉ मुकेश काबरा अतिरिक्त चार्ज बीसीएमओ,नर्सिंग कर्मचारी सहित खेरोदा चिकित्सा स्टाफ द्वारा घायलों की मदद कर प्राथमिक उपचार किया गया। साथ ही खेरोदा चिकित्सालय में एसडीएम रमेश बहेडिया,उप तहसीलदार भंवर सिंह झाला सहित अन्य अधिकारी भी मौके पर पहुंचे।

जिला कलक्टर द्वारा भीलवाड़ा शहर को हरा-भरा बनाने की मुहिम शुरू

भीलवाड़ा। भीलवाड़ा शहर को पर्यावरण के लिहाज से सुदृढ़ करने की दिशा में जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देशन में एक नवाचारी कदम उठाया जा रहा है। इस अभियान में आम आदमी को पर्यावरण संरक्षण में भागीदार बनाया जा रहा है, जिसमें वे अपनी दिनचर्या में छोटे-छोटे बदलाव करके पर्यावरण को संरक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के क्षेत्रीय अधिकारी दीपक धनेटवाल ने बताया कि इस दिशा में आम आदमी अपने द्वारा किये जा रहे। इनमे माननीय प्रधानमंत्री द्वारा मिशन लाइफ में दिए गए कुछ सुझावों को अपनाया जा सकता है, जैसे एलईडी बल्ब का उपयोग, प्लास्टिक के बदले कपड़े अथवा जूट बैग का उपयोग, कम दूरी के लिए साइकिल का उपयोग, सौर ऊर्जा का प्रयोग, घर में लगे हुए एयर कंडीशनर को 24 डिग्री से चलाना सुनिश्चित करना, वर्षा जल संचयन के उपाय, शादी एवं अन्य उत्सवों में सिंगल यूज़ प्लास्टिक के बदले पत्तल दोने का उपयोग, घरेलू कचरे का नियमित रूप से निष्पादन इत्यादि ।

जे. के. सीमेंट ने किया बांगरेड़ा में पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन

निम्बाहेड़ा (हुक्मनामा समाचार)। आज बांगरेडा गांव में एकदिवसीय नि:शुल्क पशु चिकित्सा शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह शिविर जे.के. सीमेंट निंबाहेड़ा की सामाजिक सेवा उत्तरदायित्व (बैद) के तहत ग्रामीण विकास कार्यक्रमों का एक हिस्सा हैं। इसका उद्देश्य पशुपालकों के पशुओं की स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान करना और निशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराना था।

जे.के. सीमेंट निम्बाहेड़ा के यूनिट हेड मनीष तोषनीवाल और एचआर हेड प्रभाकर मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में, जे.के. सीमेंट के पशु चिकित्सक डॉक्टर प्रवीण कुमार और उनकी टीम ने 50 पशुपालकों के 325 बीमार पशुओं का प्राथमिक उपचार किया। इनमें 108 गाय, 159 भैंस और 58 बकरियां शामिल थीं।

शिविर के दौरान पशु चिकित्सक डॉक्टर प्रवीण कुमार ने पशुओं की उचित देखभाल, आहार, स्वास्थ्य प्रबंधन से संबंधित उपयोगी सलाह दी। उन्होंने ग्रामीण पशुपालकों को पशुओं की सही देखभाल, पोषण और नियमित टीकाकरण की महत्ता के बारे में जागरूक किया।

ग्राम पंचायत के उप सरपंच गिरधारी लाल गायरी ने व्यक्तिगत तौर पर भ्रमण कर पशुपालकों को दवाई किट का वितरण किया और बताया कि पशु चिकित्सा शिविर से ग्रामीण क्षेत्र में पशु स्वास्थ्य सेवाओं के लिए एक आवश्यक कदम हैं। यह पहल न केवल पशुपालकों के लिए लाभकारी साबित हुई, बल्कि क्षेत्र में सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति जे.के. सीमेंट की प्रतिबद्धता को भी दर्शाती है। इस आयोजन ने न केवल पशुपालकों की समस्याओं का समाधान किया, बल्कि ग्रामीण विकास में जे.के. सीमेंट के समर्पण को भी रेखांकित किया। यह शिविर क्षेत्र के विकास और समाज की सेवा में उनके योगदान की महत्वपूर्ण कड़ी साबित हुआ। इस अवसर पर पशुधन विकास केंद्र प्रभारी बंसी लाल धाकड़, और ग्रामीण विकास अधिकारी नंदकिशोर सोनी, मोहन लाल सेन आदि उपस्थित थे।

एक नजर

साई बाबा मार्ग रामगंज थाने के पास रोड की दुर्दशा सुधारने की केन्द्रीय मंत्री भागीरथ चैधरी से मांग

नगर निगम के वार्ड संख्या 28 एवं 29 के मध्य का मार्ग अनेक वर्षो से दुर्दशा व अंधेरे का शिकार

अजमेर (हुक्मनामा समाचार)। साई बाबा मार्ग रामगंज थाने के पास की रोड की दुर्दशा पिछले अनेक वर्षो से होने के कारण रात्रि में इस क्षेत्र में अंधेरे का आलम रहने,नये बनाये गये डिवाईडरो में रोड लाईट का प्रबंध नही किये जाने व खम्बे भी नही लगवाये जाने के कारण पूर्व में भी जिला प्रशासन और सम्बंधितो को अनेक बार ज्ञापन देने और असंख्य बार अनुरोध के बावजूद सडक की लगभग एक किलोमीटर की सडक की दशा बहुत ही खराब होने के कारण अनेक संगठनो श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के संस्थापक व महासचिव वरिष्ठ पत्रकार रमेश लालवानी ने बताया कि जन सेवा समिति की सर्वधर्म समिति,हरि ओम कॉलोनी विकास समिति,सियाराम नगर विकास समिति,ऑल इण्डिया कौमी एकता कमेटी,अखिल भारतीय जन कल्याण ट्रस्ट,बौद्व मठठ गौतम नगर,चन्द्रवरदाई नगर व्यापारिक ऐसोसिएशल,सुभाष नगर व्यापारिक ऐसोसिएशन,टैक्सी यूनियन सहित अनेक अन्य ने केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री और अजमेर के सांसद भागीरथ चैधरी और राजस्थान के उप मुख्य मंत्री दीया कुमारी से इस मार्ग की दशा सुधरवाने के शीध्र प्रबंध करवाने की मांग की है।श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के अध्यक्ष महेन्द्र बंसल और महासचिव रमेश लालवानी ने बताया कि नगर निगम के वार्ड संख्या 28 एवं 29 के मध्य के मार्ग अनेक वर्षो से दुर्दशा का शिकार हो रखा है।

उन्होने बताय कि वर्तमान में ब्यावर रोड पर पुरानी चुंगी के पास सडक निर्माण के कारण यातायात को इस मार्ग से निकाला जा रहा है।इस कारण प्रतिदिन हजारो दो पहिया,तीन पहिया और चार पहिया वाहन,तारागढ जोने वाले वाहन,स्कूल आने जाने वाले छात्र एवं छात्राओ व वॉक करने वालो सैकडो का आना जाना रहता है।इस कारण अनेक दुधाटनाऐं होती रहती है।महेन्द्र बंसल,रमेश लालवानी,गुणवन्त राहुल,चेतन सैनी,फख्रूद्वीन शाह,सरदार रणजीत सिंह सलूजा,उमर खान,बद्वरूद्वीन कुरेशी,श्रीमती सोनी राहुल,महादेव बच्चानी,रवि कुमार,अभय कुमार,शंकर भाई,सौरभ भाई,लक्ष्मण कुमार सहित अनेक अन्य वरिष्ठ नागरिको ने बताया कि संयोजक रमेश लालवानी के नेतृत्व में जिला प्रशासन के आईए एस जिलाधीश लोक बंधु,नगर निगम के आईएएस आयुक्त देसल दान चारण,अतिरिक्त जिलाधीश गजेन्द्र सिंह राठौड,अजमेर विकास प्राधिकरण की आईएएस सचिव नित्या के,सम्भागीय आयुक्त .और अन्य सम्बंधितो से पूर्व में भी अनेक बार मांग की जा चुकी है।

संभाग स्तरीय आरोग्य मेले में ऑफिस योग और यूनानी चिकित्सा पर व्याख्यान

अतिरिक्त जिला कलक्टर ज्योति ककवानी ने किया अवलोकन

अजमेर (हुक्मनामा समाचार)। संभाग स्तरीय आरोग्य मेला में बड़ी संख्या में रोगियों ने भाग लिया। विशेष रूप से पंचकर्म चिकित्सा के प्रति रोगियों में विशेष रुचि देखी गई और बड़ी संख्या में लोगों ने पंचकर्म चिकित्सा शिविर में परामर्श व उपचार प्राप्त किया।

मेले में आयोजित विभिन्न सत्रों में ऑफिस योग पर डॉ. पुनीत चतुर्वेदी ने एक प्रेरणादायक व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि ऑफिस योग से लंबे समय तक बैठकर काम करने से होने वाली समस्याओं से बचाव किया जा सकता है। उन्होंने प्रतिभागियों को सरल योगासन और प्राणायाम के तरीके भी बताए। इन्हें कार्यस्थल पर आसानी से अपनाया जा सकता है।

शाम के सत्र में यूनानी चिकित्सा पर डॉ. नवाजुल हक ने व्याख्यान देते हुए यूनानी चिकित्सा की प्राचीनता और आधुनिक चिकित्सा में इसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यूनानी चिकित्सा पद्धति प्राकृतिक जड़ी-बूटियों पर आधारित है और यह कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं का प्रभावी समाधान प्रदान करती है।

मेले में शनिवार को अजमेर की अतिरिक्त जिला कलक्टर ज्योति काकवानी ने भी दौरा किया। उन्होंने मेले में लगे विभिन्न चिकित्सा स्टालों का अवलोकन किया और आयोजकों से व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने आरोग्य मेले की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन लोगों के स्वास्थ्य जागरूकता और पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को बढ़ावा देने के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं।

मेले में उपस्थित लोगों ने पंचकर्म, यूनानी, होम्योपैथी और आयुर्वेदिक चिकित्सा का लाभ उठाया। आयोजकों ने बताया कि मेला आगामी दिनों में भी जारी रहेगा और विभिन्न विशेषज्ञों द्वारा स्वास्थ्य परामर्श दिए जाएंगे।

फार्मर रजिस्ट्री शिविर

शनिवार तक 11069 किसानों का हुआ पंजीयन

अजमेर (हुक्मनामा समाचार)। फार्मर रजिस्ट्री शिविर के अन्तर्गत जिले में शनिवार तक 11069 किसानों का पंजीकरण किया गया। इस दिन तक शिविरों में 15553 आवेदन प्राप्त हुए।

अतिरिक्त जिला कलक्टर श्रीमती वंदना खोरवाल ने बताया कि जिले में फार्मर रजिस्ट्री कैम्प ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित हो रहे है। इसके साथ-साथ सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से भी पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित किया जा रहा है। शिविरों में किसानों द्वारा फार्मर रजिस्ट्री कराने पर केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ सीधा पात्र काश्तकार को मिलना सुनिश्चित होगा।

उन्होंने बताया कि अब तक जिले में फार्मर रजिस्ट्री शिविरों में प्राप्त 15553 आवेदनों में से 11069 किसानों का पंजीकरण हुआ। जिले में 1139 को पीएम किसान योजना, 1308 का मंगला पशु बीमा योजना, 34 को किसान क्रेडिट कार्ड, 971 को पशु टीकाकरण, 3371 को पशु चिकित्सा उपचार, 270 को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, 20 को पालनहार योजना, 101 को पट्टे वितरण, 156 को जन्म-मृत्यु पंजीयन, 67 को खाद्य सुरक्षा लाभ, 29 को पीएम सूर्य घर योजना, 3706 को आयुष्मान कार्ड, 450 को आयुष्मान वय वंदन योजना, 2620 की ई-केवाईसी, 664 को मृदा स्वास्थ्य कार्ड, 2859 किसानों के ऑनलाईन आवेदन, 47 फसल बीमा पॉलिसी, 2044 मोबाईलों में राज किसान सुविधा एप, 122 नए जीएसएस सदस्य जोड़े गए एवं 4 पालनहार के पंजीकृत का नवीनीकरण किया गया।

राजसमंद सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ कि केंद्रीय संचार मंत्री से मुलाकात

पादूकलां (हुक्मनामा समाचार)। राजसमंद संसदीय क्षेत्र की सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मुलाकात कर क्षेत्र में संचार और सूचना प्रौद्योगिकी के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक चर्चा की।

इस मुलाकात के दौरान,उन्होंने राजसमंद क्षेत्र में डाकघर और मोबाइल नेटवर्क से संबंधित विभिन्न विकास कार्यों के लिए केंद्रीय मंत्रालय से मदद की अपील की।सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने अपनी बात रखते हुए कहा कि राजसमंद क्षेत्र में सूचना और संचार के क्षेत्र में तेजी से विकास की आवश्यकता है ताकि ग्रामीण इलाकों में लोगों को बेहतर सेवाएँ मिल सकें और वे डिजिटल युग में कदम रख सकें। उन्होंने केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया से निम्नलिखित बिंदुओं पर विशेष ध्यान देने की अपील की।

राजसमंद में डाकघर का नया मंडल कार्यालय निर्माण- सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने बताया कि राजसमंद क्षेत्र में डाकघर का नया मंडल कार्यालय स्थापित करने की आवश्यकता है, जिससे संचार सेवाओं का विस्तार हो सके और नागरिकों को तेज़ एवं सुलभ डाक सेवाएँ मिल सकें।डेगाना विधानसभा में सान्जू शाखा को उप डाकघर में क्रमोन्नत करना डेगाना विधानसभा क्षेत्र की सान्जू शाखा को उप डाकघर में क्रमोन्नत करने की मांग की गई, ताकि वहाँ के निवासियों को बेहतर डाक सेवा प्राप्त हो सके। यह कदम क्षेत्रीय विकास और नागरिक सुविधाओं में सुधार के लिए महत्वपूर्ण है।डेगाना विधानसभा की ग्राम पंचायतों में मोबाइल टॉवर की स्थापना सांसद ने डेगाना विधानसभा की ग्राम पंचायतों बरना, भारती, सुरियास और पुनास में मोबाइल टॉवर लगाने की अपील की। इन क्षेत्रों में मोबाइल नेटवर्क की स्थिति कमजोर है, और यह कदम स्थानीय लोगों को बेहतर संवाद और सूचना सेवाएँ प्रदान करेगा।जेतारण विधानसभा की ग्राम पंचायतों में नवीन डाकघरों का निर्माण जेतारण विधानसभा की कुर्की, लांबिया, निंबोल और राबारियावास ग्राम पंचायतों में नवीन डाकघरों का निर्माण करने की आवश्यकता जताई गई। इन क्षेत्रों में डाक सेवा की पहुंच बेहतर बनाने के लिए यह कदम बहुत महत्वपूर्ण है।

सादगीपूर्ण शादी कर डॉक्टर भाई-बहिन ने पेश की मिसाल

बिना दहेज के शादी, एक रुपया और नारियल लेकर रचाई शादी

नागौर (हुक्मनामा समाचार)। हाउसिंग बोर्ड नागौर में हुई शादी में अनूठा वाकया देखने को मिला .जहां जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक नागौर में अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी के पद पर कार्यरत मनोज जांगिड़ के पुत्र डॉक्टर सुरेंद्र जो एमबीबीएस है और पुत्री डॉक्टर रवीना जो पीजी रेडियोलॉजिस्ट है दोनों डॉक्टर भाई - बहिन की शादी दहेज में शगुन के तौर पर एक रुपए और नारियल ही लेकर सम्पन्न हुई ओर दहेज प्रथा को रोकने की मिशाल पेश की गई।

इस पहल की चर्चा अब शहर में चारों तरफ हो रही है। बहन डॉक्टर रवीना की शादी प्रशांत के साथ हुई है जो आईआरएस ढ्ढक्रस्

है इनके पिता जी डॉक्टर नरेंद्र कुमार भी आईआरएस है जो वर्तमान में डीजी इनकम टैक्स बैंगलोर के पद पर कार्यरत हैं आईआरएस प्रशांत के परिवार ने दहेज में शगुन के रूप में महज 1 रुपया और नारियल लिया।

वहीं इसी प्रकार भाई डॉक्टर सुरेंद्र की शादी बोरावड़ निवासी नागौर कलेक्ट्रेट में राजस्व लेखाधिकारी के पद पर राजस्थान राजस्व लेखा सेवा संघ के प्रदेशाध्यक्ष बंकटलाल जांगिड़ की पुत्री डॉक्टर सीमा से हुई है जो भी एमबीबीएस है।दोनों भाई बहन की शादी में शगुन के रूप में महज 1 रुपया और नारियल लिया।

यह नजारा देख सभी चकित रह गए। यह शादी नागौर, बोरावड़ सहित पूरे जिले में भी चर्चा का विषय बनी दहेज में केवल एक रुपया और नारियल ले सादगी से विवाह रचाकर. दहेज प्रथा को रोकने की पेश की गई इस पहल की चर्चा अब चारों तरफ हो रही है।

राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए

न्यायिक अधिकारीगण के साथ बैठक आयोजित

अजमेर (हुक्मनामा समाचार)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश के सचिव महेन्द्र कुमार ढ़ाबी द्वारा 8 मार्च को आयोजित होने वाली वर्ष की प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु तालुका विधिक सेवा समिति पुष्कर् में न्यायिक अधिकारीगण, अध्यक्ष बार एसोसिएशन एवं अन्य अधिवक्तागण के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के माध्यम से सचिव द्वारा चैक अनादरित प्रकरणों, एन आई एक्ट प्रकरणों, पारिवारिक न्यायालय के प्रकरणों, मोटर वाहन दुर्घटना दावा अधिकरण के अधिकाधिक प्रकरणों को लोक अदालत की भावना से निस्तारित करने के निर्देश प्रदान किए।

वन विभाग द्वारा ईआरसीएपी हेतु हरसंभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है- यादव

अजमेर (हुक्मनामा समाचार)। जल संसाधन विभाग कार्यालय जयपुर में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इसमें केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव और जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत की उपस्थिति में ईआरसीपी परियोजना के अंतर्गत वन विभाग से संबंधित कार्यों एवं समन्वय पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक के दौरान, ईआरसीपी परियोजना के विभिन्न पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया गया। इनमें वन विभाग के कार्य और उनके समन्वय की भूमिका अहम है। इस परियोजना के माध्यम से राज्य में जल प्रबंधन में सुधार लाने का लक्ष्य है, और इसके लिए वन विभाग के सहयोग की आवश्यकता भी अत्यधिक महत्वपूर्ण है।

भूपेंद्र यादव ने बैठक में स्पष्ट किया कि केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय इस परियोजना में वन विभाग द्वारा हरसंभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के कार्यों के लिए वन विभाग का सहयोग बेहद महत्वपूर्ण होगा और वे हर कदम पर राज्य सरकार के साथ खड़े रहेंगे।

इसके उत्तर में जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव का आभार व्यक्त किया और कहा कि उनका सहयोग इस परियोजना की सफलता में अहम भूमिका निभाएगा। रावत ने यह भी कहा कि जल संसाधन विभाग और वन विभाग के बीच बेहतर समन्वय से इस परियोजना के कार्यों को शीघ्रता से पूरा किया जा सकेगा। इससे राज्य के जल संकट को सुलझाने में महत्वपूर्ण मदद मिलेगी।

बैठक में जल संसाधन विभाग और वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। इस बैठक के परिणामस्वरूप, ईआरसीपी परियोजना में वन विभाग के समन्वय के लिए आवश्यक कदम उठाने की दिशा में सकारात्मक पहल की गई।

केंद्रीय कृषि मंत्री भागीरथ चौधरी ने की अध्यक्षता, जैविक एवं प्राकृतिक खेती को दें बढ़ावा : केंद्रीय मंत्री चौधरी

अजमेर (हुक्मनामा समाचार)। जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक शनिवार को केंद्रीय कृषि मंत्री भागीरथ चौधरी की अध्यक्षता में जिला परिषद सभागार में आयोजित हुई। चौधरी ने जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर लोक बन्धु एवं जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अभिषेक खन्ना ने विभागीय प्रगति से अवगत कराया।

केंद्रीय कृषि मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं की क्रियान्विति का मूल्यांकन करने के लिए जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित की गई है। इसका उद्देश्य इन योजनाओं की पात्र व्यक्ति तक पहुंच सुनिश्चित करना है। अधिक रसायनों के उपयोग से धरती बीमार एवं नशीली हो गई है। इससे बचने के लिए जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। यह कार्य धरती, किसान और प्राणी मात्र के जीवन को बचाने के लिए करना पड़ेगा। इसके लिए सरकार द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र एवं कृषक उत्पादक संघ (एफपीओ) की श्रृंखला देश भर में स्थापित की गई है। इनके माध्यम से किसानों का प्रशिक्षण भी करवाया जा रहा है। कृषि विज्ञान केंद्र एवं कृषक उत्पादक संघ किसान एवं गांव के मित्र बनकर इनकी आर्थिक उन्नति कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के क्लेम की विभाग द्वारा ब्लॉकवार समीक्षा की जानी चाहिए। इससे फसल खराबे की वास्तविक जानकारी सामने आएगी। इसके अनुसार किसानों को मुआवजा जारी करने के निर्देश दिए गए। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से जुड़ी हुई बीमा कंपनियों को सरकार द्वारा पाबंद किया गया है। अब किसान भी अपनी फसल के खराबे की सूचना एप के माध्यम से दे सकते हैं।

उन्होंने कहा कि सांसद एवं विधायक स्थानीय विकास कोष के माध्यम से स्वीकृत कार्यों को पूर्ण करने के लिए अधिकारी लगातार मॉनिटरिंग करें। पूर्ण विकास कार्यों के उपयोगिता एवं पूर्णता प्रमाण पत्र भी समय पर जारी होने चाहिए। अजमेर जिला नरेगा में सर्वाधिक श्रमिकों को रोजगार देने वाली श्रेणी में है। इसके लिए जिला प्रशासन एवं जिला परिषद बधाई के पात्र हैं। जिले में अवैध खनन रोकने के लिए भी अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

उन्होंने कहा कि जिले में सार्वजनिक निर्माण विभाग की गारंटी पीरियड की सड़कों की मरम्मत समय पर होनी सुनिश्चित की जाए। गारंटी पीरियड की सड़कों की जानकारी जनप्रतिनिधियों को साझा की जानी चाहिए। विकास कार्यों का शुभारंभ शिलान्यास कार्यक्रम के माध्यम से हो। इसी प्रकार समस्त विकास कार्यों के पूर्ण होते ही उनका लोकार्पण भी करवाना सुनिश्चित करें। पूर्व में किए गए शिलान्यास एवं लोकार्पण के शीलापट्ट निर्धारित स्थान पर लगवाया जाए। बजट घोषणाओं को क्रियान्वित करने के संबंध में भी निर्देश प्रदान किए गए।

रोजगार शिविर कुचामन सिटी में 21 को आयोजित होगा

डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)। राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी नीति के तहत कौशल नियोजन व उद्यमिता विभाग, राज., जयपुर के निर्देशानुसार राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कुचामन सिटी द्वारा एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर 21 फरवरी शुक्रवार को प्रात: 10 बजे से कुचामन महाविद्यालय परिसर कुचामन सिटी में आयोजित किया जायेगा। जिसमें निजी क्षेत्र की लगभग 30 कम्पनियों को आमन्त्रित किया गया है जिससे जिले एवं आस-पास के बेरोजगार युवाओं को इन निजी क्षेत्र की कम्पनियों में रोजगार के अवसर प्राप्त करेगें। सहायक निदेशक योगेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि आई.टी.आई.. डिप्लोमा. 10 वीं, 12 वीं, स्नातक उत्तीर्ण आशार्थी शिविर में ही नि:शुल्क रजिस्ट्रेशन करवाकर राज्य/देश की विभिन्न क्षेत्र जैसे ऑटोमोबाईल, फाईनेस, सिक्योरिटी, होटल मैनेजमेंट, हेल्थ केयर, पर्यटन से जुड़ी हुई कंपनियों को इन्टरव्यू देने का लाभ प्राप्त कर सकते है। अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी शंकरलाल ने बेरोजगार आशार्थियों को रिज्यूमें एवं अन्य आवश्यक शैक्षणिक दस्तावेजों की प्रतिलिपि साथ में लाने की सलाह दी।

सूर्योदय व सूर्यास्त के समय करे सूर्य नमस्कार : आचार्य संत

दहेज नहीं लेने की दिलाई शपथ, कन्यादान ही चैतन्य दहेज : कथावाचक संत

श्रीमद भागवत कथा में पूर्णाहुति पर उमड़ा जन सैलाब

नाहरगढ़ (हुक्मनामा समाचार)। कस्बे से सटे मध्यप्रदेश सीमा पर स्थित ग्राम अनारथ में आयोजित श्रीमद भागवत कथा में पूर्णाहुति के दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।मध्यप्रदेश के ग्रामीण क्षेत्र सहित कस्बे व आसपास के पूरे ग्रामीण क्षेत्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा का श्रवण करने पहुंचे। कथावाचक संत ने कथा के दौरान कहा कि सत्संग भगवान का द्वारा, भवसागर का किनारा हैं। राजकाज, कर्म प्रभु का कार्य समझ कर करना चाहिए। अंत समय का चिंतन अच्छा होना चाहिए। अंत मति सुधरेगी तो जीव गति सुधरेगी। रोजाना सभी को सूर्योदय व सूर्यास्त के समय सूर्य नमस्कार करके भगवान का भजन करना चाहिए। सूर्य नारायण भगवान सबको प्रकाश देकर बिना कुछ लिए अस्त हो जाते है।ऐसा ही हमारा जीवन निस्वार्थ और परोपकारी होना चाहिए।

भागवत कथा की पूर्णाहुति में दी हवन में पवित्र आहुतियां- ग्राम अनारथ में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के सातवे दिन पूर्णाहुति पर शनिवार सुबह से विद्वान पंडितो द्वारा पवित्र मंत्रोच्चारण के साथ हवन कुंड में यजमानों द्वारा आहुतियां दी गई। कथा पांडाल के समक्ष मुख्य यजमान हवन कुंड में आहुतियां देने जोड़े सहित बैठे। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूर्णाहुति में पहुंचे। और भाग लिया। आचार्य पंडितो द्वारा विधि विधान से मंत्रोपचार के साथ हवन यज्ञ करवाया। और पावन कथा की पूर्णाहुति करवाई।

कथा के समापन पर भाव विभोर हो उठे श्रद्धालु- कथा के अंतिम दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा का श्रवण करने पहुंचे। इस दौरान पूर्णाहुति होने पर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। संत श्री द्वारा अंत में सभी श्रद्धालुओं से दहेज के विरुद्ध शपथ दिलाई, और जय श्री कृष्णा, राम राम बोल कर अभिवादन किया ।

कल होगा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यालय का उद्घाटन समारोह

डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)। जिला मुख्यालय पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यालय का उद्घाटन समारोह 16 फरवरी को सुबह 10ः15 बजे आयोजित किया जाएगा।यह समारोह नागौर रोड कलेक्टर ऑफिस के पास में आयोजित किया जाएगा। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यालय का उद्घाटन समारोह आयोजित होगा। जिसमें कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष जाकिर हुसैन के साथ डीडवाना के पूर्व विधायक चेतन डूडी सहित तमाम कांग्रेस के कार्यकर्ता पदाधिकारी इस कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।सुबह 10ः15 बजे पूर्व विधायक जिला अध्यक्ष के द्वारा फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया जाएगा।बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता यहां पर इस कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।

कार्यालय नगर परिषद् किशनगढ़ (अजमेर) राज

क्रमांकः-न.प.कि./ कृ.भूमि/2024/776 दिनाक :- 30/12/2024

-: आम सूचना :-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम मदनगंज के खसरा संख्या 638, 639/1, 645/1, 646 पर स्थित आवासीय (भूखण्ड संख्या ए-35-ए क्षेत्रफल 116.66 वर्गगज) पर श्रीमती गौरी पुरी पत्नि श्री सम्पत पुरी ने आवेदन प्रस्तुत कर नाम हस्तांतरण चाहा गया है।

उक्त भूखण्ड की सीमाएं निम्नानुसार है:-

> पूर्व में :- 30 फीट चौडा रास्ता
> पश्चिम में :- भूखण्ड संख्या बी 01
> उत्तर में :- भूखण्ड संख्या ए-35 का शेष भू भाग
> दक्षिण में :- भूखण्ड संख्या सी-04

अतः उक्त नाम हस्तान्तरण प्रकरण में किसी भी व्यक्ति/संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय मे प्रस्तुत करे अन्यथा बाद मयाद किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगा।

प्रभारी
नगर परिषद, किशनगढ़

कार्यालय नगर परिषद् किशनगढ़ (अजमेर) राज

क्रमांकः-न.प.कि./ SDRC/2025/912 दिनाक :- 11/02/2025

-: आम सूचना :-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम मदनगंज के खसरा संख्या 26,28,35,36,41 पर स्थित आवासीय (भूखण्ड संख्या सी-304 क्षेत्रफल 189.06 वर्गगज में से विखण्डित भूखण्ड संख्या सी-304-ए क्षेत्रफल 58.33 वर्गगज, भूखण्ड संख्या सी-304-बी क्षेत्रफल 62.68 वर्गगज एवं भूखण्ड संख्या सी-304-सी क्षेत्रफल 68.05 वर्गगज)पर श्री प्रकाश राम पुत्र श्री गोपाल राम ने आवेदन प्रस्तुत कर उपविभाजन चाहा गया है।

उक्त भूखण्ड की सीमाएं निम्नानुसार है:-

> पूर्व में :- भूखण्ड संख्या सी-303
> पश्चिम में :- 30 फीट चौडा रास्ता
> उत्तर में :- भूखण्ड संख्या सी -305
> दक्षिण में :- 30 फीट चौडा रास्ता

अतः उक्त उपविभाजन प्रकरण में किसी भी व्यक्ति/संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करे अन्यथा बाद-मयाद किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नही होगी।

प्रभारी
नगर परिषद, किशनगढ़

कार्यालय नगरपालिका गुलाबपुरा (भीलवाड़ा)

क्रमांकः तामीरात/1863 दिनांक 12/02/2025

उजरदारी नोटिस

श्री इन्द्रदेव चौहान पिता/पति श्री गणपत लाल चौहान निवासी गुलाबपुरा वार्ड नम्बर द्वारा पालिका कार्यालय में भवन निर्माण स्वीकृति हेतु/भूखण्ड हस्तान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। चित्रकूट कालोनी भू.सं.-89 (25x50)

अतः इस सूचना पत्र के माध्यम से सार्वजनिक सूचना प्रसारित की जाति है कि यदि किसी व्यक्ति को उक्त भवन निर्माण स्वीकृति/भू-खण्ड हस्तान्तरण के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो लिखित रूप में मय दस्तावेजी प्रमाणों को संलग्न करते हुये एक सप्ताह की अवधि में प्रस्तुत कर दें। उक्त अवधि के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

पत्रावली एवं दस्तावेजो का निरीक्षण कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस के समय देखा जा सकता है।

पड़ोस विवरण:-

पूर्व :- सड़क 30 फीट
पश्चिम :- भूखण्ड संख्या 82
उत्तर :- भूखण्ड संख्या - 88
दक्षिण :- भूखण्ड संख्या 90

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका, गुलाबपुरा

राजस्थान को रास आ रहा पुलिस मुख्यालय का नवाचार

अब तक 17.8 लाख से अधिक ने किया है इस एप को डाऊनलोड

राजस्थान पुलिस के राजकॉप सिटीजन मोबाइल एप ने रचा इतिहास

एक दिन में 21 हज़ार से अधिक लोगों ने किया डाउनलोड

जयपुर (हुक्मनामा समाचार)। प्रदेश की महिलाओं एवं आम नागरिकों को भय मुक्त वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य से राजस्थान पुलिस द्वारा डवलप किया गया राजकोप सिटीजन एप इन दिनों आम चर्चा में है। मात्र एक दिन में 21000 से अधिक लोगों ने ऐप डाउनलोड कर इतिहास रच दिया। अब तक 17.8 लाख से अधिक लोगों ने इस ऐप को डाउनलोड कर लिया है, जिसमें 9000 से ज्यादा शिकायतों को हैंडल किया जा चुका है। स्टेट क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के आईजी शरत कविराज ने बताया कि जयपुर के त्रिवेणी नगर में 12 फरवरी की सुबह कोचिंग छात्रा से सरेराह एक युवक द्वारा छेड़छाड़ की घटना के बाद यह एप चर्चा में आया था।

आहत छात्रा ने ऐप के मदद चाहिए फीचर पर जैसे ही मैसेज भेजा, उसके बाद मात्र 3 मिनट के अंदर पुलिस मौके पर पहुंच गई और आरोपी युवक को पकड़ गिरफ्तार कर लिया। आईजी कविराज ने बताया कि इस ऐप में आम नागरिकों एवं महिलाओं की सहूलियत के लिए कई सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है जो काफी आसान और मददगार है। इस ऐप के जरिए आने वाली शिकायतों के विभिन्न पहलुओं का विश्लेषण कर उनके मुताबिक एनालिटिक्स विकसित किया जाएगा, जो आने वाले समय में अपराध नियंत्रण में मददगार साबित होगा।

वरदान बना पुलिस का राजकॉप सिटीजन एप राजकॉप सिटीजन एप में आम नागरिकों के लिए पुलिस ने कई सुविधाएं उपलब्ध कराई है। यह ऐप एंड्राइड और आईओएस दोनों ही ऑपरेटिंग सिस्टम पर काम करता है। इस ऐप में महिला सुरक्षा, हेल्पलाइन, मेरा कोना, सेवाएं, संपर्क, निकटतम खोजें, जानकारी और सोशल मीडिया की सुविधाएं प्रदान की गई है। इस ऐप को एंड्राइड मोबाइल में गूगल प्ले स्टोर एवं आईफोन के एप स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है।

13 वर्षीय किशोरी से दुष्कर्म मामले में पीड़िता को 2 लाख 50 हजार रुपये की प्रतिकर एवं निःशुल्क विधिक सहायता

जयपुर (हुक्मनामा समाचार)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने श्रीगंगानगर जिले में हुई 13 वर्षीय किशोरी के साथ हुए दुष्कर्म एवं प्रसव के दौरान नवजात की मृत्यु की घटना पर तत्काल संज्ञान लेते हुए 2 लाख 50 हजार रुपये की प्रतिकर एवं निःशुल्क विधिक सहायता दिलवाई है । राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव हरिओम अत्री ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई कर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रीगंगानगर को निर्देशित किया गया कि पीड़िता को तत्काल विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रीगंगानगर द्वारा पीड़िता को निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान की गई तथा पीड़ित प्रतिकर संशोधन योजना 2023 के तहत 2,50,000/- की अंतरिम सहायता राशि का चेक सौंपा गया।

प्रसार भारती के अध्यक्ष ने दूरदर्शन राजस्थान और आकाशवाणी के कार्यक्रमों को अधिक जनोपयोगी बनाने पर बल दिया

जयपुर (हुक्मनामा समाचार)। प्रसार भारती के अध्यक्ष, नवनीत कुमार सहगल ने अपने जयपुर दौरे के दौरान दूरदर्शन केंद्र जयपुर का अवलोकन किया और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने सुबह से रात तक प्रसारित प्रत्येक कार्यक्रम की जानकारी ली और समसामयिक तथा जनहित के कार्यक्रमों को बढ़ाने के निर्देश दिए।

सहगल ने कार्यक्रमों में नवाचार और अभिनव प्रयोग करने पर जोर देते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विज़न के अनुरूप वर्ष 2047 के लिए युवाओं की सहभागिता से कार्यक्रम निर्माण पर बल दिया। उन्होंने 'निरोगी राजस्थान' और महिला मुद्दों पर आधारित कार्यक्रमों को प्रतिदिन प्रसारित करने के लिए आवश्यक परिवर्तन की बात कही। अपने दौरे के दौरान, सहगल ने दूरदर्शन परिसर में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण किया और स्टूडियो परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने उपलब्ध स्थान का बेहतर उपयोग करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर, दूरदर्शन जयपुर के केंद्र प्रमुख सतीश देपाल ने राजस्थानी परंपरा के अनुरूप साफा पहनाकर सहगल का स्वागत किया और कार्यक्रम प्रमुख सीमा विजय एवं समाचार प्रमुख मंजू मीणा ने स्मृति चिह्न भेंट किए। बैठक के दौरान, केंद्र अध्यक्ष सतीश देपाल, कार्यक्रम प्रमुख सीमा विजय, समाचार प्रमुख मंजू मीणा, निदेशक अभियांत्रिकी निलेश खंडेलवाल, उपनिदेशक अभियांत्रिकी पंकज भूटानी, सहायक निदेशक कार्यक्रम सुरेश मीणा, सहायक निदेशक कार्यक्रम राकेश जैन, सहायक निदेशक अभियांत्रिकी मूलाराम चौधरी, मुकेश अग्रवाल, अजय कुमार रोहिल्ला, महिपाल यादव, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी रंगलाल बैरवा, आहरण एवं संवितरण अधिकारी वीरेंद्र कुमार सारस्वत, सहायक निदेशक समाचार मुरारी लाल गुप्ता समेत केंद्र के कई अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

अपने जयपुर दौरे के दौरान, सहगल ने एक दिन पूर्व, 14 फरवरी को, आकाशवाणी केंद्र जयपुर का भी दौरा किया और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में भाग लिया। उन्होंने रेडियो को हर नागरिक की आवाज़ बनाने हेतु कार्यक्रमों की समीक्षा की। बैठक का संचालन कार्यक्रम अधिकारी वीरेन्द्र कुमार परिहार ने किया।

कोटा में केमिकल कंपनी ने गैस छोड़ी, स्कूली बच्चे बेहोश

सांस लेने में तकलीफ और उल्टियां होने लगी, कर्मचारी कंधे पर लेकर भागे

कोटा (हुक्मनामा समाचार)। कोटा में चंबल फर्टिलाइजर कंपनी की फैक्ट्री से छोड़ी गई अमोनिया गैस स्कूल तक पहुंच गई। जिससे स्कूली बच्चों को सांस लेने में दिक्कत होने लगी, और वह बेहोश होकर स्कूल के ग्राउंड में गिरने लगे। इस दौरान कई बच्चों को उल्टियां भी होने लगीं। स्कूली कर्मचारियों ने बच्चों को कंधे पर लेकर अस्पताल पहुंचाया। चंबल फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल लिमिटेड की फैक्ट्री के पास ही सरकारी हायर सेकेंडरी स्कूल स्थित है। फैक्ट्री स्कूल की बाउंड्री से अटैच है, जबकि फैक्ट्री का गेट 500 मीटर दूर है।

सीएफसीएल स्थित हॉस्पिटल के डॉ. आरके शर्मा ने बताया कि गैस रिसाव के बाद अस्पताल में 15 बच्चों, एक स्टाफ और 2 गांव वालों को लाया गया। गंभीर मरीजों में से 9 बच्चों को कोटा जिला अस्पताल रेफर किया गया।

कलेक्टर बोले- हादसे की जांच कर रहे कलेक्टर डॉ. रविंद्र गोस्वामी ने बताया- घटना का पता लगने पर सिमलिया गांव का दौरा किया। फैक्ट्री में जाकर आए हैं। बच्चों के सेहत की भी जानकारी ली है। गैस लीकेज या रिलीज को लेकर अभी तक स्पष्ट कारण सामने नहीं आए है। पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड को मौके पर बुलवाया है।

बच्चों को कंधों पर डाल कर लाए स्कूल के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हेमंत कुमार ने बताया- अमोनिया गैस से बच्चों की तबीयत बिगड़ने लगी।

पहले हमारे सर की गाड़ी से 7 बच्चों को लाया। फिर 5 और छात्राओं की तबीयत बिगड़ गई। उन्हें भी हॉस्पिटल लाया। तीसरे राउंड में फिर गया। बच्चों को कंधे पर लेकर आया। यहां लाने के बाद मेरा भी गला जाम हो गया, सिर भारी हो गया। मुझे चक्कर आने लगे।

मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना की अंतिम तिथि बढ़ाई

23 फरवरी तक किए जा सकेंगे आवेदन

जयपुर (हुक्मनामा समाचार)। प्रदेश के छात्र-छात्राओं की मांग पर विभाग ने मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग की तिथि एक बार फिर बढ़ाई है। अब आवेदक 23 फरवरी तक आवेदन कर सकेंगे। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी निःशुल्क कोचिंग करने के लिए ऑनलाइन आवेदन किये जाने की पूर्व में निर्धारित अंतिम तिथि 23 फरवरी, 2025 तक बढ़ा दिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा छात्रों को योजना से लाभान्वित करना है। गहलोत ने बताया कि योजना के अंतर्गत विभिन्न प्रोफेशनल कोर्स के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षाओं एवं सरकारी नौकरियों के लिए आयोजित होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी उत्कृष्ट ढंग से कराने एवं समान अवसर प्रदान करने के लिए विभाग द्वारा ऑनलाइन पोर्टल पर सूचीबद्ध कोचिंग संस्थानों में निःशुल्क कोचिंग के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों से वर्ष 2024-25 के लिए ऑनलाइन आवेदन किये जाने की तिथि पूर्व में विभाग द्वारा 15 फरवरी निर्धारित की गई थी। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन SSO Portal के द्वारा लॉगिन कर सीएम अनुप्रति कोचिंग योजना के आइकन के माध्यम से सीधे ही अथवा एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन कर एसजेएमएस ऐप पर जाकर सीएम अनुप्रति कोचिंग योजना के विकल्प का चयन कर 23 फरवरी 2025 तक विभाग को ऑनलाइन भर सकते हैं।

अस्थमा मरीजों की परेशानी बढ़ सकती है

मौसमी बीमारियों की चपेट में आ रहे लोग

जयपुर (हुक्मनामा समाचार)। राजस्थान में इन दिनों मौसम बार-बार बदल रहा है, जिसके कारण आमजन की सेहत का मिजाज भी बिगड़ रहा है। दिन में तेज गर्मी और सुबह-शाम सर्दी के असर के चलते आमजन मौसमी बीमारियों की चपेट में आने शुरू हो गए। इसके कारण एसएमएस हॉस्पिटल समेत जयपुर के अन्य हॉस्पिटलों में मरीजों की भीड़ ओपीडी में बढ़ गई। अकेले एसएमएस हॉस्पिटल की ओपीडी में इन दिनों हर रोज 10 हजार तक पहुंच गई है। एसएमएस हॉस्पिटल के अतिरिक्त अधीक्षक और श्वसन रोग विशेषज्ञ डॉ. अजीत सिंह बताया- इन दिनों तापमान 30 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर दर्ज हो रहा है, जो औसत से भी 4-5 डिग्री सेल्सियस ऊपर है। जबकि सुबह-शाम की सर्दी तेज है। मौसम के इस उतार-चढ़ाव को लोग हल्के में ले रहे है, जिसके कारण वह बीमार हो रहे है। डॉ. सिंह ने बताया- आमतौर गले के इंफेक्शन और सांस के पेशेंट ज्यादा आ रहे हैं। ये आने वाले कुछ दिनों में और बढ़ने की आशंका है। क्योंकि 15 फरवरी के बाद से पोलन सीजन यानी पराग ऋतु शुरू हो जाएगी। पोलन की एलर्जी में नजले के केस के अलावा नाक, आंख के आसपास इंफेक्शन के केस शुरू हो जाएंगे। साथ ही जो पुराने अस्थमा मरीज है। उनमें दिक्कत और बढ़ सकती है।

मास्क का उपयोग करें और ठंडे पदार्थ का सेवन न करें डॉ. अजीत सिंह ने बताया- अभी सर्दी से बचने के लिए गर्म कपड़ों का उपयोग करना बंद न करें। दिन में भले ही लोग गर्म कपड़े न पहन रहे हो, लेकिन सुबह-शाम जरूर पहने। इसके अलावा अगले कुछ दिनों तक मास्क का सर्वाधिक उपयोग करें और हो सके तो ठंडे पदार्थ जैसे आइसक्रीम, ठंडा ज्यूस, शर्बत समेत अन्य चीजों के सेवन से भी बचे।

अजमेर में ट्यूशन टीचर ने फंदा लगाया

सुसाइड नोट में लिखा- बॉयफ्रेंड के घरवालों ने परेशान किया

अजमेर (हुक्मनामा समाचार)। अजमेर में ट्यूशन टीचर ने सुसाइड कर लिया। युवती के माता-पिता शादी में गए हुए थे। लौटे तो बेटी फंदे पर लटके मिली। युवती के पास 4 पेज का सुसाइड नोट मिला है। जिसमें बॉयफ्रेंड रेलवे कर्मचारी के परिवार पर आरोप लगाया गया है। लिखा- जब तक उन्हें सजा न दी जाए, अंतिम संस्कार न किया जाए। पुलिस ने सुसाइड नोट और मोबाइल जब्त किया है। घटना अलवर गेट थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात की है। एएसआई गणपत लाल ने बताया- 31 साल की युवती के पिता ने शिकायत दी है। बताया- बेटी एक युवक से प्यार करती थी। दोनों 3 साल से एक-दूसरे को जानते थे।

युवक ने बेटी से शादी करने का वादा किया था, लेकिन उसकी मां, तीन बहन सहित मामा-मामी और अन्य लोगों ने मना कर दिया था। वे युवक पर भी मेरी बेटी को छोड़ने का दबाव बनाते थे।

इजराइल ने 369 फिलिस्तीनी कैदियों को टी-शर्ट पहनाकर रिहा किया

तेल अवीव। हमास की कैद से इजराइली बंधकों की रिहाई के बाद इजराइल ने भी शनिवार को 369 फिलिस्तीनी कैदियों को छोड़ दिया है। टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के मुताबिक इन कैदियों को एक खास तरह की टी-शर्ट पहनाकर रिहा कर दिया है। इस पर हम न भूलेंगे और न माफ करेंगे लिखा हुआ है। दरअसल, हमास हर बार इजराइली बंधकों की रिहाई से पहले एक इवेंट करता है। इसमें बंधकों को लाया जाता है और उनसे हमास की तारीफ करवाई जाती है। इस इवेंट में हजारों फिलिस्तीनी जुटते हैं। इजराइल इसी बात से नाराज है। आज भी हमास ने 3 इजराइली बंधकों को रिहा किया और इवेंट का आयोजन किया।

सीजफायर डील के तहत इन तीनों बंधकों को गाजा के खान यूनिस इलाके में सुबह 10 बजे (इजराइली समय के मुताबिक) रेड क्रॉस के हवाले किया गया। इसके बाद इन्हें इजराइली सेना के हवाले कर दिया गया। रिहा होने वाले तीनों पुरुष बंधकों के नाम सागुई डेकेल-चेन, साशा ट्रोफानोव और इएयर हॉर्न हैं। 498 दिन बाद इजराइल लौटे तीनों बंधक पिछले महीने लागू हुए सीजफायर डील के तहत बंधकों और फिलिस्तीनी कैदियों की यह छठी अदला-बदली थी। इस बार रिहा हुए तीनों इजराइली बंधक पिछले सप्ताह रिहा हुए बंधकों की तुलना में ज्यादा स्वस्थ नजर आ रहे थे। दरअसल, पिछली बार रिहा हुए तीनों बंधक बेहद दुबले हो गए थे।

इजराइल ने उनकी हालत को लेकर हमास की आलोचना भी की थी। हमास अब तक इजराइल के 19 और थाईलैंड के 5 बंधकों को रिहा कर चुका है।

आईडीएफ ने कहा कि रिहा किए गए तीनों बंधक 498 दिन के बाद इजराइल लौटे हैं।

Delhi Diary

राम कुमार कौशिक
(सलाहकार संपादक)

सुप्रीम कोर्ट में फिर से चन्द्रचूड़ की एंट्री

भारत के सुप्रीम कोर्ट में चंद्रचूड़ ना हों ये शायद कभी नहीं हो सकता।डी वाई चंद्रचूड़ को मुख्य न्यायाधीश के पद से रिटायर हुए कुछ ही दिन हुए है और उनके बेटे अभिनव चंद्रचूड़ ने अपैक्स कोर्ट में वकील के तौर पर एंट्री मार ली है। एंट्री भी ऐसे वेसे नहीं बल्कि इस समय देश के सबसे चर्चित विवाद से जुड़े केस को लेकर अभिनव सुप्रीम कोर्ट में पैरवी करने पहुचे हैं। इंडिया गॉट लेटेंट कॉमेडी शो में हुए वल्गर एपिसोड में फंसे यूट्यूबर रणबीर अलाहबादिया के वकील बने हैं अभिनव चंद्रचूड़। अलाहबादिया पर देश के कई हिस्सों में मुकदमे दर्ज हुए है। अभिनव चंद्रचूड़ ने सुप्रीम कोर्ट में मौखिक मेंशन करते हुए अलाहबादिया के ख़िलाफ़ दर्ज सभी एफ़आईआर को एक साथ जोड़ने की दरख्वास्त की। सीजेआई संजीव खन्ना ने मौखिक मेंशनिंग तो स्वीकार नहीं की मगर कहा कि 3-4 दिन में एक बेंच इस मामले को सुन सकती है। अभिनव चंद्रचूड़ मुंबई हाईकोर्ट में वकालत करते हैं और सुप्रीम कोर्ट में ये उनकी पहली अपीयरेंस है। अभिनव के दादा और हाल रिटायर हुए डी वाई चन्द्रचूड़ के पिता वाई वी चंद्रचूड़ भी भारत के मुख्य न्यायाधीश रह चुके हैं। स्वर्गीय वाई वी चंद्रचूड़ के नाम सबसे लंबे समय तक (1978 से 1985) देश के मुख्य न्यायाधीश होने का रिकॉर्ड है।

तीन तारीख़ के फेर में नए मुख्य चुनाव आयुक्त

नए मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति की प्रक्रिया से जुड़ी तारीखें रोमांच पैदा करने वाली हैं। अगले सप्ताह के तीन दिन कुछ नया होता रहेगा और आख़िरी तीसरा दिन गुज़रे दो दिन की प्रगति पर नकारात्मक या सकारात्मक कोई भी असर डाल सकता है। मामला कुछ यूँ है कि 17 फरबरी को सीईसी की नियुक्ति पर बैठक हो रही है जिसमे प्रधानमंत्री मोदी और प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी के अलावा प्रधानमंत्री द्वारा नामित उनके एक कैबिनेट सहयोगी भी शामिल होंगे। सूत्रों की माने तो वर्तमान में दो चुनाव आयुक्तों में से वरिष्ठ ज्ञानेश कुमार सबसे आगे दिख रहे हैं। और परंपरा भी यही रही है कि सीईसी के बाद सबसे वरिष्ठ ईसी को चुनाव आयोग लीड करने का मौका दिया जाता है। इस बैठक के अगले दिन निवर्तमान सीईसी राजीव कुमार सेवानिवृत्त हो रहे हैं यानी इसी दिन उनके उत्तराधिकारी को कमान सौंपी जाएगी। इसकी अगले सुबह सांसे थामकर सबकी नज़रे सुप्रीम कोर्ट पर रहेंगी। कोर्ट में 19 फरबरी को सीईसी की नियुक्ति से जुड़ी याचिकाओं पर निर्णयात्मक सुनवाई होगी। कोर्ट में दायर याचिकाओं में केंद्र सरकार द्वारा कानून में बदलाव करके देश के मुख्य न्यायाधीश को नियुक्ति पैनल से हटाने को चुनौती दी गई है। जस्टिस सूर्यकांत की बेंच ने 12 फरबरी को हुई सुनवाई में याचिका कर्ताओं को ये आश्वासन दिया था कि नये सीईसी की नियुक्ति हो जाने के बाद भी कोर्ट के आदेश या राय का असर हो सकता है। बस पेंच यही फसा है।

क्या से क्या हो जाता है कांग्रेस में

राहुल गांधी की टीम जोर लगाकर नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार की खिलाफत में माहौल बनाती है और हर बार कोई न कोई बुद्धिजीवी कांग्रेस नेता उसकी हवा निकाल देता है। अब मोदी अमरीका गए नए राष्ट्रपति ट्रम्प से मिलने तो कांग्रेस ने ऑफिसियल लाइन लेकर मोदी-ट्रम्प मीटिंग को लेकर तमाम सवाल उठाए और मोदी पर भारत के हितों की रक्षा करने में असफल होने का आरोप लगाया। उधर ट्रम्प ने मोदी को खुद से बेहतर मोल भाव करने वाला वार्ताकार करार दे दिया। विदेश मामलों के बाक़ी न्यूट्रल जानकारों के जैसे ही कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने मोदी की तारीफ़ों के पुल बाँध दिए। थरूर के मुताबिक़ ट्रम्प अपने अलावा यूँ ही किसी की इतनी तारीफ़ नहीं करते। मोदी ने जिस तरह से 'अनप्रेडिक्टेबल' ट्रम्प के साथ द्विपक्षीय मामलो को डील किया है उससे भारत की इज्जत बढ़ी है। उनके मुताबिक ये भारत के लिए गुड न्यूज़ है और वे बेहतर भविष्य के लिए उत्साहित हैं।

चिढ़ गए पाकिस्तान और चीन

प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की मुलाकात ने पाकिस्तान और चीन को झकझोर कर रख दिया है। दोनों देशों की द्विपक्षीय बातचीत के बाद जारी साझा बयान में पाकिस्तान का नाम लेकर आतंकवाद के मामले को उठाया गया है। पाकिस्तान पर बिना किसी लाग लपेट के अपनी जमीन को आतंक फैलाने के लिए इस्तेमाल करने का आरोप लगाया गया है और भविष्य में आतंकवाद को समर्थन नहीं देने की सलाह दी गई है। इसके बाद से पाकिस्तान के नेताओं, फ़ौजियों और डिप्लोमैट्स को चेहरा छुपाने की जगह नहीं मिल रही है। पाकिस्तान विदेश मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान जारी करके अपनी भड़ास निकली है। पाकिस्तान ने कहा कि हमें आश्चर्य है। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ एकतरफा, भ्रामक संयुक्त बयान जारी किया। इधर पाकिस्तान के सबसे बड़े समर्थक चीन ने भी भारत-अमेरिका साझा बयान पर पाकिस्तान का पक्ष लेते हुए कहा कि द्विपक्षीय सहयोग से तीसरे पक्ष को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए। गुटबाजी करके विशेष समूह बनाना और गुटबाजी की राजनीति करना गलत है।

धनखड़ का धाकड़ स्टैंड

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने चुनाव आयुक्त की नियुक्ति से जुड़े कानून पर सुप्रीम कोर्ट में चल रही सुनवाई की बीच हलचल बड़ाने वाला बयान दिया है। राजस्थान के शेखावाटी क्षेत्र के मूल निवासी धनखड़ संसद के भीतर और बाहर अपने बेबाक बयानों से चर्चा में रहते हैं। इस बार निशाना देश की अपैक्स कोर्ट पर है कि कार्यपालिका के आंतरिक कामकाज में कोर्ट का हस्तक्षेप क्यों है। उनके मुताबिक पिछली सरकारों की रीड कमजोर थी और इसी कारण सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई निदेशक सहित कई एजेंसी और संस्थाओं के प्रमुखों की नियुक्ति में सीधा दख़ल देना शुरु कर दिया। उपराष्ट्रपति ने सवाल उठाया है कि सीबीआई निदेशक नियुक्त करने वाले पैनल में भारत के मुख्य न्यायाधीश क्यों शामिल हैं? क्या इसके लिए कोई कानूनी दलील हो सकती है. उन्होंने कहा कि इस तरह के मानदंडों पर पुनर्विचार करने का वक्त आ गया है. उन्होंने भोपाल में राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी में बोलते हुए शक्तियों के विभाजन के सिद्धांतों के उल्लंघन को लेकर गहरी चिंता जताई. सीबीआई निदेशक की नियुक्ति वाले इस पैनल में प्रधानमंत्री और लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता के साथ सीजेआई भी बैठते हैं। और इस पैनल में बहुमत के फ़ैसले के आधार पर सीबीआई प्रमुख की नियुक्ति होती है। सीबीआई के कामकाज के राजनीतिकरण होने के आरोपों के बाद निदेशक की नियुक्ति वाले क़ानून में बदलाव करके नई प्रक्रिया 2013 में यूपीए शासन के दौरान बनी थी और इसके आधार पर ही सीजेआई पैनल के सदस्य बने।

धरियावद कल्याणपुरा मार्ग पर अवेध प्लाटिंग व् लोक न्यूसेंस पर कार्यवाही के निर्देश

धरियावद (हुक्मनामा समाचार)। उपखण्ड अधिकारी एव कार्यपालक मजिस्टेट राकेश कुमार न्यौल के निर्देश पर धरियावद तहसीलदार दीपिका कटारा ने की कार्यवाही धरियावद कल्याणपुरा मार्ग पे रोनक विहार नाम की प्लाटिंग कर साइन बोर्ट नक्शे सहित लगा रखा जिसकी जानकारी अधिकारी द्वारा दी गई जो इस प्रकार हे धरियावद तहसीलदार दीपिका कटारा द्वारा वाद अंतर्गत धारा 177 क रा.टी.एक्ट बाबत कृषि भुमि का गैर कृषि उपयोग होने से मोजा कल्याणपुरा के खाता स.नया 212 पुराना 07 पर अंकित आराजी न् 324 /232 रकबा 1.0800 हेक्टर भुमि पर सोहन बाई पत्नी हरिराम खटीक द्वारा मोके पर साइन बोर्ड लगाकर बुकिंग राशी 5100 रूपये दर्ज कर बोर्ड पर नक्शा लगाया जाकर कुल 83 प्लाटो की प्लानिंग बताई गई है जब की उक्त भुमि राजस्व रिकार्ड में कृषि खातेदार किस्म पड़त थर्ड दर्ज रिकॉड हे इस पर उपखण्ड अधिकारी द्वारा प्रकरण स 01/2025 दर्ज कर उक्त प्रकरण में अंतरिम अस्थाई निषेधाज्ञा जारी की गई जिसमे खातेदार आमजन को प्लाटो का विक्रय कर ठगी का शिकार न् बना दे । एक अन्य मामले में तहसीलदार ने वाद अंतर्गत धारा 152 क बी एन एस एस बाबत लोक न्यूसेंस तेजकरण पिता उदयलाल चौधरी रतन पिता तेजकरण एव ई ओ नगरपालिका धरियावद को पार्टी बना कर मोजा धरियावद के खाता स 1 पर अंकित आराजी न 6रकबा 6.1890 हेक्टर किस्म बिला नाम भुमि पर विपक्षी द्वारा टेक्ट्रर ट्रोली से मलबा डालकर लोक न्यूसेंस किया जा रहा है जिसके प्रकरण स 02/2025 न्यायालय में तुरन्त दर्ज कर उपखण्ड अधिकारी ने जारी किये नोटिस दिनांक 18 02 2025 को विपक्षी से जवाब मागा गया जवाब पेश नही करने पर अथवा जवाब कानून सही नही होने पर की जायेगी कार्यवाही।

युवा दाधीच ने बी पॉज़िटिव एस.डी.पी. डोनेट की

सीसवाली - (हुक्मनामा समाचार)। सीसविली क्षेत्र के कस्बे रायथल के रक्तवीर युवा टीम सदस्य मोहित दाधीच ने बी पाजिटिव एसडीपी डोनेट की।रक्तवीर युवा टीम संस्थापक अध्यक्ष अंकित प्रजापति ने बताया कि निजी अस्पताल में भर्ती किसी मरीज़ को इमरजेंसी में बी पॉज़िटिव एसडीपी की आवश्यकता थी ऐसे में टीम सदस्य मोहित दाधीच ने अग्रवाल ब्लड बैंक पहुंचकर बी पॉज़िटिव एसडीपी डोनेट की।इससे पूर्व भी 10 बार रक्तदान एवं एसडीपी डोनेट कर चुके हैं। इस दौरान रक्तवीर युवा टीम के वरिष्ठतम सदस्य नरेश दाधीच,शुभम पारेता,गोविंद मेघवाल गणेश दाधीच इत्यादि मौजूद रहे।

एक नजर

वंडर सीमेंट लि द्वारा संचालित निःशुल्क कोचिंग के विधार्थियो का सीईटी में चयन'

निम्बाहेडा (हुक्मनामा समाचार)। वंडर सीमेंट लि के सीएसआर नीव इनिशिएटिव के तहत वंडर सीमेंट रूरल डवलपमेंट सेंटर में संचालित नि:शुल्क कक्षाओं के विद्यार्थी रविना बैरवा, भरत बैरवा, विजेश बैरवा, बिंदु बैरवा, कविता जाट, कृष्णा जायसवाल एवं पूजा मेघवाल का सीईटी ग्रेजुएशन लेवल में चयन हुआ है । वंडर सीमेंट लि के यूनिट हेड नितिन जैन ने चयन होने वाले सभी विधार्थियो को शुभकामना देते हुए बताया की वंडर सीमेंट लि द्वारा वर्ष 2012 से ही परियोजना क्षेत्र में शैक्षणिक उन्नयन हेतु निरंतर प्रयास किये जा रहे है जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण है वंडर सीमेंट रूरल डवलपमेंट सेंटर में संचालित कोचिंग कक्षाओं के सभी छात्रों का सीईटी में चयन होना। उल्लेखनीय है की वंडर सीमेंट रूरल डवलपमेंट सेंटर में वर्तमान में भी नि:शुल्क कक्षाओं का संचालन जारी है, जिसमे 'प्रतियोगी परीक्षा रीट, पटवार, ग्राम विकास अधिकारी, राजस्थान पुलिस, बीएसटीसी, सीयूईटी, पीटीईटी के साथ आरबीएससी बोर्ड परीक्षा, नवोदय, एनएमएमएस, एनटीएसई की तैयारी भी गुणवत्ता के साथ करवाई जा रही है एवं समय-समय पर शैक्षणिक सामग्री का वितरण भी नि:शुल्क किया जा रहा है।' युवा अभ्यर्थी इन सभी कोर्स में अध्ययन कर परीक्षा की सम्पूर्ण तैयारी डब्लूसीआरडीसी में अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन में कर सकते है। कक्षाओं से संबंधित 'अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करे विशाल कुमार आलड़िया 9256655226, मनीष कुमार आमेटा 7597902134 ,

को-ऑपरेटिव गोदाम के लिए गंगाराम तेतरवाल बने भामाशाह

पादूकलां (हुक्मनामा समाचार)। समीपवर्ती गांव मेवड़ा व खानपुरा के बीच में भामाशाह तेतरवाल परिवार ने को-ऑपरेटिव वेयरहाउस के लिए जमीन दान दी गई। जमीन पर भूमि पूजनअच्छीनाथ मंदिर के मंहत पीर योगी लक्ष्मणनाथजी महाराज के सानिध्य में किया गया। मेवड़ा धाम के मंहत पीर योगी लक्ष्मणनाथजी महाराज ने जानकारी देते हुए बताया कि भामाशाह गंगाराम तेतरवाल,मोहनराम तेतरवाल ने जमीन कोऑपरेटिव वेयरहाउस के लिए यह दान दी गई। इस दौरान सहकारी समिति के अध्यक्ष पांचाराम धायल, व्यवस्थापक राजेंद्र बाना, सरपंच प्रतिनिधि मोहनराम तेतरवाल द्वारा भूमि पूजन किया गया इस मौके पर अच्छीनाथजी मंदिर के महंत पीर योगी लक्ष्मण नाथ जी महाराज, पंडित सुशील कुमार व्यास भामाशाह गंगाराम तेतवाल, सरपंच प्रतिनिधि मोहन धेतरवाल कोऑपरेटिव सोसाइटी के अध्यक्ष पांचाराम घायल व्यवस्थापक राजेंद्र बाना मोहन राम तेतरवाल, हीराराम चंदेलिया,उममेद सिंह संग्रामराम् बडियासर , लालाराम जांगिड. सुखराम चंदेलिया ,अणदाराम चंदेलिया ,पुनाराम बडियास, सुखाराम ताडा,धुलाराम धायल ,रामवतार वैष्णव, नेमाराम बडियासर, किशना राम माली, शैतान सिंह चारण, भारतसिंह चारण भंवराराम बडियासर,जयनारायण तिवाड़ी भैराराम टेलर, महावीर राम,ताराचंद टेलर, छोटू राम बडियासर, केशाराम धायलऔर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

वार्षिक उत्सव एवं भामाशाह सम्मान समारोह आयोजित, रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां ने मन मोहा

रियांबड़ी (हुक्मनामा समाचार)। राजकीय प्राथमिक संस्कृत विद्यालय भैसड़ा कलां में शनिवार को धूमधाम से वार्षिक उत्सव एवं भामाशाह सम्मान समारोह मनाया गया ।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पीईईओ महेंद्र सिंह फड़ौदा रहे जबकि विशिष्ट अथिति के रूप में प्रधानाचार्य रामगोपाल दाधीच और भामाशाह पारस घांची थे । संस्था प्रधान विजय कुमार दाधीच ने आए हुए सभी मेहमानों का राजस्थानी परंपरा के अनुसार माला व साफा पहनाकर स्वागत और अभिनंदन किया।

उन्होंने सभी अतिथियों को विद्यालय की सभी गतिविधियों से रूबरू करवाया। अध्यापक दिनेश कुमार ने बच्चों के शिक्षण व्यवस्था के बारे में विशेष प्रकाश डाला ।संकुल प्रभारी नरेंद्र वैष्णव ने भी अपने अभिभाषण में बच्चों को संस्कृत के बारे में विशेष ज्ञान का जिक्र किया ।

समस्त स्टाफ साथी और एस एमसी सदस्य मौजूद रहे । इस कार्यक्रम में भामाशाह पारस घांची ने विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं को चरण पादुका के रूप में शूज वितरण करके खूब वाही वाही बटोरी । कार्यक्रम का संचालन अमर चौधरी ने किया । इस अवसर पर रामकिशोर चोयल, हनुमान बाजिया , मनोज सैनी , मनोज कुमावत, मंजूलता गोदारा, ललिता डांगा , चेनाराम भाटी, रामदेव गोदारा , प्रकाश सोनी, चंद्र प्रकाश मंडा, ओमप्रकाश बावरी, रामकिशोर सिंह, सोहन नाथ , बबलूसिंह, पुखराज प्रजापत, किशोर सिंह, पदम नाथ ,गीता देवी ,सरोज कंवर आदि उपस्थित रहे।

राजस्थान की धरा पर आध्यात्मिक चेतना का दिव्य संचार

'निरंकारी यूथ सिम्पोजियम' में युवा ऊर्जा के संग हाडोती के युवाओं ने लिया भाग

बूंदी (हुक्मनामा समाचार)। को आयेजित होने वाले उदयपुर में होने वाले संयुक्त भव्य निरंकारी संत समागम से पूर्व युवाओं को प्रेरित करने और उनकी सकारात्मक ऊर्जा को रचनात्मक दिशा प्रदान करने के उद्देश्य से 14 एवं 15 फरवरी को 'निरंकारी यूथ सिम्पोजियम' का आयोजन किया गया, जिसमें युवा ऊर्जा के संग हाडोती के युवाओं ने सहभागिता करते हुए आध्यात्मिक चेतना का दिव्य संचार आत्मसात किया।

मीडिया सहायक महेश चांदवानी ने बताया कि इस विशेष आयोजन में बूंदी जिले के 50 से अधिक युवा श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लेकर विविध प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को आत्मिक शांति, अनुशासन और प्रेम के मार्ग पर अग्रसित करने का प्रयास किया गया। यह सिम्पोजियम केवल एक कार्यक्रम भर नहीं था, अपितु इसका उद्देश्य युवा पीढ़ी को आध्यात्मिकता से जोड़ते हुए उनमें सेवा, एकता और समर्पण की सच्ची भावना को जागृत करना था। मीडिया सहायक महेश चांदवानी ने बताया कि इस पावन संत समागम में प्रेम, शांति और एकता की दिव्य धारा प्रवाहित होगी, जो संपूर्ण मानवता को आध्यात्मिक जागरण की ओर प्रेरित करेगी। सतगुरु माता जी की दिव्य वाणी से श्रद्धालु भक्त सद्भाव, समर्पण और आत्मिक उत्थान का अमूल्य मार्गदर्शन प्राप्त करेंगे। इस अवसर पर बूंदी ब्रांच सहित राजस्थान, गुजरात, आसपास के क्षेत्रों तथा ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में भक्तजन एकत्रित होकर इस दिव्य महासंगम के साक्षी बनेंगे और सत्संग के मधुर आनंद का रसपान करेंगे।

विकास नगर बालिका स्कूल में वार्षिक उत्सव हुआ संपन्न

बालिका शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं सभी बालिकाएं : डोगरा

बूंदी (हुक्मनामा समाचार)। शहर के विकास स्थित बालिका सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को वार्षिक उत्सव कार्यक्रम पूर्व विधायक अशोक डोगरा के मुख्यातिथ्य और पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष कालू लाल जांगिड़ की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

इस दौरान विशिष्ट अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक राजेंद्र व्यास, पार्षद शांति सोनी, मोडूलाल वर्मा, भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष नूपुर मालव, मीडिया प्रभारी अभिषेक जैन और यूथ क्लब अध्यक्ष हिमांशु जैन भी मंचासीन रहे।

स्कूली छात्राओं ने मनमोहक रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति के दौरान उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओ को अतिथियो ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। पूर्व विधायक डोगरा ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार बालिका शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध राज्य सरकार ने बालिकाओं के लिए जो योजनाएं चला रखी है वह सराहनीय है।

सभी बालिकाएं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं। पार्षद सोनी ने कहा कि विकास नगर बालिका स्कूल जिले का अग्रणी स्कूल है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बालिका शिक्षा पर विशेष जोर दे रही है, सभी बालिकाओं को पढ़ना चाहिए। कार्यक्रम प्रधानाचार्य मनीष जैन ने स्वागत भाषण और प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन अशोक उपाध्याय और देवेंद्र राणावत ने किया व शिक्षक हरिराम मीणा ने आभार जताया। कार्यक्रम के दौरान अध्यापक , अध्यापिकाएं छात्राएं और अभिभावक मौजूद रहे।

भावनगर नगर हरिद्वार रेल सेवा चालु, लोको पायलट व गार्ड का किया स्वागत

छोटीखाटू (हुक्मनामा समाचार)। कस्बे के रेलवे स्टेशन पर भावनगर हरिद्वारा गुरूवार को रवाना होकर छोटीखाटू आने पर लोको पायलट प्रकाश मीणा, सह पायलट नरेन्द्र कुमार व गार्ड रामेश्वर भाटी का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर रेलवे सदस्य आरडी शर्मा, समाज सेवी कपूरचंद बेताला, पूर्व उपसरपंच ताराचन्द धारीवाल, श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथ सभा अध्यक्ष डालमचंद धारीवाल, स्टेशन मास्टर श्रवण बिन्दा, विष्णू सोनी, गोरू सारड़ा, भंवरू महाराज, भंवरसिंह राठौड़ सहित ग्रामीणो ने स्वागत किया। स्टेशन मास्टर ने बताया की इस ट्रेन के 21 टिकट कटे, हरिद्वार, हिंसार, रतनगढ़, सुजानगढ़, डीडवाना की सवारियां छोटीखाटू से रवाना हुई। यह ट्रेन हफते में दो ट्रीप करेगी इस अवसर पर ग्रामीणों ने कहा रेलवे सदस्य अनिल खटेड़, आर डी शर्मा, समाज सेवी कैलाश सारड़ा और समाज सेवी कपूरचंद बेताला द्वारा बार बार केन्द्रीय मंत्री रेल अध्किरियों को पत्र लिखकर अवगत प्रयास करने पर भाव नगर हरिद्वारा ट्रिफ चालु किया गया।

ग्राम पंचायत शेरानी आबाद व मामड़ोदा में फार्मर रजिस्ट्रेशन शिविर कल से

छोटीखाटू (हुक्मनामा समाचार)। निकटवर्ती ग्राम पंचायत शेरानी आबाद व मामड़ोदा में फार्मर रजिस्ट्रेशन शिविर सोमवार से बुधवार तक आयोजित होगें। तहसीलदार नरसिंह चारण छोटीखाटू ने बताया कि उक्त शिविरों में अधिकाधिक जन सहभागिता कर शिविरों का लाभ उठावें। पी एम किसान सम्मान योजना व कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने हेतु सभी किसान भाई अपना रजिस्ट्रेशन करवा कर अपनी किसान आई डी प्राप्त करे। रविवार को दोनों ग्राम पंचायतों म ट्रायल कैम्प भी आयोजित होगा। तहसीलदार चारण ने शिविरों का लाभ उठाने हेतु सभी किसान भाईयों से अपील की जाती है ज्यादा से ज्यादा रजिस्ट्रेशन करवाए।

विद्यार्थियों ने किया माता-पिता का सम्मान

मातृ-पितृ पूजन दिवस का भव्य आयोजन

कोटा (हुक्मनामा समाचार)। भारतीय संस्कृति में माता-पिता को ईश्वर तुल्य सम्मान दिया गया है। इसी परंपरा को सजीव रखते हुए अकलंक उच्च माध्यमिक विद्यालय, रामपुरा में शुक्रवार को प्रात:कालीन सत्र में मातृ-पितृ पूजन दिवस का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में माता-पिता के प्रति आदर, प्रेम और कृतज्ञता की भावना विकसित करना था। **दीप प्रज्वलन और कार्यक्रम का शुभारंभ** कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ दीप प्रज्वलन और मंगलाचरण के साथ किया गया। इस अवसर पर अकलंक विद्यालय एसोसिएशन के अध्यक्ष पीयूष जैन बज, सचिव अनिमेष जैन तथा अन्य गणमान्य पदाधिकारियों ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों के माता-पिता का स्नेहपूर्ण स्वागत किया गया, जिससे वातावरण श्रद्धा और भावनात्मक ऊर्जा से भर गया। **विद्यार्थियों ने किया माता-पिता का सम्मान** प्रधानाचार्या महोदया ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण के रूप में विद्यार्थियों ने अपने माता-पिता का तिलक कर उनके चरण स्पर्श किए और अपने हाथों से बनाए गए हस्त निर्मित कार्ड भेंट किए। बच्चों के इस प्रेमपूर्ण भाव को देखकर अभिभावक भावुक हो उठे और यह दृश्य अत्यंत हृदयस्पर्शी बन गया। इस अवसर पर बच्चों ने गीत, कविता, नाटक, योग और नैतिक मूल्यों पर आधारित नृत्य प्रस्तुत कर भारतीय संस्कृति के मूल्यों को सुदृढ़ किया। विशेष रूप से कक्षा एलकेजी के छोटे विद्यार्थियों ने अपने मासूम अंदाज में मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, जिसने सभी उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से बच्चों ने अपने माता-पिता के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की।

स्कॉर्पियो सवार बदमाशों ने चुराया ट्रैक्टर, ग्रामीणों की मुस्तैदी से दो पकड़े गए

जहाजपुर (हुक्मनामा समाचार)। हनुमान नगर के कुचलवाड़ा गांव में देर रात तीन बदमाशों ने स्कॉर्पियो से आकर एक ट्रैक्टर चुराने की कोशिश की। ट्रैक्टर मालिक रामेश्वर के घर से चोरी कर बदमाश भाग ही रहे थे कि इसी दौरान गांव के एक युवक ने लघुशंका के लिए उठकर चोरी होते देखी और शोर मचा दिया। ग्रामीणों के जागने पर बदमाश स्कॉर्पियो में बैठकर भागने लगे, लेकिन गाड़ी सड़क किनारे रोड़ी में फंस गई। मौके का फायदा उठाकर एक बदमाश फरार हो गया, जबकि दो बदमाशों को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। गुस्साए ग्रामीणों ने दोनों को रस्सी से बांधकर हनुमान नगर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने स्कॉर्पियो की तलाशी ली तो उसमें से कई नंबर प्लेट बरामद हुईं, जिससे चोरी की अन्य वारदातों का भी संदेह गहराने लगा है। ।

अभियुक्त के कब्जे से तीन सिंचाई मोटरें बरामद,घटना में प्रयुक्त वाहन एक मोटरसाइकिल जप्त

रायपुर (हुक्मनामा समाचार)। जिलेके रायपुर पुलिस ने कुओं पर सिंचाई के लिए लगी पानी की मोटरें चोरी करने वाले आरोपी को गिरफतार कर उसके कब्जे से चुराई हुई पानी की तीन सिंचाई मोटरें जप्त करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर ने बताया कि वर्तमान में सभी थानाधिकारियों को अवैध कार्यों को चैकिंग गुण्डा बदमाशान पर सतत निगरानी रखने व रात्रि गश्त के दौरान संपति संबंधी अपराधों की रोकथाम हेतु मुश्तैद रहकर गश्त करने के दिशा निर्देश दे रखे है। जिसकी पालना में दिनांक 15.02.2025 की रात्रि को पुलिस थाना रायपुर की टीम ने ग्रामीणों की सूचना पर तुरन्त कार्यवाही करते हुए मौके पर पहुंच कर ग्रामीणों के सहयोग से एक अभियुक्त लालचन्द भील को गिरफतार कर उसके कब्जे से कुओं पर सिंचाई के लिए लगी पानी की तीन मोटरें व घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। मुलजिम को गिरफतार कर इलाका क्षेत्र में पुर्व में हुई और चोरियों के संबंध मे अनुसंधान किया जा रहा है।

अकलंक कॉलेज ऑफ एजुकेशन के विद्यार्थियों का कॉलेज की पैथोलॉजी लैब का किया भ्रमण

कोटा (हुक्मनामा समाचार)। अकलंक कॉलेज ऑफ एजुकेशन के विद्यार्थियों ने अकलंक विद्यालय एसोसिएशन के अध्यक्ष पीयूष बज एवं सचिव अनिमेष जैन की अध्यक्षता में फैकल्टी सदस्य डॉ. रंजना गुप्ता और डॉ. सोनल सिंह के साथ पीएमसी अमेरिकन अस्पताल, इंद्रविहार की पैथोलॉजी लैब का भ्रमण किया।

इस दौरान विद्यार्थियों को लैब में उपस्थित चिकित्सकों और सहकर्मियों द्वारा विभिन्न प्रकार की जांच प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।

विभिन्न जांचों की जानकारी विद्यार्थियों को बताया गया कि किस प्रकार विभिन्न रोगों के लिए रक्त और ऊतक के नमूने एकत्रित किए जाते हैं और उन्हें विभिन्न प्रक्रियाओं से गुजारकर स्लाइड तैयार की जाती है। इसके बाद माइक्रोस्कोप से नमूनों की जांच कर रिपोर्ट बनाई जाती है। सैंपलिंग के दौरान आवश्यक सावधानियों पर भी विशेष ध्यान देने की आवश्यकता होती है। इस दौरान रक्त परीक्षण की हीमोग्लोबिन, शुगर, लिपिड प्रोफाइल, टी3-टी4-ञ्जस॥ की जांच,बायोप्सी,माइक्रोबायोलॉजी टेस्ट,बैक्टीरिया, वायरस और फंगल संक्रमण की पहचान,मूत्र परीक्षण,किडनी संबंधी समस्याएं, डायबिटीज और संक्रमण की जांच सहित गर्भावस्था परीक्षण गर्भधारण की पुष्टि के लिए मूत्र द्वारा जांच,सीरोलॉजी टेस्ट के अलावा, मूत्र परीक्षण प्रयोगशाला में विद्यार्थियों को मूत्र संग्रह विधि, परीक्षण प्रक्रिया और इससे संबंधित बीमारियों की जानकारी भी दी गई। प्रयोगशाला परिचारिका ने गर्भावस्था परीक्षण किट के उपयोग की प्रक्रिया को भी विस्तार से समझाया।